CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 06-15-2026 22:53 Color:

नई दिल्ली > मंगलवार, 16 जून 2026 > ज्येष्ठ 26 शक संवत 1948 ज्येष्ठ शुक्ल द्वितीया, विक्रम संवत 2083 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 80, संख्या 141 > पेज 16 > मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित www.nbt.in

# NBT नवभारत टाइम्स




स्पेशल कवरेज
देखें पेज 8

**1.20** करोड़ यात्री सालाना करेंगे सफर, 7 करोड़ यात्रियों तक बढ़ेगी क्षमता

**10** उड़ानों की आवाजाही पहले दिन, इनमें 5 टेकऑफ, 5 लैंड हुई।

## नोएडा का टेक-ऑफ




सोमवार सुबह 7:58 बजे लखनऊ से आए विमान की लैंडिंग के साथ नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट से उड़ानों की औपचारिक शुरुआत हुई। जेवर स्थित इस एयरपोर्ट से उम्मीद जगी है कि IGI से भीड़ कम करेगा, पर दिल्ली से कनेक्टिविटी अब भी समस्या है।

Photos: Agency

### किसानों का सम्मान





जिन किसानों ने इस एयरपोर्ट के लिए जमीनें दी, उनमें से 170 ने पहली उड़ान भरी।

ये किसान लखनऊ में यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ से मिले। इनमें 28 महिलाएं थी।






# शुक्र है! अमेरिका और ईरान में हुआ शांति समझौता

## 19 जून यानी शुक्रवार को डील पर जिनीवा में होंगे औपचारिक दस्तखत

■ एपी, वॉशिंगटन/इस्लामाबाद

**अमेरिका और** ईरान के बीच 107 दिनों से जारी जंग को खत्म करने वाला समझौता हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सोमवार रात यह ऐलान किया। ट्रंप ने कहा कि डील पर अभी डिजटल साइन हुए हैं। शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के जिनीवा में इस पर औपचारिक दस्तखत होंगे। उसी दिन समझौते का दस्तावेज सार्वजनिक होगा। होर्मुज का समुद्री गलियारा आंशिक रूप से खुल चुका है। यह पूरी तरह उसी दिन खुलेगा। इस खबर से दुनियाभर में राहत की उम्मीद जगी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि जिनीवा में औपचारिक समझौते की मेजबानी पाकिस्तान कर रहा है। ट्रंप ने कहा कि जेडी वेन्स इसमें हिस्सा लेंगे।

**ट्रंप ने कहा, होर्मुज आंशिक रूप से खुला, शुक्रवार को साइन होते ही पूरा खुलेगा**

ईरान ने कहा कि समझौते के तहत लेबनान सहित सभी मोर्चों पर सोमवार रात से ही हमले थमेंगे। ईरान होर्मुज में बिछाई लैंडमाइंस हटाएगा और 60 दिनों तक किसी जहाज से टोल नहीं लेगा। अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेन्स ने कहा कि हम ईरान को आगे भी टोल नहीं लेने देंगे। लेकिन ईरान टोल वसूलने पर अड़ा है। समझौते पर दस्तखत के बाद 60 दिन तक US और ईरान यूरेनियम समेत सभी विवाद सुलझाने के लिए बातचीत करेंगे। ▸▸ पेज 13

### 14 बातों पर सहमत हुए!

- ईरान, लेबनान समेत सभी मोर्चों पर हमले पूरी तरह रुकेंगे, अमेरिका और इस्राइल कोई नई जंग शुरू नहीं करेंगे
- अमेरिकी नाकाबंदी हटेगी, ईरानी कंट्रोल में होर्मुज फिर से पूरी तरह खुलेगा, ईरानी जहाजों और कारोबार पर से बंदिशें खत्म होंगी।
- जंग से ईरान को नुकसान की भरपाई के लिए 300 अरब डॉलर मिलेंगे, ईरान की जब्त संपत्ति में आधा हिस्सा शुरू में जारी होगा।
- परमाणु हथियार नही बनाएगा ईरान, एनरिच्ड यूरेनियम को भी 60% तक घटाएगा।

AP



**समझौते के ऐलान के बाद...** लेबनान के विस्थापित अपने गांवों की ओर लौटते दिखे। लेबनानी सेना ने कहा कि हालात सुधरे है, लेकिन जोखिम खत्म नही हुआ।

## नाराज़ इस्राइल ने कहा, सेना लेबनान से पीछे नहीं हटेगी



लेबनान में इस्राइल ने बम बरसाए

**इस्राइल ने** अमेरिका-ईरान के बीच प्रस्तावित समझौते पर गहरी नाराजगी जताई है। इस्राइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा कि हमारी सेना साउथ लेबनान से पीछे नहीं हटेगी। वहीं, इस्राइली राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतमार बेन ग्वीर ने कहा कि हम अमेरिका के गुलाम नहीं है। इस्राइल आजाद देश है और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप का समझौता इस्राइल पर लागू नहीं होता।

### राहत की आशा

## टिकाऊ समझौते की उम्मीद: PM

**शांति समझौते** के राजीनामे से दुनिया ने राहत की सांस ली है। भारत समेत कई देशों ने इस सहमति का स्वागत किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव से दुनियाभर में गंभीर आर्थिक दिक्कतें आई हैं। कई देशों में जानें गई हैं। उम्मीद है कि इस सहमति को लागू करने से इलाके में शांति और स्थिरता वापस लाने में मदद मिलेगी। आवाजाही और व्यापार की आजादी तय होगी। बचे मुद्दों पर बातचीत से टिकाऊ समझौते पर पहुंचने की उम्मीद करते हैं।



### कच्चा तेल 5% गिरा

समझौते की उम्मीद में कच्चे तेल की कीमतें 3 महीने के निचले स्तर पर आ गई। ब्रेंट क्रूड 83 डॉलर/बैरल से नीचे आ गया।

### शेयर बाज़ार चढ़े

सेंसेक्स-निफ्टी समेत एशिया के बड़े शेयर बाजारों में बड़ा उछाल दिखा। ज्यादातर यूरोपीय और अमेरिकी बाज़ार भी बढ़कर खुले।

### रुपया 60 पैसे बढ़ा

अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 60 पैसे मजबूत हुआ। सोमवार शाम यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.58 पर बंद हुआ। ▸▸ पेज 15

### GOAL FIFA वर्ल्ड कप

**आज के मैच**

ईरान Vs न्यूजीलैंड
सुबह 6:30 बजे से

फ्रांस Vs सेनेगल
देर रात 12:30 बजे से

इराक Vs नॉर्वे
तड़के 3:30 बजे से

**कल के नतीजे**

जर्मनी 7: 1 कुरासाओ
नीदरलैंड्स 2 : 2 जापान
आइवरी कोस्ट 1 : 0 इक्वाडोर
स्वीडन 5 : 1 ट्यूनीशिया

प्रसारण: जी5 और यूनाइट 8 स्पोर्ट्स नेटवर्क ▸▸ देखें पेज 14

### हैपी मॉर्निंग

**मरीज:** पर्चे में ये दवा कौन सी है?
**डॉक्टर:** मैं तो पेन चलाकर देख रहा था कि चल रहा है या नहीं!!

### ₹ अर्थसार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76,264.33 (+736.38) |
| निफ्टी | 23,853.90 (+231) |
| रु/यूएस डॉलर | 94.67 (-0.70) |
| रु/यूरो | 109.91 (-0.44) |

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

### सर्राफा

**सोना स्टैंडर्ड** (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम
दिल्ली ₹1,59,400 (+2,500)
**चांदी .999 टंच प्रति किलो**
दिल्ली ₹2,60,700 (+5,000)

स्रोत: ऑल इंडिया सर्राफा असोसिएशन

### मौसम

न्यूनतम तापमान 28.2°
37.5° अधिकतम तापमान
सूर्यास्त 7:20 मंगलवार | सूर्योदय 5:23 बुधवार

आज से मौसम शुष्क हो जाएगा। नमी भरी गर्मी रहेगी।

# दिल्ली में आबादी 2.30 करोड़ आंकी गई, परिवार 61% बढ़े

File



जनगणना-2027 के पहले चरण में 54.98 लाख परिवार मिले हैं।

Brijesh.Singh
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** जनगणना-2027 का पहला चरण दिल्ली में पूरा हो गया है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, डेढ़ दशक में राजधानी में घरों, दुकानों और अन्य भवनों की संख्या 65% बढ़ी है। यह पहले 46.05 लाख थे जो बढ़कर 75.98 लाख हो गए हैं। परिवारों की संख्या 61.36% बढ़ी है। ये 34.07 लाख से बढ़कर 54.98 लाख हो गए हैं। दिल्ली की आबादी करीब 2.30 करोड़ आंकी गई है। जनगणना का दूसरा चरण मार्च 2027 में होगा।

**घर, दुकान और अन्य भवन 65% बढ़े, 75.98 लाख हुए**

पहले चरण में साउथ वेस्ट जिले में सबसे अधिक 8.20 लाख घर, दुकानें और अन्य भवन दर्ज किए गए, जहां 6.25 लाख परिवार रहते हैं। वहीं नॉर्थ ईस्ट जिले में 8.04 लाख भवन और 6.13 लाख परिवार मिले। हालांकि 29 लाख से अधिक आबादी के साथ नॉर्थ ईस्ट जिला सबसे अधिक आबादी वाला जिला रहा। सबसे कम घर 1.02 लाख नई दिल्ली जिले में मिले हैं। ▸▸ पेज 2

### दो युवक हिरासत में

## कॉकरोच पार्टी के फाउंडर से मारपीट

■ **पीटीआई, जयपुर:** कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) ने सोमवार को जयपुर में प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ लोगों ने पार्टी के संस्थापक अभिजीत दिपके को कथित तौर पर थप्पड़ मारे। घटना उस समय हुई जब समर्थकों ने दिपके को कंधे पर उठा रखा था। दो युवकों को हिरासत में लिया गया है। दिपके ने कहा, हमला हमारे आंदोलन को बाधित करने की कोशिश का हिस्सा है। ▸▸ पेज 10



दिपके

## अधूरी सड़क पर हादसा, गड्ढे में गिरे बाइक सवार की मौत

■ **NBT न्यूज, दनकौर/बल्लभगढ़:** हरियाणा-यूपी को जोड़ने वाले मंझावली यमुना पुल के आगे अधूरी सड़क पर रविवार रात हुए हादसे में फरीदाबाद के अतुल कुमार जोशी (45) की मौत हो गई। वह बाइक से ग्रेटर नोएडा जा रहे थे, तभी अंधेरे में अधूरी सड़क और गड्ढे का अंदाजा नहीं लगने से बाइक गिर गई। घायल अतुल पूरी रात वहीं पड़े रहे। सोमवार सुबह उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। ▸▸ पेज 2

**हरियाणा और यूपी को जोड़ने वाले मंझावली पुल की घटना**

### SC से राहत नहीं

## 'RTI एक्टिविज़म बिज़नेस बन गया'

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सड़क निर्माण कार्य में सरकारी कर्मचारी के काम में बाधा डालने के आरोपी एक RTI कार्यकर्ता और उनके सहयोगी को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अपनी टिप्पणी में कहा कि RTI एक्टिविजम अब नया कारोबार बन गया है। बेंच ने सड़क निर्माण की निगरानी करने के उनके अधिकार पर भी सवाल उठाए।



**फैसला पलटा...** सिंधु घाटी सभ्यता की मशहूर प्रतिमा पर बदला NCERT का रुख

# किताबों में फिर दिखेगा मोहनजोदड़ो की 'डांसिंग गर्ल' का मूल स्वरूप

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** सिंधु घाटी सभ्यता की सबसे मशहूर ऐतिहासिक धरोहरों में से एक- 'डांसिंग गर्ल' की मूर्ति को लेकर छिड़े विवाद के बीच अब यह तय किया गया है कि NCERT की किताब में मूर्ति का मूल स्वरूप ही प्रकाशित किया जाएगा। NCERT ने अपनी क्लास 9 की नई किताब में मोहनजोदड़ो की मशहूर 'डांसिंग गर्ल' (नर्तकी की मूर्ति) की तस्वीर में किए गए बदलाव को वापस लेने का फैसला किया है। सूत्रों का कहना है कि मंगलवार तक किताब की सॉफ्ट कापी में यह बदलाव हो जाएगा। डिजिटल रूप में किताब में डांसिंग गर्ल का मूल स्वरूप ही नजर आएगा।



'डांसिंग गर्ल' का मूल स्वरूप।



NCERT ने तस्वीर छापी।

### प्रतिमा का धड़ ढकने पर उठे थे सवाल

**'डांसिंग गर्ल'** प्रतिमा करीब चार हजार वर्ष पुरानी मानी जाती है। इतिहास और पुरातत्व से जुड़ी किताबों में इसे अक्सर मूल स्वरूप में प्रकाशित किया जाता है। हालांकि NCERT की नई किताब में प्रकाशित तस्वीर में प्रतिमा के धड़ (टॉर्सो) वाले हिस्से को छायांकित या ढका हुआ दिखाया गया है, जिसको लेकर सवाल उठाए गए।




CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 06-16-2026 00:11 Color:










साउथ वेस्ट में मिलीं सबसे अधिक, 8.20 लाख प्रॉपर्टीज

सबसे कम संपत्तियां नई दिल्ली इलाके में, 1.02 लाख दर्ज

दिल्ली में बढ़ा निर्माण, 16 साल में

# 65% बढ़ गई घरों, दुकानों की संख्या

Brijesh.Singh
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** जनगणना-2027 के पहले चरण के शुरुआती आंकड़े बताते हैं कि राजधानी में बीते डेढ़ दशक में आवासीय और कमर्शल संपत्तियों में 65 फीसदी का इजाफा हुआ है। आंकड़ों के मुताबिक, दिल्ली में नंबर ऑफ सेंसस हाउस की संख्या 75.98 लाख है, जो 2011 में 46.05 लाख थी। इसमें आवासीय और कमर्शल दोनों तरह की संपत्तियां शामिल हैं। इससे दिल्ली की डेमोग्राफी में बदलाव नजर आया है।

NBT 2 मिनट में पढ़ें



जनगणना-2027 के पहले चरण के शुरुआती आंकड़े दे रहे जानकारी

आंकड़ों के मुताबिक, बाहरी दिल्ली के इलाकों में घरों और आबादी, दोनों की संख्या तेजी से बढ़ी है। यही वजह है कि बाहरी दिल्ली के सिर्फ तीन जिलों में ही एक तिहाई से अधिक सेंसस हाउस मिले हैं। साउथ वेस्ट में कुल 8.20 लाख, वेस्ट में 8.02 लाख और नॉर्थ वेस्ट में 6.25 लाख संपत्तियों की गणना की गई है। इन तीनों जिलों में कुल 16.80 लाख से अधिक परिवार रहते हैं।

इसके अलावा नॉर्थ ईस्ट में कुल 8.04 लाख संपत्तियों की गणना की गई है, जहां 6.13 लाख परिवार रहते हैं, लेकिन यहां की आबादी सबसे ज्यादा 29 लाख से अधिक है। सबसे कम संपत्तियां नई दिल्ली डिस्ट्रिक्ट यानी एनडीएमसी इलाके में 1.02 लाख मिली हैं, जहां 63,050 परिवार रहते हैं।

दिल्ली का कुल क्षेत्रफल 1,483 वर्ग किलोमीटर है। जनगणना-2027 के आंकड़ों के मुताबिक, कुल 75.98 लाख आवासीय और कमर्शल परिसर मिले हैं। यानी प्रति वर्ग किलोमीटर करीब 5,124 घर या दुकान मौजूद हैं। 2011 में यह संख्या करीब 3,105 थी। यानी पिछले डेढ़ दशक में प्रति वर्ग किलोमीटर औसतन 2,019 नई आवासीय या कमर्शल संपत्तियां बढ़ी हैं।

## किस जिले में कितनी प्रॉपर्टी

| डिस्ट्रिक्ट | संपत्तियों की संख्या | हाउसहोल्ड (परिवार) |
|---|---|---|
| नई दिल्ली | 1,02,706 | 63,050 |
| ओल्ड दिल्ली | 2,96,196 | 1,63,785 |
| सेंट्रल | 3,59,383 | 2,44,816 |
| सेंट्रल नॉर्थ | 3,81,428 | 2,73,669 |
| नॉर्थ | 5,45,533 | 3,98,447 |
| आउटर नॉर्थ | 7,21,732 | 4,35,631 |
| साउथ | 6,79,007 | 5,34,212 |
| नॉर्थ वेस्ट | 6,25,088 | 4,65,586 |
| ईस्ट | 7,52,169 | 5,47,461 |
| साउथ ईस्ट | 7,07,660 | 5,43,412 |
| वेस्ट | 8,02,589 | 5,89,210 |
| साउथ वेस्ट | 8,20,529 | 6,25,453 |
| नॉर्थ ईस्ट | 8,04,962 | 6,13,828 |
| कुल | 75,98,982 | 54,98,560 |

## 2027 के मार्च में दूसरा चरण



**दिल्ली में** पहले चरण की जनगणना पूरी हो चुकी है। दूसरे चरण का काम अगले साल मार्च में होगा। पहले चरण में 33 सवालों के जरिए घरों की संख्या, उनमें रहने वाले परिवारों और उपलब्ध सुविधाओं से जुड़े आंकड़े जुटाए गए हैं। वहीं, दूसरे चरण में आबादी, शिक्षा, पेशा, उम्र समेत अन्य जानकारियां जुटाई जाएंगी। इसके बाद जनगणना की फाइनल रिपोर्ट जारी की जाएगी।

# अलग-अलग ज़ोन में 14 प्रॉपर्टीज़ तोड़ीं, 25 सील





सनलाइट कॉलोनी और जाकिर नगर ओखला में MCD का ऐक्शन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**अवैध निर्माण** के खिलाफ सोमवार को एमसीडी ने अलग अलग जोनों में 14 प्रॉपर्टीज पर डिमोलेशन एक्शन लिया, जबकि अवैध रूप से बनी 25 प्रॉपर्टी के खिलाफ सीलिंग एक्शन लिया गया। अब तक एमसीडी 217 प्रॉपर्टी को तोड़ चुकी है और 237 प्रॉपर्टी को सील किया जा चुका है। 330 प्रॉपर्टी ऐसी हैं, जिन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है, जबकि 151 प्रॉपर्टी को सीलिंग के लिए कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

**151 प्रॉपर्टीज को नोटिस जारी किया**

एमसीडी ने सोमवार को सनलाइट कॉलोनी, जाकिर नगर ओखला और न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी सहित अलग अलग जोनों में 14 प्रॉपर्टी में तोड़फोड़ की। वहीं कई प्रॉपर्टी बहुत ही संकरी गली में बनाई जा रही थी। इसी प्रॉपर्टी पर पहले हथौड़े से लिंटर को तोड़ा गया। इसके बाद गैस कटर की मदद से लिंटर को काटकर नीचे लटका दिया गया। इस दौरान पुलिस फोर्स का बंदोबस्त किया गया था। एमसीडी अधिकारियों का कहना है कि अभी तक जिन प्रॉपर्टी को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए हैं उन्हें दिए गए समय के भीतर जवाब दाखिल करना होगा। अगर जवाब संतोषजनक नहीं मिलता है तो बुलडोजर एक्शन होना तय है।

## महानगर में आज

**सुरों की शाम**



इंडिया हैबिटेट सेंटर में शास्त्रीय संगीत, स्टाइन ऑडिटोरियम, लोदी रोड, शाम 7 बजे से। राहुल कुमार मिश्रा के तबला वादन और अदनान खान के सितार वादन का आनंद आज सुर प्रेमी उठा सकेंगे।

**हुनर के नाम**

बीकानेर हाउस में आर्ट एग्जिबिशन 'इमर्जिंग विजंस', मेन गैलरी, पंडारा रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स की इस स्टूडेंट आर्ट एग्जिबिशन में जिंदगी के कई भाव और रंग नजर आएंगे।

**धारणा के समानांतर**



त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'पैरलल्स ऑफ परसेप्शन', श्रीधरनी आर्ट गैलरी, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। नताशा जैनी, ऋतु अग्रवाल, शिखा गुप्ता, गीतांजलि कश्यप, ऋतु सिंह पांडे की पेंटिंग्स के साथ आर्टवर्क देखे जा सकते हैं।

**गूंज**

इंडिया हैबिटेट सेंटर में आर्ट एग्जिबिशन 'द साइलेंट इकोज', कन्वेंशन सेंटर फॉइअर, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। कलाकारा राखी कुमार की इस एग्जिबिशन का आनंद आज कला प्रेमियों के बीच होगा।

सिटी में हो रहे इवेंट्स की जानकारी हमें भेजें nbtreader@timesofindia.com पर


राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
शिक्षा निदेशालयः निजी स्कूल शाखा (पीएसबी)
पुराना सचिवालय, दिल्ली -110054.

सार्वजनिक सूचना

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए शिक्षा निदेशालय, दिल्ली नगर निगम (MCD) तथा नई दिल्ली नगर परिषद (NDMC) के निजी गैर-सहायता मान्यता प्राप्त स्कूलों में रिक्त सीडब्ल्यूएसएन (CWSN) सीटों के हेतु प्रवेश स्तर (अर्थात नर्सरी/केजी/कक्षा-1) पर सीडब्ल्यूएसएन (CWSN) श्रेणी के छात्रों के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया के लिए आवेदन एक बार फिर से 16.06.2026 से 30.06.2026 तक खोल दिए गए हैं। लिंक और परिपत्र शिक्षा निदेशालय, जीएनसीटीडी की आधिकारिक वेबसाइट www.edudel.nic.in & ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रवेश पोर्टल www.ewsadmissions.delhi.gov.in पर उपलब्ध है।

उप शिक्षा निदेशक (PSB)

DIP/Shabdarth/Classified/0111/26-27



कार्यालय अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, चम्बल मण्डल मुरैना (म0प्र0)
(चम्बल भवन IInd फ्लोर ए.बी. रोड़ मुरैना ई-मेल- sereschambal@mp.gov.in)

क्र./ 541/ ग्रा.या.से. /तक /26 // प्रेस विज्ञप्ति // मुरैना दिनांक : 03/06/2026

संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 03 /2026-27

निम्नलिखित कार्यो की ऑनलाईन प्रतिशत दर निविदायें लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीकृत पद्धिति से पंजीकृत सक्षम ठेकेदारों से दो **कवर पद्धिति** में ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभागीय कार्यालय | टेण्डर आई.डी. | कार्य का प्रकार | कार्यो की संख्या | निर्माण कार्यो की अनुमानित (पी.ए.सी.) लागत (लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | कार्यापालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग श्योपुर | 2026_RES_507835 | प्राथमिक विद्यालय जाखदा भवन निर्माण कार्य विद्युत एवं सेनिटरी फिटिंग सहित ग्राम व ग्राम पंचायत जाखदा जनपद पंचायत कराहल जिला श्योपुर | 1 | 35.31 |
| 2 | | 2026_RES_507836 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल ढोढर में 03 प्रयोगशाला कक्ष एवं 03 अतिरिक्त कक्ष, निर्माण कार्य विद्युत फिटिंग सहित ग्राम व ग्राम पंचायत ढोढर ज.पं. श्योपुर | 1 | 69.24 |
| 3 | | 2026_RES_507837 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल मानपुर में 03 प्रयोगशाला कक्ष एवं 03 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य विद्युत फिटिंग सहित ग्राम व ग्राम पंचायत मानपुर जनपद पंचायत श्योपुर | 1 | 69.24 |
| 4 | | 2026_RES_507839 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल दांतरदा में 03 प्रयोगशाला कक्ष विद्युत फिटिंग सहित ग्राम व ग्राम पंचायत दांतरदा जनपद पंचायत श्योपुर | 1 | 35.14 |
| 5 | | 2026_RES_507841 | शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल रघुनाथपुर में 03 प्रयोगशाला कक्ष एवं 01 अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य विद्युत फिटिंग सहित ग्राम व ग्राम पंचायत रघुनाथपुर जनपद पंचायत विजपुर जिला श्योपुर | 1 | 48.88 |

उपरोक्त निविदाओं के निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट), वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगें। निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनांक 17.06.2026 समय-10.00 बजे से प्रारंभ होकर, निविदा प्रपत्र क्रय एवं ऑन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 04.07.2026 समय-18.00 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत निविदा सूचना व अन्य जानकारी वेब साईट पर देखी जा सकती है। संशोधन संबंधी सूचनाएं उपरोक्त बेवसाईट पर दी जावेगी।

Sd/-
(एस.एस.डावर)
अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा चम्बल मण्डल मुरैना (म0प्र0)

''पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार''

G-14418/26


हौज़ रानी अग्निकांड में लोगों की जान बचाने वाले रोहित अब खुद मदद के इंतज़ार में

# 'लोगों को बचाने में कमर टूटी...अब रोटी का संकट'

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

**हौजरानी स्थित** होटल अग्निकांड में लोगों की जान बचाने वाले 32 साल के रोहित आज खुद मदद के इंतजार में हैं। लोगों की जान बचाने वाले रोहित की कमर पहली मंजिल से कूदने के दौरान टूट गई थी। डॉक्टरों ने उनकी कमर में दो रॉड डाली हैं। वह चल-फिर नहीं पा रहे हैं। परिवार के सामने अब दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। मूलरूप से बिहार के रहने वाले रोहित परिवार के साथ खिड़की एक्सटेंशन में किराये के मकान में रहते हैं। परिवार में पत्नी लक्ष्मी, बहन रेनू और दो बेटे आदर्श (13) और ओम (9) हैं। रोहित फ्लोरिश स्टे बीएंडबी में दो साल से काम कर रहे थे।



कमर में दो रॉड डलने की वजह से बेड रेस्ट पर है रोहित

एनबीटी से बातचीत के दौरान रोहित ने भयावह तस्वीर बयां की। उन्होंने बताया कि हादसे के वक्त वह होटल के किचन में बर्तन धो रहे थे। उसी दौरान शेफ केसर सिंह नेगी एयर फ्रायर चालू कर रहे थे, मैनेजर रूपेश भी वहीं मौजूद था। अचानक एयर फ्रायर से आग की लपटें उठने लगीं। मैनेजर ने कहा कि ऊपर जाकर गीला तौलिया लेकर आओ। मैं पहली मंजिल पर भागकर गया और तौलिया लेकर आया। हमने मिलकर आग बुझाने की कोशिश की। फायर एक्सटिंग्विशर का भी इस्तेमाल किया, लेकिन आग तेजी से फैलती गई। इसी दौरान उन्हें याद आया कि होटल के दो कर्मचारी, राज और कुंदन पहली मंजिल के कमरे में बिस्तर ठीक कर रहे हैं। उन्हें बचाने के लिए ऊपर पहुंचे, लेकिन तब तक पूरे फ्लोर में धुआं भर चुका था।

**रोहित बताते हैं, 'अब बच्चों को खिलाने के लिए पैसे भी नहीं हैं'**

रोहित की आवाज भर्रा जाती है। वह कहते हैं, मैं नीचे नहीं आ पा रहा था। मुझे लगा कि अब हम नहीं बचेंगे। मैंने जोर-जोर से 'आग-आग' चिल्लाना शुरू किया और बाथरूम में चला गया। वहां की खिड़की का शीशा बहुत मजबूत था। मैंने बाल्टी से शीशा तोड़ा और पहले राज और कुंदन को नीचे कूदने के लिए कहा। दोनों नीचे कूद गए।

जब वह खुद कूदने लगे तो उनके पैर में शीशा घुस गया और खून बहने लगा। डर और धुएं के बीच उन्होंने पहली मंजिल से छलांग लगा दी। अस्पताल में डॉक्टरों ने उनकी कमर में दो रॉड डालीं। कुछ दिन इलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया, लेकिन अब वह बिस्तर से उठने में भी असमर्थ हैं।

### 'तीन दिन तक भूखा रहा मेरा परिवार'

**रोहित कहते हैं कि** मैं चाहता तो खुद जान बचाकर भाग सकता था, लेकिन लोगों को बचाना जरूरी समझा। आज मैं अपाहिज हो गया हूं। सरकार सबको मदद दे रही है, लेकिन मुझसे मिलने कोई नही आया। पत्नी घरों में साफ-सफाई का काम करती थीं, लेकिन उनकी देखभाल के कारण उनकी नौकरी भी छूट गई। रोहित बताते हैं कि 10 जून को घर लौटने के बाद परिवार तीन दिन तक भूखा रहा। एक एनजीओ वाली दीदी को तरस आया। वही पिछले कई दिनों से खाना खिला रही हैं। रोहित की आंखों में आंसू हैं। वह कहते हैं, मकान का किराया नही दे पाया हूं। बच्चों के खाने के पैसे नही हैं। अगर मैं ठीक होता तो कभी मदद नही मांगता। साहब, बस मेरे परिवार की मदद कर दीजिए।

# अंधेरे में नहीं दिखा रास्ता, गड्ढे में गिरी बाइक, मैनेजर की मौत

## फरीदाबाद से नोएडा की ओर जाते वक्त हादसा



इसी गहरे गड्ढे में रातभर पड़े रहे अतुल



मंझावली यमुना पुल पर न बैरिकेड लगे हैं, न ही सूचना बोर्ड

■ NBT न्यूज, फरीदाबाद

**हरियाणा और** उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले मंझावली यमुना पुल का अधूरा निर्माण एक बार फिर जानलेवा साबित हुआ। रविवार देर रात एनआईटी-1 निवासी एक अस्पताल मैनेजर ग्रेटर नोएडा की ओर जा रहे थे, तभी पुल के आगे बनी अधूरी सड़क और गहरे गड्ढे का अंदाजा नहीं लगने से उनकी बाइक उसमें जा गिरी। गंभीर रूप से घायल मैनेजर पूरी रात गड्ढे में पड़े रहे। सोमवार सुबह स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने उन्हें बाहर निकालकर जिम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद अधूरे निर्माण और सुरक्षा इंतजामों को लेकर स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी है।

**गड्ढे में पूरी रात तड़पते रहे, सुबह ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी**

**हेलमेट का शीशा नाक में घुसने से ब्लीडिंग:** मूल रूप से फरीदाबाद के एनआईटी-1 क्षेत्र के रहने वाले अतुल कुमार जोशी (45 वर्षीय) एक आई केयर अस्पताल में मैनेजर थे। रविवार रात वह अपनी बाइक से मंझावली पुल के रास्ते ग्रेटर नोएडा की ओर जा रहे थे। बताया जा रहा है कि पुल के आगे सड़क निर्माण का कार्य अभी अधूरा है। रात के घने अंधेरे में उन्हें यह अंदाजा नहीं हो सका कि आगे रास्ता बंद है, जिससे उनकी बाइक सीधे एक गहरे गड्ढे में जा गिरी। दनकौर पुलिस के अनुसार, हादसे के वक्त हेलमेट का शीशा टूटने से उनकी नाक पर गंभीर चोट आई थी। अत्यधिक रक्तस्राव होने के कारण समय पर इलाज न मिलने से उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर तिगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंची और बाइक के रजिस्ट्रेशन नंबर के जरिए मृतक की पहचान की गई। थोड़ी ही देर में परिजनों को सूचना दी गई।

# रंगदारी नहीं देने पर गोलियां बरसाईं, कारोबारी की मौत

Photos : Surender Kumar

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**दयालपुर थाना** क्षेत्र स्थित नेहरू विहार में सोमवार शाम आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और कारोबारी मोहम्मद राशिद (40) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बदमाशों ने घर के पास स्थित उनके आरओ प्लांट के बाहर बेहद नजदीक से ताबड़तोड़ फायरिंग की। पुलिस के अनुसार, सोमवार शाम 6:10 बजे स्कूटी पर सवार तीन बदमाश नेहरू विहार पहुंचे और राशिद पर 12 से 15 राउंड गोलियां चला दीं। राशिद के सिर, चेहरे और सीने में करीब 10 गोलियां लगीं। गोलीबारी के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।



मोहम्मद राशिद

गोली चलने की आवाज सुनकर परिजन और लोग मौके पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल राशिद को तुरंत GTB अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही नॉर्थ-ईस्ट जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। क्राइम टीम और FSL की टीम ने साक्ष्य जुटाए।

**15 राउंड फायरिंग से दहला नेहरू विहार, हमलावर फरार**

परिजनों का आरोप है कि राशिद से लंबे समय से रंगदारी मांगी जा रही थी। उनका कहना है कि करीब छह महीने पहले भी घर के पास ही उन पर आठ से 10 राउंड फायरिंग की गई थी, लेकिन तब वह बाल-बाल बच गए थे।



नेहरू विहार में जांच में जुटी पुलिस

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, कुख्यात बदमाश राजा मेवाती उर्फ अक्की डॉन राशिद से रंगदारी मांग रहा था। हालांकि, 26 मई को खजूरी में अक्की डॉन की हत्या हो चुकी है। ऐसे में पुलिस को आशंका है कि राशिद की हत्या के पीछे उसके गिरोह का हाथ हो सकता है। पुलिस के अनुसार, राशिद नेहरू विहार की गली डी-2 में परिवार के साथ रहते थे। उनके परिवार में माता-पिता, पांच भाई, पत्नी और पांच बच्चे हैं। राशिद आरओ प्लांट चलाने के साथ-साथ ऑटो और ई-रिक्शा के बड़े कारोबारी थे। उन्होंने भारत टैक्सी ऑटो की एजेंसी भी ले रखी थी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हत्या का मामला दर्ज कर जांच के लिए कई टीमें गठित की गई हैं। पुलिस सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## बीटेक-बीआर्क के लिए 25000 आवेदन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली के 5 इंजिनियरिंग इंस्टिट्यूट में पहले राउंड के दाखिले के लिए रिजल्ट जारी हो चुका है। इसके आधार पर DTU, IGDTUW, IIITD, नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नलॉजी और दिल्ली स्किल एंड आंत्रप्रेन्योरशिप यूनिवर्सिटी (DSEU) में एडमिशन शुरू होंगे। दिल्ली सरकार के इन पांच यूनिवर्सिटी/इंस्टिट्यूट की जॉइंट काउंसलिंग के लिए करीब 25 हजार स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है। बीटेक और बीआर्क की 7855 सीटों पर दाखिले होंगे। 17 जून से दाखिले शुरू होंगे।

## डीयू : पीजी की पहली लिस्ट जारी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** दिल्ली यूनिवर्सिटी ने अपने पोस्टग्रैजुएट कोर्सेज के लिए पहले राउंड में 11548 सीटें अलॉट की हैं। सोमवार रात 74 पीजी कोर्स के लिए एडमिशन ब्रांच ने सीयूईटी पीजी के स्कोर पर सीटें अलॉट की। अकैडमिक सेशन 2026-27 के लिए डीयू करीब 13500 (नॉन कॉलिजिएट वुमंस एजुकेशन बोर्ड - NCWEB समेत) सीटों पर दाखिला करेगा। CSAS के जरिए स्टूडेंट्स 17 जून तक सीट 'एक्सेप्ट' कर सकते हैं।

## दाखिले से पहले मिरांडा में कैंपस टूर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** अकैडमिक सेशन 2026-27 में दाखिले शुरू होने से पहले दिल्ली यूनिवर्सिटी के मिरांडा हाउस ने 12वीं पास छात्राओं को ओपन हाउस सेशन और कैंपस टूर के लिए बुलाया है। मिरांडा हाउस की प्रिंसिपल प्रो बिजयलक्ष्मी नंदा ने कहा कि कॉलेज को छात्राओं का स्वागत करने और उनके भविष्य से जुड़े फैसलों में मार्गदर्शन देने की खुशी होगी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH03 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 06-15-2026 21:19 Color:

vedanta
transforming for good

# एक ऐतिहासिक शुरुआत।
# चार लिस्टिंग्स।
# अनंत संभावनाओं की ओर।

| vedanta aluminium | vedanta oil & gas | vedanta power | vedanta iron & steel |
|---|---|---|---|
| BSE: 544780 | BSE: 382914 | BSE: 544781 | BSE: 544784 |
| NSE: VAML | NSE: VOGL | NSE: VEDPOWER | NSE: VISL |

**अब बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (BSE) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (NSE) पर लिस्टेड**

भारतीय कैपिटल मार्केट के 150 साल के इतिहास में एक बड़ी उपलब्धि।
फोकस्ड ग्रोथ, ऑपरेशनल एक्सीलेंस और शेयरहोल्डर वैल्यू बनाने का एक नया दौर।




हम सरकार, अपने पार्टनर्स, कस्टमर्स, शेयरहोल्डर्स, कर्मचारियों, परिवारों और समुदायों का इस शानदार सफ़र का हिस्सा बनने के लिए धन्यवाद करते हैं। आइए, मिलकर भारत के कल को बेहतर बनाते रहें।



**अनिल अग्रवाल, चेयरमैन**



PTI

## धूप के बाद आंधी-बारिश, मौसम ने दिखाए कई रंग

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सोमवार को सुबह की शुरुआत तेज आंधी और बौछारों के साथ हुई। इसके बाद तेज धूप निकल आई। दोपहर में फिर काले बादल छा गए और कई जगहों पर तेज आंधी के साथ हल्की बारिश हुई। इसके बाद धूप निकलने से उमस हो गई। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को दोपहर के समय हल्की बारिश और आंधी आने की संभावना है। अधिकतम तापमान 38 डिग्री और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री तक रह सकता है।

- मंगलवार को हल्की बारिश और आंधी की संभावना
- कल से मौसम रहेगा सूखा, तापमान 40 डिग्री पार पहुंचेगा

सबसे तेज आंधी पालम में आई। हवा की रफ्तार 93 किलोमीटर प्रति घंटे रही। पूसा में 78 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। सफदरजंग में 0.2 एमएम, पालम में 10.3 एमएम, लोदी रोड में 0.2 एमएम, आया नगर में 5.2 एमएम, पीतमपुरा में एक एमएम, पूसा में 5 एमएम, मयूर विहार में 1.5 एमएम, छतरपुर में एक एमएम और जनकपुरी में एक एमएम बारिश दर्ज की गई।

### लोगों का आरोप, DJB में शिकायत करके थक गए, नहीं हो रही कोई कार्रवाई

# कहीं 4 तो कहीं 15 दिन से नहीं आया पानी

Sudama.Yadav
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: हरियाणा से कुछ पानी मिलने के बाद भी दिल्ली में पानी की किल्लतें दूर नहीं हो पाई हैं। लोगों की शिकायत है कि किसी एरिया में पानी आ भी रहा है तो इतना गंदा और बदबूदार है कि उसे कोई पी नहीं सकता। लोगों का कहना है कि इतनी गर्मी में कब तक कोई पानी खरीद कर पीए। सिर्फ पीने के लिए नहीं, नहाने, कपड़ा धोने और खाना बनाने के लिए भी पानी चाहिए।

NBT 3 मिनट में पढ़ें

किराड़ी विधानसभा के प्रेम नगर पार्ट-2 में रहने वाले सुभाष यादव ने कहा कि चार दिनों से पानी नहीं आया है। हर जगह शिकायत की है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। अगर पानी आ भी रहा है तो इतना गंदा है कि कोई उसे पी नहीं सकता। महरौली विधानसभा के वॉर्ड-6 में रहने वाली रश्मि का कहना है कि 15 दिनों से पूरे इलाके में पानी नहीं आया है। लोग पानी खरीदकर पी रहे हैं। खरीदकर पानी पी तो सकते हैं, लेकिन नहाना भी है और कपड़े भी धोने हैं। वह कहां से लाएं। सरिता विहार के पास स्थित आली विहार के महेश ने कहा कि इस एरिया में पानी की कई दिनों से किल्लत है। लोग प्यासे मर रहे हैं, लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है। शिकायत करके थक चुके हैं, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। दिलशाद गार्डन में रहने वाले उत्कर्ष ने कहा कि 10 दिनों से पानी नहीं आया है। देवली, खानपुर के रहने वाले मोहम्मद आलम अंसारी का कहना है कि लंबे समय से इस एरिया में पानी की किल्लत है। नलों में एक बूंद भी पानी नहीं आ रहा है। कहीं आ भी रहा है तो गंदा और बदबूदार है।




दिल्ली में दूर नहीं हो पा रही पानी की किल्लत, खरीदकर पानी पीने को मजबूर हैं लोग | लोगों का आरोप, जहां पानी की सप्लाई हो रही है, वहां पानी बहुत गंदा और बदबूदार है | नहाने, कपड़े धोने और खाना बनाने के लिए भी लोगों को काफी परेशानी हो रही है

### सोंब नदी भी नहीं बुझा पा रही है दिल्ली की प्यास

जल बोर्ड अफसरों के अनुसार वजीराबाद, चंद्रावल और ओखला वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में कच्चा पानी यमुना से मिलता है। लेकिन, यमुना में पानी ही नही है। इसलिए मुनक नहर से कुछ पानी ट्विन लाइन के जरिए वजीराबाद प्लांट में डायवर्ट किया गया है। यही पानी तीनों प्लांटों में भेजा जा रहा है, जिससे कुछ पानी उत्पादन हो पा रहा है। वजीराबाद रिजर्वायर में पानी के लिए यमुना नगर के पास स्थित सोंब नदी से भी कुछ पानी डायवर्ट किया गया है। चंद्रावल, वजीराबाद और ओखला, तीनों प्लांटों में रोजाना कुल 245 एमजीडी पानी उत्पादन होता है, जो दिल्ली के सभी वॉटर ट्रीटमेंट प्लांटों का करीब 30 प्रतिशत है। वर्तमान में सभी प्लांटों, रेनीवेल और ट्यूबवेल को मिलाकर कुल 948 से 950 एमजीडी पानी उत्पादन हो रहा है, जो सामान्य दिनों की तुलना में करीब 50 एमजीडी कम है। इसके चलते पूरी दिल्ली में पानी की किल्लत है।

## फटाफट खबरें

### एक्सिडेंट में घायल युवक की अस्पताल में मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: समयपुर बादली में सड़क हादसे में घायल एक युवक की कुछ घंटों बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक को हादसे के बाद अस्पताल ले जाया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद वह घर लौट गया। शाम को सीने में दर्द बढ़ने पर दोबारा अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात गाड़ी वाले के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान सतप्रीत सिंह (34) के रूप में हुई है, जो नरेला का रहने वाला था।

फरार ड्राइवर का पुलिस पता लगा रही है

### ओ-ज़ोन में तोड़फोड़ पर AAP का BJP पर हमला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : बुराड़ी से आम आदमी पार्टी विधायक संजीव झा ने आरोप लगाया है कि दिल्ली में ओ-जोन के नाम पर चल रही तोड़फोड़ के खिलाफ आवाज उठाने वालों को बीजेपी सरकार निशाना बना रही है। सोमवार को पार्टी मुख्यालय में एमसीडी सह-प्रभारी प्रवीण कुमार और निगम पार्षद गगन चौधरी के साथ प्रेस वार्ता में कहा कि दिल्ली की 91 कॉलोनियों और कई गांवों के लोग डेमोलिशन की आशंका से परेशान हैं, जबकि बीजेपी नेता लगातार केवल आश्वासन दे रहे हैं। दावा किया कि लोगों को सुरक्षा देने के बजाय विरोध करने पर कार्रवाई की जा रही है।

## गॉल ब्लैडर की पथरी निकालना अब और आसान, होगा कम दर्द

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**पित्त की** पथरी (गॉल ब्लैडर स्टोन) से परेशान 35 साल की एक महिला को गॉल ब्लैडर की सर्जरी करानी थी, लेकिन उन्हें ऑपरेशन के बाद शरीर पर निशान पड़ने और रिकवरी में लगने वाले ज्यादा समय की चिंता थी। डॉक्टरों ने महिला को नई 5-5-2-2 मिनी लेप्रोस्कोपिक तकनीक से सर्जरी कराने की सलाह दी। इस तकनीक से ऑपरेशन सफल रहा और मरीज सर्जरी के दो घंटे के भीतर ही चलने-फिरने लगीं। पेट पर बेहद हल्के निशान रहे और कुछ ही दिनों में वह अपने जनरल रुटीन में लौट आईं। फॉलो-अप जांच में मरीज ने संतोष जताया क्योंकि उनके पेट पर सर्जरी के निशान लगभग दिखाई नहीं दे रहे थे।

गंगाराम अस्पताल में नई तकनीक से महिला की सफल सर्जरी

अस्पताल के लेप्रोस्कोपिक, लेजर और जनरल सर्जरी विभाग के वाइस चेयरमैन और यूनिट हेड प्रो डॉ तरुण मित्तल ने बताया कि नई तकनीक से टिशू को कम नुकसान पहुंचता है। मरीज को कम दर्द होता है और रिजल्ट बेहतर मिलते हैं। हर मरीज को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। यह सर्जरी डॉ. तरुण मित्तल, डॉ आशीष डे, डॉ अनमोल आहूजा और डॉ श्रेष्ठ मांगलिक की टीम ने मिनी लेप्रोस्कोपिक डिवाइस और 5 मिमी एंडोबैग की मदद से की।



### क्या है नई तकनीक?

सामान्य लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में 10-5-5-5 मिमी के पोर्ट का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं 5-5-2-2 तकनीक में दो 5 मिमी और दो बेहद छोटे 2 मिमी पोर्ट लगाए जाते हैं। छोटे पोर्ट होने के कारण शरीर के टिशू को कम नुकसान पहुंचता है। इससे दर्द कम होता है।

## हिस्ट्रीशीटर है तुगलकाबाद अग्निकांड का मास्टरमाइंड

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

**तुगलकाबाद एक्सटेंशन** अग्निकांड में लगातार खुलासे हो रहे हैं। इस अग्निकांड का मुख्य आरोपी निरंजन बड़ा गैंगस्टर है। आरोपी ने अपने भाइयों के साथ मिलकर खुद का गैंग बनाया हुआ था। सूत्रों के अनुसार, उसके गैंग में उसका भाई सौरभ, रोहित, खुद निरंजन और राजकुमार शामिल हैं। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, निरंजन के भाई सौरभ पर लूटपाट, आर्म्स एक्ट सहित छह मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, रोहित एक और राजकुमार दो मामलों में शामिल रहा है।

सूत्रों के अनुसार, उसके भाइयों के अलावा गैंग में कई अन्य मेंबर भी हैं, जिनमें बड़े और नाबालिग शामिल हैं। आरोपी निरंजन पर हत्या, हत्या के प्रयास सहित एनडीपीएस का भी केस दर्ज है। इतना ही नहीं, आरोपी पहले शराब तस्करी भी कर चुका है। गोविंदपुरी थाना पुलिस ने नवंबर 2020 में गश्त के दौरान आरोपी निरंजन को 6.8 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। आरोपी झुग्गी बस्तियों में गांजे की पुड़िया बनाकर सप्लाई करता था। सूत्रों के अनुसार, आरोपी वर्ष 2020 से लगातार नशे के धंधे में लिप्त है। हैरानी की बात यह है कि पुलिस आरोपी को पकड़ नहीं पाई।



- 2020 में 6.8 Kg गांजे के साथ हुआ था गिरफ्तार
- निरंजन पर आठ से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं
- हत्या, लूटपाट और एनडीपीएस समेत कई केस दर्ज

आरोपी के नशे के कारोबार में शामिल होने से ड्रग्स सिंडिकेट की आशंका भी सामने आती है। उस पर एविल जैसे नशीले इंजेक्शन बेचने का भी आरोप है। निरंजन पर 8 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें लूटपाट, हत्या, चोरी, हत्या के प्रयास सहित अन्य मामले शामिल हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि आगजनी की वारदात पूरी तरह सुनियोजित थी। आरोपी सरिता ने घटना से कुछ घंटे पहले नाबालिग के साथ मिलकर इमारत की रेकी की थी। इसी आगजनी में तीन मौतें हुई थीं।

## 'भारत इनोवेट्स' में दिखे IIT दिल्ली के इनोवेशन



फ्रांस के शहर नीस में आयोजित कार्यक्रम में पेश किए गए हैं प्रोजेक्ट्स

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**फ्रांस के** नीस शहर में 'भारत इनोवेट्स 2026' में इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नॉलजी, दिल्ली (IITD) ने अपनी रिसर्च और इनोवेशन से जुड़े प्रोजेक्ट पेश किए। आयोजन 14 जून से शुरू हुआ था, जो 16 जून तक चलेगा। इस कार्यक्रम में IIT दिल्ली डिफेंस, आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI), स्वास्थ्य, क्वॉन्टम कम्युनिकेशन, ऊर्जा, स्मार्ट टेक्सटाइल और सस्टेनेबल डिवेलपमेंट से जुड़ी तकनीकों का प्रदर्शन कर रहा है। इस बीच फ्रांस की कुछ संस्था और इनक्यूबेशन के साथ समझौते भी किए हैं।

4 जून से शुरू हुआ कार्यक्रम 16 जून तक चलेगा, सराहे गए प्रोजेक्ट्स

भारत सरकार की इस इनोवेशन की पहल का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भारत और दुनिया के विभिन्न देशों के हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट, स्टार्टअप्स, निवेशकों और इंडस्ट्री के बीच सहयोग को बढ़ावा देना है। आईआईटी दिल्ली ने सोरबोन यूनिवर्सिटी के साथ बायलॉजिकल साइंसेज में जॉइंट पीएचडी और जॉइंट मास्टर्स प्रोग्राम शुरू किया है। इसके अलावा इंटरनैशनल सोलर अलायंस के साथ 'सोलर सिस्टम्स एंड मैनेजमेंट' में जॉइंट इंटरनैशनल पीजी डिप्लोमा प्रोग्राम भी शुरू किया गया है।

फ्रांस की तीन संस्थाओं के साथ भी आईआईटी दिल्ली ने एमओयू साइन किया है।

आईआईटी दिल्ली के डायरेक्टर प्रो. रंगन बनर्जी ने कहा कि यह आयोजन भारत के इनोवेशन इकोसिस्टम को ग्लोबल मंच दे रहा है, जिसके साथ नई साझेदारियां रिसर्च और टेक्निकल डिवेलपमेंट को नई गति देंगी।

### IPU: 17 तक काउंसलिंग में शामिल होने का मौका

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी ने अपने 12 प्रोग्राम के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्टूडेंट्स के पास 17 जून तक मौका है। एलएलएम, बीसीए, बीए एलएलबी / बीबीए एलएलबी, बीएड, बीबीए / बीबीए-एमबीए इंटीग्रेटेड, बीएजेएमसी, डिप्लोमा धारकों के लिए लेटरल एंट्री - बीटेक, बीटेक, बीकॉम (ऑनर्स), बीएड (विशेष शिक्षा), चार वर्षीय बीए अंग्रेजी (ऑनर्स) और चार वर्षीय बीए इकनॉमिक्स (ऑनर्स) के लिए यह काउंसलिंग होगी। एलएलएम में दाखिले नैशनल लेवल के टेस्ट CLAT पीजी, एलएलबी में CLAT यूजी, बीटेक में जेईई मेंस पेपर 1 के स्कोर पर होंगे। बाकी कोर्स के लिए कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (CET) स्कोर पर दाखिले होंगे। स्टूडेंट्स www.ipu.ac.in और www.ipu.admissions.nic.in पर भी जानकारी ले सकते हैं।

### 10 दिन में 71 फोन बरामद, 45 लोगों को लौटाए गए

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: नई दिल्ली जिला पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 10 दिनों में 71 खोए और चोरी मोबाइल बरामद किए हैं। 45 फोन उनके मालिकों को सौंप दिए गए हैं, जबकि बचे मोबाइल फोन के मालिक का सत्यापन किया जा रहा है। DCP सचिन शर्मा के मुताबिक, एक जून से 10 जून तक जिले के सभी थानों और यूनिट व मोबाइल क्रैक टीमों ने तकनीकी निगरानी, फील्ड इंटेलिजेंस के जरिए यह सफलता हासिल की।

नई दिल्ली जिला पुलिस ने चलाया विशेष अभियान

### पत्राचार विद्यालय को नया स्टडी मटीरियल मिलेगा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली के पत्राचार विद्यालय के क्लास 12 के स्टूडेंट्स के लिए नया सपोर्ट स्टडी मटीरियल तैयार किया जाएगा। इसके लिए दिल्ली शिक्षा निदेशालय ने अपने सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपल्स, वाइस प्रिंसिपल्स और टीचर्स से आवेदन मांगे हैं। स्टूडेंट्स के लिए NIOS (नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ ओपन स्कूलिंग) करिकुलम आधारित सपोर्ट मटीरियल तैयार करने करने में इन्हें सभी जिम्मेदारी दी जाएगी। 14 सब्जेक्ट में हिंदी/इंग्लिश में स्टडी मटीरियल तैयार किया जाएगा। इनमें हिंदी, इंग्लिश, मैथ्स, फिजिक्स, केमिस्ट्री, बायलॉजी, हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस, जियोग्राफी, इकनॉमिक्स, सोसियॉलजी, बिजेनस स्टडीज, एकाउंटेंसी, फिजिकल एजुकेशन शामिल हैं।

14 सब्जेक्ट में हिंदी/ इंग्लिश में होगा स्टडी मटीरियल

### वार्षिक रथयात्रा का जगह-जगह स्वागत

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली: श्री दिगंबर जैन गोल्डन टेंपल रोहिणी सेक्टर-7 में उपाध्याय श्री गुप्तिसागरजी के सान्निध्य में भव्य वार्षिक रथयात्रा निकाली गई, जिसका जगह-जगह भव्य स्वागत किया गया। समाज के अध्यक्ष सुरेश जैन के अनुसार यहां 16वें तीर्थंकर भगवान शांतिनाथ जी के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया और मंदिर में 11 वर्षों से निरंतर अभिषेक-पूजन करने वाले 64 श्रावकों का अभिनंदन किया गया। उपाध्याय श्री ने कहा कि चातुर्मास अपनी आत्मा को आनंदित करने का अनुपम अवसर है। हुकमचंद सांवला- इंदौर का प्रेरक उद्बोधन भी हुआ।

स्पीकिंग ट्री धर्म कर्म

**विधानः** श्री दि. जैन मेरू मंदिर चांदनी चौक में सोमवार को आचार्य श्री सौरभ सागरजी ने श्री मंशापूर्ण महावीर विधान संपन्न कराया। वहीं दूसरी ओर मुनि श्री अनुपमसागरजी, निर्मोहसागरजी व विनिशोधसागरजी का लाल मंदिर से बैंक एन्क्लेव होते हुए ऋषभ विहार मंदिर आगमन पर समाज ने स्वागत किया। वहीं मुनि श्री शुभसागरजी व क्षुल्लक शुभलाभसागरजी का सोमवार को निर्माण विहार मंदिर आगमन पर समाज ने स्वागत किया।

**अभिमान से होता है पतनः** सिद्धपीठ कालकाजी मंदिर में सत्संग के समय महंत सुरेंद्रनाथजी ने कहा कि अभिमान और कामना से ही मनुष्य का पतन होता है। इनसे कभी कोई लाभ नही हो सकता। इनके समान धोखा देने वाला कोई बैरी है ही नहीं।


**SANJAY GANDHI POST GRADUATE INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES**
Raebareli Road, Lucknow-226014

**Recruitment Notice**

Applications are invited in offline mode for the post of Associate Professor, College of Nursing, SGPGIMS through direct recruitment.

| Name of the Post & Pay Matrix (7th CPC) | Speciality | No. of post | Category | Essential Qualification and Experience | Age limit |
|---|---|---|---|---|---|
| Associate Professor (College of Nursing, SGPGIMS) Level-11 (₹67700-208700) | Child Health (Pediatric) Nursing | 01 | SC | **a.** M.Sc. (Nursing) **b.** Experience: Total 8 years' experience with M.Sc. (Nursing) including 5 years teaching experience. **c.** Ph.D(Nursing) desirable | 50 years |
| | Mental Health (Psychiatric) Nursing | 01 | OBC | Same as above | 50 years |

**Special Note: Advertisement No. I/03/Rectt/2024-25 dated 07.05.2024 is hereby cancelled due to revision in eligibility criteria.**
1. Age relaxation as per Government of Uttar Pradesh rules.
2. Only candidates possessing the requisite qualifications and experience in the respctive speciality, as specified in the advertisement, shall be eligible to apply.
3. For detailed advertisement, eligibility criteria and application format, please visit the Institute's website: **www.sgpgims.org.in**

**Advt. No. I/24/Rectt/2026-27** **Director**



**उत्तर रेलवे**

**इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0सं0 | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 15260094 | किट ऑफ मंदोट्री स्परेस ऑफ डी चेक्स | 19 सेट | 06-07-26 |
| 02 | 09262136 | कोप्लेर बॉडी विथ शंक वियर प्लेट | 495 नग | 06-07-26 |
| 03 | 77259051 RGC | रनिंग कांट्रेक्ट फॉर इलास्टिक रेल क्लिप एम के –वी (टी 5919) | 13727846 नग | 08-07-26 |
| 04 | 19260621 | सेट ऑफ डैम्पर फॉर डब्लू ए पी–7 लोकोमोटिव | 15 सेट | 13-07-26 |
| 05 | 16264213 | स्पिन ओं टर्बो चार्जर एल यू बी इ आयल | 1778 नग | 16-07-26 |
| 06 | 16260558 | कंट्रोलर ए एस एम डायनामिक | 73 नग | 20-07-26 |
| 07 | 16265011 | 3 फेस इंडक्शन ट्रैक्शन मोटर | 24 नग | 23-07-26 |

निविदा शर्तें – 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।
टेंडर नोटिस सं. 20/2026–2027 दिनांक:–15.06.2026 2043/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल्स संघ लिमिटेड**
9–ए, राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ–226001
दूरभाष: (0522)2628310/2263121, फैक्स: (0522) 2627994/2201447
ई–मेल: upsugarfed@yahoo.co.in | वेबसाईट: www.upsugarfed.org

**निविदा सूचना**

उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ लि. लखनऊ द्वारा सहकारी चीनी मिल सम्पूर्णानगर, बेलरायां, नानपारा, पुवायां, अनूपशहर, ननौता, सरसांवा, बागपत, मोरना एवं स्नेहरोड के लिए वी.एफ.डी., डी.सी.एस., पी.एल.सी., स्काडा एवं अन्य विविध ऑटोमेशन उपकरणों के सी.एम.सी./ए.एम.सी. का कार्य एवं उपरोक्त विविध उपकरणों के संचालन कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गयी है, जिसकी पूर्ण जानकारी ई–निविदा पोर्टल www.etender.up.nic.in एवं संघ की अधिकृत वेबसाइट www.upsugarfed.org पर दिनांक 15.06.2026 से प्राप्त की जा सकती है।
प्रबन्ध निदेशक, सहकारी चीनी मिल संघ को बिना कारण बताए एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा, जो सभी पक्षों को मान्य होगा।

(प्रबन्ध निदेशक)



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**नया भोपाल संभाग लोक निर्माण विभाग भोपाल (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 08/व.ले.लि./निविदा/2026-27 भोपाल, दिनांक 10.06.2026

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | आमंत्रण क्र. | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि |
| 1 | 2026_PWDRB_514692_1 | उपसंभाग क्रं-2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय बंगला क्रमांक ई-10, 45 बंगलो में लघूमूल गौड कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 23.35 | 46700.00 |
| 2 | 2026_PWDRB_514694_1 | उपसंभाग क्रं-2, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत शासकीय बंगला क्रमांक ई-20, 45 बंगलो में लघूमूल गौड कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 21.20 | 42400.00 |
| 3 | 2026_PWDRB_514695_1 | जेल उपसंभाग क्र-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-22 के शासकीय आवास गृहों में वार्षिक मरम्मत / विशेष मरम्मत / अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 25.00 | 50000.00 |
| 4 | 2026_PWDRB_514696_1 | जेल उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 23 के शासकीय आवास गृहों में वार्षिक मरम्मत / विशेष मरम्मत / अनुरक्षण का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 25.00 | 50000.00 |
| 5 | 2026_PWDRB_514697_1 | जेल उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 22 के शासकीय आवास गृहों में सीवेज मरम्मत कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 25.00 | 50000.00 |
| 6 | 2026_PWDRB_514698_1 | जेल उपसंभाग क्र-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-23 के शासकीय आवास गृहों में सीवेज मरम्मत कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 25.00 | 50000.00 |
| 7 | 2026_PWDRB_514700_1 | जेल उपसंभाग क्र-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-22 के एफ, जी., एच, आई, टाईप शासकीय आवास गृहों में छत पर जल अवरोधक का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 25.00 | 50000.00 |
| 8 | 2026_PWDRB_514701_1 | जेल उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत जेल अनुभाग के शासकीय आवास गृहों में छत पर जल अवरोधक का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 25.00 | 50000.00 |
| 9 | 2026_PWDRB_514702_1 | जेल उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 25 में शासकीय आवास गृहों के छत पर जल अवरोधक का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 25.00 | 50000.00 |
| 10 | 2026_PWDRB_514703_1 | उपसंभाग क्रमांक-3 लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत मार्गो पर बी.टी पेच रिपेयर एवं अन्य कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 40.00 | 50000.00 |
| 11 | 2026_PWDRB_514704_1 | नया भोपाल संभाग, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गतं ए.आर / एसआर/ लघुमूल गॉड कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 98.00 | 98000.00 |
| 12 | 2026_PWDRB_514706_1 | उपसंभाग क्र-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 1 एवं अन्य शासकीय आवास गृहों में आवश्यक मरम्मत सहित जल अवरोधक का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 30.00 | 50000.00 |
| 13 | 2026_PWDRB_514707_1 | उपसंभाग क्र-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-4 एवं अन्य शासकीय आवास गृहों में आवश्यक मरम्मत सहित जल अवरोधक का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 30.00 | 50000.00 |
| 14 | 2026_PWDRB_514708_1 | उपसंभाग क्र-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र.-5 एवं अन्य शासकीय आवास गृहों में आवश्यक मरम्मत सहित जल अवरोधक का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 30.00 | 50000.00 |
| 15 | 2026_PWDRB_514709_1 | उपसंभाग क्रं-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्र. 6 एवं अन्य शासकीय आवास गृहों में आवश्यक मरम्मत सहित जल अवरोधक का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 30.00 | 50000.00 |
| 16 | 2026_PWDRB_514710_1 | उपसंभाग क्रं-1, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-7अ एवं अन्य शासकीय आवास गृहों में आवश्यक मरम्मत सहित जल अवरोधक का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 30.00 | 50000.00 |
| 17 | 2026_PWDRB_514711_1 | जेल उपसंभाग क्रं-3, लो.नि.वि. भोपाल के अंतर्गत सेक्शन क्रं.-22 के शासकीय आवास गृहों में जल अवरोधक का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 46.00 | 50000.00 |
| | | योग:- | | 553.55 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 25.06.2026 सायं 5.30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन.आई.टी.एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकता है।

Sd/-
कार्यपालन यंत्री
नया भोपाल संभाग लो.नि.वि. भोपाल (म.प्र.)

"पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार" G-14436/26



**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार**
**दिल्ली अग्निशमन सेवा मुख्यालय**
**कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001**

**सार्वजनिक सूचना**

**कृपया ध्यान दें : निम्नलिखित भवन श्रेणियों के मालिक/उनमें रहने वाले**

यह सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ने दिल्ली अग्निशमन सेवा अधिनियम, 2007 (2009 का दिल्ली अधिनियम b तथा दिल्ली अग्निशमन सेवा नियम, 2010 दिनांक 01.07.2010 से लागू किए हैं। उक्त अधिनियम और नियमों के अनुसरण में नियम 27 में परिभाषित श्रेणी की इकाई के मालिक / प्रबंधन / किराएदार को नियम 33 में निर्धारित राष्ट्रीय भवन निर्माण मानक, 2026 (भाग - F) के अनुरूप अग्नि रोकथाम और अग्नि सुरक्षा उपाय करने होते हैं। इसके अलावा, वे नियम 35 के अनुसार "अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र" जारी करने के लिए प्रधान निदेशक, दिल्ली अग्निशमन सेवा को आवेदन देंगे। अधिनियम की धारा 25 की उप-धारा (1) के प्रयोजन के लिए निम्नलिखित श्रेणी के अधिभोक्ताओं को दिल्ली अग्निशमन सेवा से "अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र" प्राप्त करना होगाः

1. आवासीय भवन (होटल एवं अतिथि गृह को छोड़कर) जिनकी ऊँचाई 15 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेजेनाइन/स्टिल्ट तल सहित पाँच या अधिक मंजिले हों।
2. होटल एवं अतिथि गृह भवन जिनकी ऊँचाई 12 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेजेनाइन/स्टिल्ट तल सहित चार या अधिक मंजिले हों।
3. शैक्षणिक भवन जिनकी ऊँचाई 9 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेजेनाइन/स्टिल्ट तल सहित तीन या अधिक मंजिलें हों।
4. संस्थागत भवन जिनकी ऊँचाई 9 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेजेनाइन/स्टिल्ट तल सहित तीन या अधिक मंजिलें हों।
5. सभी सभा भवन ।
6. व्यावसायिक भवन जिनकी ऊँचाई 15 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेजेनाइन/स्टिल्ट तल सहित पाँच या अधिक मंजिलें हों।
7. वाणिज्यिक भवन जिनकी ऊँचाई 9 मीटर से अधिक हो अथवा जिनमें भूतल से ऊपर मेजेनाइन/स्टिल्ट तल सहित तीन या अधिक मंजिले हों।
8. औद्योगिक भवन जिनका सभी तलों का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 250 वर्ग मीटर से अधिक हो।
9. भंडारण भवन जिनका सभी तलों का कुल आच्छादित क्षेत्रफल 250 वर्ग मीटर से अधिक हो।
10. सभी जोखिमयुक्त भवन जिनका कुल आच्छादित क्षेत्रफल 100 वर्ग मीटर से अधिक हो।
11. दो या अधिक स्तरों वाली सभी भूमिगत संरचनाएँ।

इसके अतिरिक्त, नियम 35 के अंतर्गत जारी किया गया "अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र" (Fire Safety Certificate), यदि पूर्व में निरस्त न किया गया हो, तो जारी किए जाने की तिथि से आवासीय भवनों (होटलों को छोड़कर) के लिए 05 वर्ष तथा गैर-आवासीय भवनों, जिनमें होटल भी सम्मिलित हैं, के लिए 03 वर्ष की अवधि तक वैध रहेगा।
जिन भवनों के पास इस विभाग द्वारा जारी वैध अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र उपलब्ध नहीं है, उनसे अनुरोध है कि वे अपनी संबंधित अधिभोग श्रेणी (Occupancy) हेतु अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन प्रस्तुत करें। आवेदन के साथ स्वीकृत / निर्माणानुसार (As-Built) भवन मानचित्र, निर्धारित स्केल (Scale) में, संबंधित भवन स्वीकृति प्राधिकारी के माध्यम से इस विभाग को प्रेषित करें।
यदि आपके भवन का अग्नि सुरक्षा प्रमाण-पत्र समाप्त (Expired) हो चुका है, तो उसके नवीनीकरण हेतु इस विभाग के ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन किया जा सकता है।

**आग लगने की स्थिति में 101/112 पर डायल करें।**
**प्रधान निदेशक, दिल्ली अग्निशमन सेवा द्वारा जन सुरक्षा के हित में जारी**

प्रधान निदेशक
दिल्ली अग्निशमन सेवा

DIP/Shabdarth/Classified/0110/26-27


Loot Blink
SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS
LIMITED TIME OFFERS
BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds
₹2,990 ₹249
92% OFF
YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch
₹4,999 ₹349
93% OFF
YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB
₹59,900 ₹5,399
91% OFF
YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG
32" HD Smart TV
89% OFF
YOU SAVE ₹25,800
realme
Narzo N55 (6GB+128GB)
₹13,999 ₹799
94% OFF
YOU SAVE ₹13,200
ASUS
Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD)
90% OFF
YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL
Office Chair Ergonomic
₹14,999 ₹1,499
92% OFF
YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG
980 500GB NVMe SSD
₹6,999
91% OFF
YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT
Backpack
₹1,999 ₹149
93% OFF
YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS
Trimmer Series 3000
₹1,995 ₹199
90% OFF
YOU SAVE ₹1,796
AGARO
Air Fryer 4.5L
₹6,999 ₹699
90% OFF
YOU SAVE ₹6,300
PUMA
Men's Running Shoes
₹3,999
91% OFF
YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS
Study Headphones with Mic
₹1,499 ₹169
89% OFF
YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE
Laptop Table Foldable
₹1,299 ₹129
90% OFF
YOU SAVE ₹1,170
boAt
Stone 650 Bluetooth Speaker
₹3,999 ₹199
95% OFF
YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH06 User: cci Time: 06-15-2026 23:02 Color:



# विरासत बचाने की पहल, संवरेंगे यमुना के 32 घाट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**कवायद**

- छह महीने में शुरू होगा घाटों के पुनर्विकास का काम
- LG ने यमुना कायाकल्प परियोजना में तेजी लाने के निर्देश दिए

**यमुना के** किनारे स्थित राजधानी के 32 ऐतिहासिक घाटों पर जल्द ही बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। इन घाटों पर न गंदगी नजर आएगी और न ही बदबू की समस्या होगी। घाटों को इस तरह डिवेलप करने की योजना है कि लोग यहां सुबह-शाम सैर कर सकें और सूर्योदय व सूर्यास्त के सुंदर नजारों का लुफ्त उठा सकें। अगले 6 महीने के भीतर इन 32 घाटों के विकास का काम शुरू होने की उम्मीद है। एलजी टीएस संधु ने यमुना कायाकल्प परियोजना में तेजी लाने के लिए डीडीए को निर्देश दिए हैं।

एलजी ने यमुना के दोबारा जिंदा करने और बाढ़ सुरक्षा से जुड़े काम का जायजा लिया। यमुना स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में हुई बैठक में डीडीए ने यमुना बाढ़ क्षेत्र में चल रहे कामों की रिपोर्ट भी पेश की। अधिकारियों ने बताया कि करीब 1700 हेक्टेयर इलाके में नदी तट को सुधारने का काम किया गया है। इसके तहत लगभग 88,574 मीट्रिक टन मलबा और 4,998 मीट्रिक टन कचरा हटाया गया। इसके साथ ही करीब 1,425 एकड़ जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया गया है।

डीडीए के अनुसार, यमुना किनारे 7 लाख से ज्यादा देसी पेड़ लगाए गए हैं। नदी इलाके से जुड़ी घास और वेटलैंड प्रजातियां लगाई गई हैं। यमुना कॉरिडोर में 35 वेटलैंड तैयार किए गए हैं। इससे ग्राउंड वॉटर रिचार्ज, जैव विविधता और बाढ़ नियंत्रण क्षमता मजबूत होने का दावा किया गया है। एलजी ने नदी किनारे बनाए गए प्रमुख इकोलॉजिकल स्थलों की भी जायजा लिया।

बैठक में यमुना बाजार इलाके के 32 ऐतिहासिक घाटों के दोबारा जिंदा करने की योजना पर भी चर्चा हुई। एलजी ने इस काम को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके लिए इंटैक की ओर से स्टडी कराई गई है।

### क्यों ज़रूरी है ये प्रोजेक्ट?

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

बीते दो साल में यमुना किनारे असिता, बांसेरा, अमृत बायोडायवर्सिटी पार्क, यमुना वनस्थली, कालिंदी अविरल और यमुना वाटिका जैसे पार्क बनाए गए हैं। इससे जैव विविधता में सुधार हुआ है। ऐतिहासिक घाटों की स्थिति ज्यादा नहीं सुधरी है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इन घाटों के विकास से लोगों का यमुना से जुड़ाव बढ़ेगा।

## पहले दिन यमुना से 116.6 मीट्रिक टन कचरा साफ

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** यमुना को कचरामुक्त बनाने के लिए दिल्ली सरकार ने जो जनभागीदारी अभियान शुरू किया है, उसके तहत एक दिन में ही यमुना से करीब 116.6 मीट्रिक टन कचरा साफ किया गया। सिंचाई व बाढ़ विभाग मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि पहले दिन 15 हजार लोगों ने इस अभियान में भाग लिया। यमुना के 28 घाटों पर एक साथ सफाई शुरू की गई थी।

**28 घाटों पर चला अभियान, 15 हज़ार लोगों ने लिया हिस्सा**

उन्होंने कहा कि अभियान में नागरिकों के अलावा वॉलंटियर्स, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी, RWA के पदाधिकारी तथा सरकारी विभागों और एजेंसियों के कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान कुछ ही घंटों की सफाई में 116.6 मीट्रिक टन कचरा निकाला गया। यमुना की सफाई के लिए नागरिकों की भागीदारी के अलावा 8 ट्रैश स्किमर और वीड हार्वेस्टर, 28 बोट, 28 JCB मशीनें, 84 PWD मेंटिनेंस वैन तथा हॉर्टिकल्चर विभाग की 28 गाड़ियों का इस्तेमाल किया गया। प्रवेश ने कहा कि यमुना की सफाई को लेकर सालों से चर्चा होती रही है, लेकिन अब सफाई सिर्फ बातों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि सामूहिक प्रयासों से नदी को साफ किया जाएगा।

**MCD अधिकारियों की शह पर दिल्ली में बन रहे अवैध मकान!**

# प्रक्रिया आसान, फिर भी 54% मकानों के नक्शे हो रहे रिजेक्ट

Rajesh.Saroha
@timesofindia.com



बगैर नक्शा पास कराए बनने वाले मकानों की संख्या में लगातार हो रही वृद्धि

■ **नई दिल्ली:** साउथ जोन के तहत आने वाले सैदुल्लाजाब बिल्डिंग हादसे और बिल्डिंग बायलॉज के साथ-साथ लाइसेंस नियमों की धज्जियां उड़ाकर चलाए जा रहे फ्लोरिश होटल में आग की घटना के बाद MCD ने अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान शुरू किया हुआ है। आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि लोगों ने सरल स्कीम के तहत MCD में पिछले तीन साल में जितने लोगों ने नक्शे के लिए आवेदन किया, उनमें से लगभग 46 पर्सेंट के ही नक्शे पास किए गए। 54 पर्सेंट एप्लिकेशन रिजेक्ट कर दी गई। दूसरी तरफ 500 वर्गमीटर के प्लॉट्स का नक्शा पास कराने के लिए MCD के पास 7394 एप्लिकेशन आईं। इनमें से 3301 प्लान पास किए गए, जबकि 1632 रिजेक्ट कर दी गईं। इससे साफ पता चलता है कि MCD नक्शे पास करने की प्रक्रिया को भले ही आसान बनाने का दावा करता हो, लेकिन सच्चाई इसके एकदम उलट है।

**MCD ने नक्शा पास कराने की प्रक्रिया को बेहद आसान बनाया हुआ है**

सूत्रों का कहना है कि बिल्डिंग विभाग के अधिकारी भी लोगों को यह कहकर गुमराह करते हैं कि नक्शा पास कराने के लिए इतनी मोटी फीस देने की क्या जरूरत है, मैं हूं ना। ऐसे अधिकारियों की वजह से दिल्ली में अवैध निर्माण में लगातार वृद्धि देखने को मिल रही है। दिल्ली में जितनी भी पॉश कॉलोनियां हैं उनमें ज्यादातर मकान नक्शा पास कराने के बाद ही बनाए जाते हैं। बिल्डिंग बनाते समय उसमें कई तरह के बदलाव किए जाते हैं।

NBT 2 मिनट में पढ़ें

क्योंकि बिल्डिंग पास नक्शे के आधार पर नहीं बनी इसलिए ऐसी बिल्डिंगों को MCD से बिल्डिंग सर्टिफिकेट नहीं मिल पाता। पॉश कॉलोनियों के अलावा MCD के 12 जोनों और 250 वॉर्डों के तहत जितने भी अनाधिकृत कॉलोनियां आती हैं उनमें ज्यादातर मकान बगैर नक्शे के ही बनते हैं। जबकि MCD ने नक्शा पास कराने की प्रक्रिया को बेहद आसान बनाया हुआ है। 105 वर्गमीटर में बनने वाले मकान के नक्शे सरल स्कीम के तहत ही पास कर दिए जाते हैं। इस तरह के नक्शे पास करने के लिए MCD ने 700 के करीब आर्किटेक्ट को अधिकृत किया हुआ है। बावजूद इसके हर साल बहुत कम नक्शे पास हो पाते हैं। MCD रिकार्ड के अनुसार साल 2023 से लेकर 2025 तक नक्शे पास कराने के लिए 22,886 एप्लिकेशन आई थी। इनमें से आधे से भी कम यानी 10,559 लोगों नक्शे पास हो पाए। इसी तरह अगर 500 वर्गमीटर के प्लॉट के नक्शे की बात करें तो तीन सालों में 7394 एप्लिकेशन आईं, जिनमें से 3301 ही पास हो पाए।

## बूथ स्तर पर दिल्ली BJP 18-20 जून तक चलाएगी संपर्क अभियान

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली बीजेपी 18, 19 और 20 जून को राजधानी में बूथ स्तर पर महा संपर्क अभियान चलाएगी। इस अभियान के तहत पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष, वरिष्ठ नेता, प्रदेश, जिला और मंडल स्तर के पदाधिकारी बूथ स्तर पर घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करेंगे। पार्टी की ओर से अभियान का न्यूनतम लक्ष्य प्रत्येक बूथ पर कम से कम 100 परिवारों तक पहुंचना है। अभियान के दौरान कार्यकर्ता केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और संगठन की गतिविधियों की जानकारी लोगों तक पहुंचाएंगे और आम जनता से संवाद स्थापित कर उनकी राय और सुझाव भी जानेंगे।

# 'दिल्ली मेगा वृक्षारोपण अभियान' 22 से

## मुख्यमंत्री ने अभियान की तैयारियों को लेकर की समीक्षा बैठक

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**दिल्ली सरकार** राजधानी में 'एक पेड़ मां के नाम - दिल्ली मेगा वृक्षारोपण अभियान 2026' 22 जून से शुरू करने जा रही है। इस अभियान के साथ दिल्ली में इस मॉनसून में कुल 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। सीएम ने सोमवार को इस अभियान की तैयारियों को लेकर एक बैठक की, जिसमें इसे जन-आंदोलन का रूप देने पर जोर दिया। बैठक में पर्यावरण मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**सरकार ने मॉनसून में 70 लाख पौधे लगाने का रखा है लक्ष्य**

सीएम ने कहा कि पीएम द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की भावना को आगे बढ़ाते हुए दिल्ली में इसे व्यापक जनभागीदारी के साथ संचालित किया जाएगा। पहला चरण 22 जून को डिजिटल शुभारंभ के रूप में आयोजित होगा। इस दौरान ई-फॉरेस्ट ग्रीन ड्राइव पोर्टल और अभियान का आधिकारिक विडियो लॉन्च किया जाएगा। साथ ही सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए जन-जागरूकता अभियान की शुरुआत होगी, जो 4 जुलाई तक चलेगा।

जुलाई के पहले सप्ताह में 'मेगा रिज वृक्षारोपण अभियान' के तहत दिल्ली के विभिन्न रिज क्षेत्रों में 2.5 लाख पौधे लगाए जाएंगे और जन-आंदोलन की शुरुआत होगी। रोहिणी स्थित स्वर्ण जयंती पार्क में केंद्रीय कार्यक्रम होगा, जो दिल्ली की 51 लाइव लोकेशनों से रियल टाइम में जुड़ा रहेगा। लगभग 11 हजार लोग एक साथ पौधारोपण में हिस्सा लेंगे। यह अभियान 70 विधानसभा क्षेत्रों और 13 जिलों तक पहुंचेगा और सेवा पर्व अवधि तक 70 लाख पौधारोपण के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी अभियान के विभिन्न चरणों में शामिल हो सकते हैं। नागरिकों की भागीदारी को आसान बनाने के लिए ई-फॉरेस्ट ग्रीन ड्राइव पोर्टल विकसित किया गया है। रजिस्ट्रेशन कर लोग मुफ्त पौधे प्राप्त कर सकेंगे, पौधारोपण स्लॉट बुक कर सकेंगे और जियो-टैग्ड फोटो अपलोड कर मुख्यमंत्री हस्ताक्षरित 'पर्यावरण रक्षक' ई-प्रमाणपत्र हासिल कर सकेंगे। पोर्टल पर लाइव काउंटर, डिजिटल ग्रीन मैप और प्लांट डिस्ट्रीब्यूशन जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। अभियान को सफल बनाने के लिए सरकार 'वृक्ष रथ' भी चलाएगी, जो कॉलोनियों, स्कूलों, कॉलेजों, RWA और धार्मिक संस्थानों तक निःशुल्क पौधे पहुंचाएंगे। पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि यह केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि दिल्ली को पर्यावरण-अनुकूल और हरित राजधानी बनाने का साझा मिशन है। उन्होंने दिल्लीवासियों से अपनी मां के सम्मान में कम-से-कम एक पौधा लगाने की अपील की।

## विकासपुरी में खुला नया आधार सेवा केंद्र, LG ने किया उद्घाटन

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने रविवार को विकासपुरी में नए आधार सेवा केंद्र का उद्घाटन किया। इस केंद्र के शुरू होने से आधार नामांकन, डेमोग्राफिक अपडेट और बायोमेट्रिक सेवाओं तक नागरिकों की पहुंच आसान हो जाएगी। कार्यक्रम में दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह और वेस्ट दिल्ली की सांसद कमलजीत सहरावत भी मौजूद रहीं।

**मंत्री पंकज सिंह, सांसद कमलजीत सहरावत भी रहीं मौजूद**

LG ने इस दौरान कहा कि आधार आज केवल पहचान का दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर का मजबूत स्तंभ बन चुका है। इसके जरिए सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और प्रभावी तरीके से लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि आधार ने तकनीक आधारित सुधारों से शासन व्यवस्था को अधिक जवाबदेह और सुलभ बनाया है। पंकज कुमार सिंह ने कहा कि विकासपुरी केंद्र शुरू होने से लोगों को आधार संबंधी कार्यों के लिए इंद्रलोक और प्रगति मैदान जैसे दूरस्थ केंद्रों पर नहीं जाना पड़ेगा।

## मोबाइल नेटवर्क का मेट्रो में किया टेस्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** TRAI ने दिल्ली-एनसीआर के कई मेट्रो और RRTS रूट्स पर मोबाइल नेटवर्क की क्वॉलिटी का आकलन किया। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने अप्रैल 2026 में दिल्ली लाइसेंस सर्विस एरिया (LSA) के अंतर्गत दिल्ली DMRC, नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन और NCRTC के नेटवर्क पर इंडिपेंडेंट ड्राइव टेस्ट IDT किया। इसके नतीजे मोबाइल उपभोक्ताओं की जानकारी के लिए जारी किए गए हैं। इस टेस्ट का मुख्य मकसद टेलीकॉम सेवा प्रोवाइडर्स की ओर से दी जा रही सेवाओं की रियल-टाइम गुणवत्ता जांचना है।

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES



Lt. Sat Narain Gupta
14th Death Anniversary

A golden heart stopped beating, hard working hands at rest. As we follow your footprints everyday, We consider ourselves blessed.
**Gupta Family and Om Selection Staff.**

"HONOUR. COURAGE. BRAVERY. Three words that you taught us. Three words that help us cope with your loss".

The silent joy of remembering a loved one.
The moments you shared together.
Little moments that make life beautiful.

Share them. With Friends. Relatives. Neighbours.
Colleagues. With all those whose lives
the departed Soul has touched. Because while life goes on,
when you share memories, they stay on forever.

| Publications | Total Outlay |
|---|---|
| The Times of India Delhi/NCR | 5,600 |
| TOI+NBT (Delhi/NCR) | 8,800 |
| TOI+ET (Delhi/NCR) | 6,600 |

Maximum 10 lines

SPACE FOR PHOTO 2x3 cms
In loving memory of Sh. ............ (dd/mm/yyyy-dd/mm/yyyy) You left us on this day 3 years ago but will always live on in our hearts. Deeply missed by ...... and ......
Text here ... text here ... Text here ... text here ...
Text here ... text here ... Text here ... text here ...

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES

For any information call
Vinod : 9958992088
Pankaj : 8130604727

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

| Publications | Rates per sq. cms |
|---|---|
| TOID Capital + NBT (Delhi+NCR) | 1295 |
| TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR) | 1360 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR) | 780 |
| THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run## | 900 |
| NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR) | 595 |
| THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR) | 715 |
| SANDHYA TIMES (Delhi) | 100 |

Rates effective 5th June 2019

▸ *Placement on specified obit pages only. ▸ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▸ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▸ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.

To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

## गुमशुदा की तलाश



गोरी

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका **नामः गोरी पुत्रीः** नंद किशोर, **पताः** जेबी–2/64, वेलकम, दिल्ली, **लिंगः** महिला, **उम्रः** 30 वर्ष **कदः** 4'2" **रंगः** गोरा **चेहराः** गोल, **शरीरः** सामान्य **पहनावाः** लाल रंग का लोअर और क्रीम रंग की टी–शर्ट, पहन रखी है जो दिनांक 07.06.2026 से जेबी–2/64, वेलकम, दिल्ली, थाना क्षेत्र वेलकम, दिल्ली, से लापता है।

इस बावत **DD No. 0129A, दिनांकः 08.06.2026 थानाः वेलकम, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता महिला के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाईटः http://cbi.nic.in
ई–मेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-24368639
DP/8018/NE/2026

थानाध्यक्ष
पुलिस स्टेशनः वेलकम, दिल्ली
मो. नं. 8527075916

# दिल्ली BJP में चल रही बड़े बदलाव की तैयारी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली



**मौजूदा पदाधिकारियों में से 70-80% बदले जाएंगे, नई टीम में दिखेंगे अनुभवी और युवा नेता। 20 जून के बाद घोषणा संभव**

**दिल्ली BJP** के संगठन में बड़े बदलाव की तैयारी शुरू हो चुकी है। इसके तहत मौजूदा पदाधिकारियों में से करीब 70-80% को बदला जाएगा और उनके स्थान पर नए चेहरों और युवा नेताओं को मौका दिया जाएगा। उन्हें तवज्जो दी जाएगी, जिन्होंने विधानसभा चुनाव में अच्छा काम किया है। फिलहाल दिल्ली BJP के नए अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा जिला इकाइयों के पुनर्गठन में जुटे हुए हैं। संभावित नेताओं की सूची जिला पर्यवेक्षकों ने सौंप दी है।

दिल्ली BJP के एक वरिष्ठ नेता के मुताबिक 20 जून के बाद जिले की टीमों की घोषणा कर दी जाएगी। उसके बाद जुलाई के पहले सप्ताह में प्रदेश की नई टीम भी घोषित हो जाएगी। प्रदेश की टीमों में नए चेहरों को लेकर चर्चाएं भी शुरू हो गई हैं। उनके मुताबिक इस बार संगठन में ऐसे नए नेताओं को मौका देने पर फोकस है जिनके कामकाज का रिकॉर्ड अच्छा रहा हो।

इसके अलावा युवा नेताओं को तवज्जो देने के साथ अनुभवी नेताओं को भी जगह मिलेगी। दिल्ली BJP संगठन के पुनर्गठन के कारण मौजूदा पदाधिकारियों में से लगभग 70-80 प्रतिशत को पद छोड़ना पड़ सकता है। पार्टी नेताओं ने बताया कि मौजूदा पदाधिकारियों को बड़े पैमाने पर बदलने की जरूरत इसलिए भी है क्योंकि उनमें से कई फरवरी 2025 में हुए विधानसभा चुनावों के बाद विधायक बन गए हैं। यह भी योजना है कि ज्यादा युवा नेताओं, खासकर 45 साल से कम उम्र के नेताओं को अलग-अलग पदों पर काम करने का मौका दिया जाए।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नामः** नामालूम, **पुत्रः** नामालूम, **पताः** नामालूम, **उम्रः** लगभग 40–45 साल, **कदः** 5'6", **लिंगः** पुरुष, **रंगः** साफ, **चेहराः** अण्डाकार, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** स्लेटी रंग की टी–शर्ट और काले रंग की पैंट पहने है, जो पीवीआर रेवोली एग्जिट गेट के पीछे गटर में, रीगल बिल्डिंग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली के पास बेहोशी की हालत में मिला तथा उसे दिनांक 12.06.2026 को एलएचएमसी अस्पताल में एमएलसी नं. 2562/26 के तहत भर्ती कराया गया, जहां लाये जाने के तुरंत बाद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस सम्बंध में **डीडी नं. 05ए, दिनांक 13.06.2026, थानाः क्लॉट प्लेस, नई दिल्ली** में दर्ज है।

मृतक के शव को पहचान के लिए एलएचएमसी अस्पताल के शवगृह में 72 घंटों के लिए रखा गया है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

थानाध्यक्ष
थानाः क्लॉट प्लेस, नई दिल्ली
DP/8031/NDD/2026 फोनः 011-23747100, 8383000844

## गुमशुदा की तलाश



रशिका

आम जनता को सूचित किया जाता है कि यह लड़की (फोटो में दर्शाया गया है) जिसका नामः **रशिका, पुत्रीः स्वर्गीय श्री कृष्णा, निवासीः गली नंबर 01/01, वेस्ट कमल विहार, बुराड़ी, दिल्ली से 09.06.2026** को शाम **07:00** बजे अपने घर से अपहृत/लापता हो गयी है। इस संबंध में **FIR No.383/2026 U/S 137(2) भारतीय न्याय संहिता, 2023 दिनांक 12.06.2026** के तहत **थाना बुराड़ी, उत्तरी जिला, दिल्ली** में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

**उनका शारीरिक विवरण इस प्रकार हैः–**

**लिंगः** स्त्री, **उम्रः** 16 वर्ष, **कदः** 4'5", **रंगः** सांवला, **चेहराः** अण्डाकार, **बनावटः** मध्यम, **पहनावाः** आसमानी नीले रंग की टी–शर्ट, गुलाबी रंग का लोअर और पैरों में चप्पल।

स्थानीय पुलिस द्वारा लापता लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए हैं लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है यदि किसी को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।

फोन नः 011-24368638, 011-24368641 | फैक्स नः 011-24368639
ईमेल आईडीः cic@cbi.nic.in | वेबसाइटः http://cbi.nic.in

थानाध्यक्ष
थाना- बुराड़ी, दिल्ली
DP/7977/N/2026 फोनः 8750870132, 011-27676844, 011-27676855

**व्यक्तिगत**

**नाम परिवर्तन**

**मैं,** नेहा मेहरोत्रा सिंह, पत्नी हरजिंदर सिंह, निवासी 80D, पॉकेट-1, मयूर विहार फेज-1, दिल्ली-110091, यह घोषित करती हूँ कि भविष्य में मैं नेहा मेहरोत्रा नाम से जानी जाऊँगी। नेहा मेहरोत्रा सिंह एवं नेहा मेहरोत्रा दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

**I,** Jhalakk D/o Suresh Kumar R/o 4th floor 182-183, Pocket 15, Rohini Sector 24, Delhi -110085 have changed my Name to Jhalakk Singh for all Purposes

**मैं** प्रिया, पत्नी एस बी सुभाष, निवासी 119 कोरल अपार्टमेंट, सेक्टर 7, पोकेट 1, रामप्रस्था ग्रीन्स, वैशाली, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश, ने अपना नाम प्रिया नायर से बदलकर प्रिया कर लिया है। अब से मुझे सभी कार्यों के लिए प्रिया नाम से ही जाना जाएगा।

**भर्ती**

**रिक्त पद**

**SALESPERSON** for Ladies Garments Shop in Janpath Mkt, Experienced, Confident, Salary + Comm., Call 9599866098

**टेंडर और नोटिस**

**सार्वजनिक सूचना (नोटिस)**

**PUBLIC NOTICE**
Notice is hereby given to the General Public that Dr **Himanshu Satish Kaushik** has subsisting legal, contractual and equitable rights arising under the Memorandum Recording Oral Family Arrangement dated 30.08.23,executed between Late Dr Satish Kaushik,Dr. Himanshu Satish Kaushik and Dr. Nitin Satish Kaushik, in respect of the following immovable properties situated in India:(i)**Flat no.30,6th Floor"Jay Mahal", A Road,Churchgate,Mumbai-400021;** & (ii)**Flat no.1104,"Rohit House",3 Tolstoy Marg,Connaught Place,New Delhi-01.** The aforesaid properties are the subject matter of subsisting contractual & equitable rights & claims arising under the said Memorandum.Accordingly, all purchasers, transferees, banks, financial institutions, housing societies, registering authorities and all persons whomsoever are hereby cautioned against purchasing, acquiring, transferring,mutating,registering,encumbering or otherwise creating any third-party rights or interest in respect of the aforesaid properties. Any person dealing with the said properties shall do so entirely at his/her/its own risk, cost & consequences and subject to the rights and remedies available to Dr. Himanshu Satish Kaushik under the aforesaid Memorandum and in accordance with law. The public at large is hereby notified accordingly.
**Issued on behalf of**
**Dr. Himanshu Satish Kaushik**
Sidhant Kapur (Advocate) W-19A, G.K-I N.Delhi-48 E-mail: kaveri@kapurlaw.com

**To book your Shopping ads**
Please contact
Aman : 9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com

HEALTH & WELLNESS
TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.

36 वर्षों के अनुभवी
सैक्स रिलेटेड इशू
मर्दाना कमजोरी, शीघ्र पतन, शुक्राणु की कमी, गुप्त रोगी मिलें
आजाद क्लीनिक
मैन रोहतक रोड़, भुतोवाली गली, नांग्लोई, दिल्ली–41
9873144909
9821124909

सैक्स संबंधी रोग
मर्दाना कमजोरी शीघ्र पतन शुक्राणु की कमी गुप्त रोगी मिलें:
Dr. S. Kumar (BAMS)
नवीन क्लीनिक
मेन चौक नांगलाई, PNB BANK वाली गली में नई दिल्ली-110041
9811564909
9210990444

गुप्त रोगी मिलें
घर बैठे दवा मगायें
सेक्स रोगी
शुगर मोटापा
बचपन की गलतिया
बवासीर, सफेद दाग/सोरायसिस
आकाश दवाखाना
समय 10–7 तक
एक्सप्रेस टावर आकाश सिनेमा के पीछे आजादपुर दिल्ली
9953396533
8860003863

THE TIMES OF INDIA
Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

SEX
रोगों के लिए मिलें
सबलोक क्लिनिक
दरियागंज
नेताजी सुभाष मार्ग
(निकट दिल्ली गेट) नई दिल्ली-2
9891300008
समय : 1 से 6 रविवार : अवकाश
Consultation fees 500/-
हमारी कहीं कोई ब्रांच नहीं है।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
MATRIMONIAL
PROPERTY
BUSINESS
RECRUITMENT, EDUCATION
CHANGE OF NAME, LOST & FOUND
SHOPPING
TENDER, PUBLIC NOTICE
SERVICES, VEHICLES, TRAVEL
BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

| Area / Zone | Contact Person | Mobile No. |
|---|---|---|
| Central Delhi1 + North Delhi | Amit Ghosh | 98117 90649 |
| Central Delhi2 + Ghaziabad | Sunil Srivastava | 99994 99496 |
| South Delhi + Faridabad | Raghav Arora | 99999 95460 |
| West Delhi + Dwarka + Gurgaon | Aman Pasricha | 93126 33518 |
| East Delhi + Noida | Sumit Negi | 98992 68321 |

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 06-15-2026 21:19 Color:

# जिसे कल फ्यूचर कहते थे, उसे आज इलेक्ट्रिक कहते हैं.

ये दौर है इलेक्ट्रिक कार का.

इसमें रेंज है.
पावर है.
फास्ट चार्जिंग है.
बचत है.
और महिंद्रा का भरोसा है.
और अब तक, ये 64000 घरों की
पसंद बन चुकी है.

तो अब सवाल ये नही है
की "क्या इलेक्ट्रिक तैयार है",
बल्कि ये है,
की "क्या आप तैयार हैं?"

ELECTRIC ORIGIN SUVs | mahindra

**चार्जिंग क्रेडिट पर सीमित समय के लिए ऑफ़र**
शुरूआत में पाएं XEV 9e और BE 6 पर ₹20 000.00 की छूट.
सामान्य चालन के लगभग 6 महीने.##

**अपने नज़दीकी डीलरशिप का पता लगाने के लिए स्कैन करें.**

**रेंज का भरोसा**
500 km रियल वर्ल्ड रेंज*

**रियल बचत**
₹10-17 लाख 5 वर्षों में**

**बैटरी एश्योरेंस**
बैटरी पर लाइफटाइम वॉरण्टी#

**फ़ास्ट चार्ज**
20 मिनट में 20% से 80% चार्ज^

**एक्सटेंडेड वारण्टी**
4th और 5th वर्ष, मुफ़्त^^




##वर्तमान टैरिफ दरों पर हिस्टॉरिकल AC-DC चार्जिंग मिक्स पर आधारित. मुफ़्त चार्जिंग लाभ अनुकूल चार्जर्स पर 6 महीने/₹20 000.00, जो भी पहले हो, के लिए मान्य. ऑफ़र 31 जुलाई 2026 तक लागू. अधिक जानकारी के लिए, कृपया अपने डीलर से संपर्क करें. *उचित आसपास का तापमान, लो HVAC के साथ सिटी ड्राइव, सूखी सड़क तथा अनुकूल ड्राइव मोड पर किए गए निजी जांच-परीक्षणों के अनुसार. **महीने में 1500-3000 km के इस्तेमाल के आधार पर, पेट्रोल SUVs की तुलना में सांकेतिक बचत. बचत में चालन तथा मेन्टेनैन्स खर्च और डेप्रिशिएशन बेनिफिट्स शामिल हैं. #केवल प्राइवेट रजिस्ट्रेशन के साथ पहले रजिस्टर्ड मालिक के लिए 15 वर्षों हेतु मान्य. मालिकाना हक बदलने पर, HV बैटरी पर वारण्टी 10 वर्ष या 2 00 000 km - जो भी पहले हो, के लिए लागू होगी. ^180 kW DC फास्ट चार्जर/400A चार्जर इन्पुट के साथ. चालन की दशाओं के आधार पर DC चार्जिंग समय में भिन्नता हो सकती है. ^^नियम तथा शर्तें लागू. ऑफ़र केवल XEV 9e पर लागू है तथा 31 जुलाई 2026 तक मान्य है और इसमें वेरिएंट तथा खरीद के शहर के अनुसार भिन्नता हो सकती है.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH08 User: cci Time: 06-15-2026 23:35 Color:





# दिल्ली NCR के... आसमान का एक और 'दरवाज़ा' खुला

दिल्ली-एनसीआर अब दुनिया के उन चुनिंदा मेगा सिटीज में शामिल हुआ, जहां एक से ज्यादा एयरपोर्ट दे रहे हैं सेवाएं

**नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट से पहले दिन 10 फ्लाइट्स का हुआ आना-जाना, लखनऊ से आई पहली फ्लाइट**

**25 नवंबर, 2021** को प्रधानमंत्री ने इस एयरपोर्ट की आधारशिला रखी थी

**28 मार्च 2026** को इसका किया था उद्घाटन

**15 जून 2026** से यहां से कमर्शल फ्लाइट ऑपरेशंस हुए शुरु

- *शुरुआत में यहां से केवल डोमेस्टिक फ्लाइटों को ऑपरेट किया जाएगा*
- *साल के अंत तक इंटरनैशनल फ्लाइट भी शुरु कर दी जाएंगी*

**पहली फ्लाइट को वॉटर सैल्यूट:** नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट के लिए सोमवार का दिन ऐतिहासिक रहा, जब पहली फ्लाइट के रूप में लखनऊ से सुबह 7:12 बजे टेकऑफ होकर इंडिगो की फ्लाइट नंबर- 6ई-2278 ने सुबह 7:58 बजे नोएडा में लैंड किया। इसके साथ ही नोएडा एयरपोर्ट से कमर्शल पैसेंजर फ्लाइटों का संचालन शुरू हो गया।



**किसानों का सम्मान:** जमीन देने वाले 170 किसान स्पेशल फ्लाइट से पहुंचे लखनऊ, सीएम योगी ने किया सम्मान



नोएडा से पहली इंडिगो फ्लाइट को हरी झंडी दिखाते केंद्रीय मंत्री के. राममोहन नायडू



**खेतों से रनवे तक:** जमीन देने वाले किसान बने पहली उड़ान के खास यात्री, टिकट दिखाती महिला किसान

# पहले दिन लखनऊ, बेंगलुरु, अमृतसर के लिए उड़ानें

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नोएडा एयरपोर्ट:** नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट के लिए सोमवार का दिन ऐतिहासिक रहा। जब पहली फ्लाइट के रूप में लखनऊ से सुबह 7:12 बजे टेक ऑफ होकर इंडिगो की फ्लाइट नंबर- 6ई-2278 ने सुबह 7:58 बजे नोएडा लैंड किया। इसी के साथ ही न केवल नोएडा एयरपोर्ट से कमर्शल पैसेंजर फ्लाइटों का संचालन शुरू हो गया। बल्कि दिल्ली-एनसीआर अब दुनिया के उन चुनिंदा 'मेगासिटी' ग्रुप में भी शामिल हो गया है, जहां एक से अधिक एयरपोर्ट सेवाएं दे रहे हैं। पहले दिन लखनऊ, बेंगलुरु और अमृतसर के लिए फ्लाइट ऑपरेट हुईं।

इस मौके पर इस एयरपोर्ट को जमीन देने वाले 172 किसानों को लखनऊ ले जाने वाली पहली टेक ऑफ करने वाली फ्लाइट को 'सी ऑफ' करने पहुंचे नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि जो काम 10 साल पहले असंभव लगता था। उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संभव कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि जेवर भविष्य में एशिया का सबसे बड़ा एयरपोर्ट बनेगा।

नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट के वाइस चेयरमैन क्रिस्टोफ श्नेलमान ने कहा कि हम अपने पहले यात्रियों और विमानों का स्वागत करते हुए बेहद खुश हैं। इंडिगो के चीफ स्ट्रेटजी ऑफिसर आलोक सिंह ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से परिचालन शुरू करने वाली पहली विमानन कंपनी होना इंडिगो के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

## ऐतिहासिक टेकऑफ

**जल्द शुरू होंगी इंटरनैशनल फ्लाइट्स**
शुरुआती चरण में केवल घरेलू उड़ानें चलाई जा रही हैं, लेकिन बहुत जल्द यहां से अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाएं भी शुरू की जाएंगी।

**कार्गो हब से बढ़ेगा लॉजिस्टिक्स:** एयरपोर्ट पर विकसित की गई अत्याधुनिक एयर कार्गो सुविधाओं से उत्तर भारत के लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को एक नई रफ्तार मिलेगी।

**क्षमता में भारी इजाफा:** पहले फेज में यह एयरपोर्ट सालाना 12 मिलियन (1.2 करोड़) यात्रियों को सेवा देने के लिए तैयार है, जिसे भविष्य में बढ़ाकर 70 मिलियन (7 करोड़) से अधिक किया जा सकेगा।

### पहले दिन कहां-कहां के लिए उड़े विमान

*पहले दिन जेवर एयरपोर्ट से मुख्य रूप से लखनऊ, बेंगलुरु, हैदराबाद और अमृतसर के लिए विमानों की आवाजाही हुई:*

| समय (सुबह/शाम) | फ्लाइट का विवरण / रूट |
|---|---|
| सुबह 08:05 बजे | लखनऊ से पहली वीवीआईपी फ्लाइट नोएडा एयरपोर्ट पर उतरी। |
| सुबह 08:30 बजे | जेवर के 170 किसानों को लेकर विशेष विमान ने लखनऊ के लिए उड़ान भरी। |
| सुबह 08:35 बजे | लखनऊ से आया पहला विमान आगे बेंगलुरु के लिए रवाना हुआ। |
| शाम 05:20 बजे | किसानों को लेकर गया विशेष विमान वापस नोएडा एयरपोर्ट पर सुरक्षित लौटा। |



## कनेक्टिविटी में दिक्कत, बेहतर होगा पब्लिक ट्रांसपोर्ट

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ **नोएडा एयरपोर्ट :** शुरुआत में इस एयरपोर्ट पर कुछ बड़ी समस्याएं नजर आ रही हैं। जिसमें सबसे बड़ी प्रॉब्लम पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में दिल्ली से कनेक्टिविटी की है। तमाम मुद्दों पर एनबीटी ने बात की नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू और नोएडा एयरपोर्ट की सीईओ नीतू समरा से।




■ **दिल्ली एयरपोर्ट की तरह यात्रियों को कैसे मिल सकेगी बेहतर कनेक्टिविटी**
इस बारे में नागर विमानन मंत्री नायडू ने कहा कि शुरुआत में यहां से डोमेस्टिक फ्लाइट होंगी। आने वाले महीनों में इंटरनैशनल फ्लाइट शुरू होंगी। दिल्ली और आसपास के इलाकों से यहां के लिए पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में बेहतर कनेक्टिविटी देने के लिए कई योजनाओं पर काम किया जा रहा है। फिलहाल, एयरपोर्ट टैक्सी, ऐप-आधारित कैब सेवाएं और दिल्ली-एनसीआर और उत्तर भारत के प्रमुख शहरों को जोड़ने वाले समर्पित बस रूट इसमें शामिल किए गए हैं। आने वाले समय में इसे मेट्रो से जोड़ने का भी प्लान है। इन सभी के लिए बड़े स्तर पर काम किया जा रहा है। नोएडा एयरपोर्ट से दिल्ली साउथ एक्स के बीच करीब 75 किलोमीटर की दूरी एनबीटी ने तकरीबन डेढ़ घंटे में तय की, वह भी नॉन स्टॉप। ऐसे में समय अधिक लगने से लोगों को फ्लाइट पकड़ने के लिए घर से जल्दी निकलना होगा।

■ **शुरू में कम यात्री मिलने से अगर एयरलाइंस ने फ्लाइट कैंसल कर दी तो**
केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा कि इस बात को सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी एयरलाइंस लोड कम होने या किसी अन्य उचित वजह से फ्लाइट कैंसल न करें। अगर किसी एयरलाइंस ने बिना मौसम और तकनीकी खराबी या अन्य किसी उचित कारण के फ्लाइट कैंसल की तो उस एयरलाइंस पर डीजीसीए नियमों के तहत सख्त एक्शन लिया जाएगा।

■ **इंडिगो और अकासा के अलावा और एयरलाइंस क्यों नहीं आ रहीं**
आने वाले समय में एयरलाइंस में और बढ़ोतरी होगी। जो एयरलाइंस अभी नहीं आई हैं। वह भी आएंगी। फ्लाइटों की संख्या भी बढ़ाई जाती रहेगी। चूंकि, जेवर एयरपोर्ट सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक है। ऐसे में इस एयरपोर्ट पर जब तक फ्लाइटों का संचालन नॉर्मल नहीं हो जाता। तब तक पूरी निगाह रखी जाएगी। अभी जून में यहां से 12 फ्लाइट ऑपरेट होंगी। जिनकी संख्या जुलाई में 40 से 45 फ्लाइट प्रतिदिन तक बढ़ जाएगी।

■ **अन्य एयरपोर्ट की तरह नहीं हैं डिपार्चर और अराइवल**
जिस तरह से दिल्ली-मुंबई समेत अन्य एयरपोर्ट पर रैंप पर चढ़ते हुए ऊपर की तरफ डिपार्चर और नीचे अराइवल होता है। नोएडा एयरपोर्ट पर ऐसा नहीं है। नोएडा एयरपोर्ट की सीईओ नीतू समरा ने एनबीटी को बताया कि इस टर्मिनल की वार्षिक क्षमता 1.2 करोड़ यात्रियों को संभालने की है। शुरू करने से पहले हर मिनट के हिसाब से यात्रियों के आराम से आने-जाने का ट्रायल रन कराया गया। जो की कामयाब रहा। फोरकोर्ट एरिया से डिपार्चर पर आने-जाने के लिए चार लिफ्ट और चार एस्केलेटर हैं। ऊपर ई-गेटस और डीजी यात्रा सुविधा है।

### अभी मूलभूत सुविधाओं की कमी

यहां मूलभूत सुविधाओं की कमी है। इसमें सबसे पहले यहां फॉरकोर्ट एरिया में वॉशरूम चालू नहीं किया गया है। दूसरी, एक और समस्या यहां पीने का पानी और खाने-पीने का सामान न मिलने की भी दिखाई दी। जबकि साइनेज की भी अभी कमी दिखाई दी।

### दिल्ली एयरपोर्ट से कोई मुकाबला नहीं

एक्सपर्ट का कहना है कि फिलहाल इसका देश के सबसे व्यस्त दिल्ली एयरपोर्ट से कोई तुलना नहीं करनी चाहिए। दिल्ली एयरपोर्ट से हर दिन करीब 1500 फ्लाइट ऑपरेट होती हैं, जबकि नोएडा से अभी 10 से 12 फ्लाइट ही हैं। जब एक्सपेंशन किया जाएगा, तब यह एयरपोर्ट दिल्ली को टक्कर देने लायक होगा।



## हर किसी में दिखा उत्साह, यात्रियों का फूलों से स्वागत

■ **NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा:** नोएडा इंटरनैशनल एयरपोर्ट के संचालन को लेकर स्टाफ से लेकर यात्रियों तक में उत्साह दिखा। सुबह आठ बजे पहली फ्लाइट आने से पहले सभी व्यवस्थाएं चाक चौबंद हो गई।सुबह 8 बजे पहली फ्लाइट के आगमन के साथ ही एयरपोर्ट के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया। विमान के पहुंचते ही यात्रियों का तालियों और फूलों के साथ स्वागत किया गया। कई यात्रियों ने इस ऐतिहासिक क्षण को अपने मोबाइल कैमरों में कैद किया। पार्किंग क्षेत्र, टैक्सी जोन और यात्री ड्रॉप-ऑफ पॉइंट पर भी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित होती नजर आईं। कहीं भी अव्यवस्था या भीड़भाड़ की स्थिति देखने को नहीं मिली।

**ज़मीन देने वाले किसानों का CM योगी ने किया सम्मान**

## फ्लाइट से लखनऊ पहुंचे किसान

■ **NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा**

**नोएडा एयरपोर्ट** के लिए जमीन देने वाले किसान सोमवार को विशेष विमान से लखनऊ गए। मुख्यमंत्री के आवास पर किसानों को सम्मानित किया गया। किसानों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया और स्मृति चिह्न भेंट किया। सीएम ने किसानों ने संवाद किया। किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए।

**किसानों ने सीएम योगी से की मुलाकात, कहा थैंक्यू**

जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह की अगुवाई में 28 महिलाओं और पुरुष किसानों का दल विशेष विमान से लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पहुंचा। किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि आज वह केवल जेवर के विधायक के रूप में नहीं, बल्कि उन हजारों किसान परिवारों की भावनाओं के प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित हैं, जिन्होंने प्रदेश और राष्ट्र के विकास के लिए अपनी पुश्तैनी भूमि समर्पित कर दी। किसान के लिए भूमि केवल संपत्ति नहीं होती, बल्कि उसकी पहचान, उसकी विरासत और उसके परिवार के भविष्य का आधार होती है।मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में किसानों के त्याग, दूरदर्शिता और सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि नोएडा एयरपोर्ट की परिकल्पना को साकार करने में विधायक धीरेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

**बढ़ेगा व्यापार**

## पहली उड़ान में शामिल हुए 75 कारोबारी

■ **NBT रिपोर्ट, ग्रेटर नोएडा:** नोएडा एयरपोर्ट के संचालन की शुरुआत पर लखनऊ से नोएडा तक पहली उड़ान में 75 कारोबारी परिवारों ने यात्रा की। एयरपोर्ट के शुरू होने से नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यमुना एक्सप्रेसवे और जेवर क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। बेहतर हवाई संपर्क के चलते निवेश, व्यापार, निर्यात और औद्योगिक गतिविधियों में बढ़ोतरी की उम्मीद है। सीआरसी ग्रुप ने इसे क्षेत्र के आर्थिक विकास और निवेश संभावनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। बेहतर कनेक्टिविटी और रोजगार के अवसर बढ़ने से आवासीय, व्यावसायिक, रिटेल और वेयरहाउसिंग परियोजनाओं की मांग में तेजी आएगी।

**निवेश, औद्योगिक गतिविधियों में बढ़ोतरी की उम्मीद**

## 'यादगार रहा पहला सफर'

ऑफिस के काम से हैदराबाद गया था। जब पता चला कि नोएडा एयरपोर्ट शुरू हो गया है तो सीधे यहीं की टिकट बुक कर ली थी। नोएडा तक का सफर काफी अच्छा रहा। *-अमित कपूर*

मैं ग्रेटर नोएडा के जीएल बजाज कॉलेज का छात्र हूं। एयरपोर्ट की सुविधाएं बेहतर हैं। एयरोब्रिज से टर्मिनल बिल्डिंग तक आना बेहतर रहा। *-आरुष*

मैं काम के सिलसिले से बेंगलुरु से लखनऊ आया था। पता चला कि नोएडा एयरपोर्ट शुरू हो गया है तो लखनऊ से यहां आ गया। पहले दिन किसी एयरपोर्ट पर आना अलग बात होती है। यहां बेहतर सुविधाएं मिलीं। *-हेमंत*

पहली फ्लाइट से नोएडा एयरपोर्ट आना था, इसलिए रविवार को लखनऊ चला गया। आज लखनऊ से यहां आया हूं। बहुत अच्छा लगा। पहली फ्लाइट से आने की बात ही कुछ और होती है। *-मनोज जैन*

## महिला किसानों ने क्या कहा?

हमने अपनी जमीन एयरपोर्ट बनाने के लिए दी। अब यह बन गया। इसी बहाने हम जहाज में बैठने जा रहे हैं। यूपी में योगी ही उपयोगी हैं। यह बहुत बड़ा अवसर है। इस इलाके के विकास में अब और गति आएगी। -राजवती

जेवर एयरपोर्ट के लिए पुश्तैनी जमीन दे दी। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने अब हवाई यात्रा करा कर मुख्यमंत्री से मिलवाया। यह बहुत ही सौभाग्य की बात है। ऐसा अवसर बार-बार नहीं मिलता। *-बबली*

कई वर्षों से जेवर एयरपोर्ट का निर्माण चल रहा था। अब बनकर पूरी तरह से तैयार हुआ। पहले दिन हमें भी यात्रा करने का अवसर मिला। यह बहुत ही खुशी की बात है। देश-विदेश में जेवर का नाम रोशन होगा। -गीता

जेवर एयरपोर्ट से उड़ान शुरू हो गई। पहले दिन हमें भी यात्रा करने का अवसर मिला। इतने बड़े प्रॉजेक्ट में जमीन देकर हमने भी योगदान दिया है। इस प्रॉजेक्ट के जरिये इलाके का और विकास होगा। *-पूनम*

# उतार-चढ़ाव के बीच 25 साल में पूरा हुआ नोएडा एयरपोर्ट का सपना

### 2001 में यूपी के तत्कालीन CM राजनाथ सिंह ने बनाया था प्लान

Sunil.Pandey2
@timesofindia.com

■ **ग्रेटर नोएडा :** जेवर में इंटरनैशनल एयरपोर्ट बनने का सपना 25 साल में पूरा हो गया। 2001 में बनाई गई योजना 16 साल तक फाइलों में घूमती रही। इसे 2017 के बाद प्रशासनिक गति मिली और अब जाकर यह सच हो गया। दिल्ली-एनसीआर और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की तस्वीर बदलने वाले इस मेगा प्रॉजेक्ट का सफर इतना आसान नहीं था।

**कई नियमों की वजह से फंसा रहा था इसका निर्माण**

जेवर में इंटरनैशनल एयरपोर्ट बनाने का सपना सबसे पहले 2001 में उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने देखा था। उस समय इस महत्वाकांक्षी प्रॉजेक्ट को 'ताज इंटरनैशनल एविएशन हब' (TIAH) का नाम दिया गया था। अप्रैल 2003 में केंद्र की अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने इसकी तकनीकी-व्यवहार्यता रिपोर्ट को मंजूरी दे दी। इसके बाद यह ड्रीम प्रॉजेक्ट फाइलों में दब गया। नियमों के अनुसार दिल्ली के आईजीआई (IGI) एयरपोर्ट के 150 किमी के दायरे में दूसरा नया ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट नहीं बन सकता था, जिसके चलते इस पर ग्रहण लग गया।



2017 में सरकार बनते ही CM योगी ने एयरपोर्ट के लिए केंद्र से पैरवी तेज की थी

### 2017 में मिली तेजी

**2007 में** उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ BSP की सरकार बनी। मायावती सरकार ने प्रॉजेक्ट को जीवित करने की कोशिश की और इसके लिए ब्लूप्रिंट तैयार किया। इसके बाद भी इस प्रॉजेक्ट को हरी झंडी नही मिल सकी। यूपी में सरकार बदलने के बाद इसे आगरा और फिर फिरोजाबाद ले जाने का प्रयास किया गया। हालांकि, 2014 में केंद्र में बीजेपी सरकार आने के बाद इसे वापस जेवर शिफ्ट कर दिया गया। इस एयरपोर्ट के इतिहास में सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट 2017 में आया। योगी सरकार ने आते ही केंद्र से पैरवी तेज की।

### 2021 में आधारशिला

**जून 2017** में नागरिक उड्डयन मंत्रालय से साइट क्लियरेंस और मई 2018 में सैद्धांतिक मंजूरी हासिल की गई। बिना बड़े विवाद के जेवर के किसानों को विश्वास में लेकर जमीन का अधिग्रहण किया गया। नवंबर 2019 में स्विट्जरलैंड की कंपनी ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनैशनल एजी ने इसे विकसित करने का जिम्मा लिया। 25 नवंबर 2021 को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी ने आधारशिला रखी। टाटा प्रॉजेक्ट्स को निर्माण का जिम्मा मिला। मार्च 2026 की शुरुआत में DGCA से एरोड्रोम लाइसेंस मिला।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH09 User: cci Time: 06-15-2026 22:11 Color:



# हॉस्पिटल में आग, 15 मरीज़ सुरक्षित निकाले

■ नवीन निश्चल, डाबड़ी

**डाबड़ी पालम** रोड पर विजय एनक्लेव स्थित चार मंजिला एक अस्पताल में रविवार रात अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही मौके पर फायर ब्रिगेड की 5 गाड़ियां पहुंची। राहत की बात रही की इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। जो मरीज अंदर थे, उन्हें समय रहते दूसरे रास्ते से निकाल लिया गया। अस्पताल के डॉक्टर और स्टाफ ने आग बुझाने वाले उपकरण से आग को बुझाना शुरू किया। दमकल कर्मियों की टीम जब मौके पर पहुंची तो आग पर काबू पाया जा चुका था।

**डाबड़ी: दमकल से पहले ही बुझा दी थी आग**



फायर कंट्रोल रूम को रविवार रात 10:25 बजे आग लगने की सूचना मिली थी। फायर डिपार्टमेंट की गाड़ियों के साथ-साथ असिस्टेंट डिविजनल ऑफिसर रवि नाथ भी मौके पर पहुंचे। वहां पता चला आग हॉस्पिटल के ग्राउंड फ्लोर पर स्थित इलेक्ट्रिक जंक्शन के पैनल में लगी थी। उससे फिर आग के साथ धुआं निकलने लगा था। अस्पताल के कर्मचारियों ने 15 मिनट के अंदर आग को बुझा लिया।

डॉक्टर अतुल अग्रवाल ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर पर बिजली के आउटर पैनल में शॉर्ट सर्किट के कारण स्पार्क हुआ था। उसके बाद उसमें आग लग गई, धुआं भी निकलने लगा। फायर कंट्रोल रूम और पुलिस को भी कॉल की गई। साथ ही हॉस्पिटल के स्टाफ ने खुद आग बुझाने वाले उपकरण लेकर आग को बुझाना शुरू किया। जिसके कारण कुछ देर के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

**बिजली के आउटर पैनल में शॉर्ट सर्किट से लगी आग**

डीसीपी साउथ वेस्ट अमित गोयल ने बताया पुलिस कंट्रोल रूम को रात में ए. एस. मल्टी स्पेशिएलिटी हॉस्पिटल में आग लगने की सूचना मिली थी। सागरपुर थाने के SHO और 15 से ज्यादा पुलिसकर्मियों की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पीसीआर, फायर ब्रिगेड और कैट एंबुलेंस की टीम भी पहुंच गई। वहां पता चला अस्पताल के स्टाफ ने आग को बुझा लिया है। जिस समय आग लगी थी उस समय हॉस्पिटल में लगभग 15 मरीज मौजूद थे। सभी को अस्पताल के स्टाफ ने सुरक्षित निकाल लिया था।

SHIRT TROUSER & JEANS SALE
upto 60% off
Spl. Range of Casual Shirts
Formal & Party Wear
MEN & WOMEN
By Economy Sales: 9212758425
ARROW | PARK AVENUE | ColorPlus | LOUIS PHILIPPE | Levi's
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

## फटाफट खबरें

### स्नैचिंग के दो आरोपी 3 घंटे में गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** थाना सुभाष प्लेस पुलिस ने स्नैचिंग की वारदात का महज तीन घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से छीना गया बरामद किया है। डीसीपी आकांक्षा यादव ने बताया कि 13 जून को शिकायत दी गई थी। शिकायत के आधार पर इंस्पेक्टर तेजपाल सिंह और एसीपी सृष्टि भट्ट की निगरानी में टीम ने आरोपियों को पकड़ा।



### रेलवे स्टेशन छोड़ने का झांसा देकर लूट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन छोड़ने का झांसा देकर बाइक सवार दो बदमाशों ने यूपी के एक युवक को सुनसान इलाके में ले जाकर लूट लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके पैर में चाकू मार दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। मूल रूप से कानपुर ने रहने वाले विवेक यादव (23) ने पुलिस को मामले की शिकायत दी है।



### हेरोइन के साथ दो ड्रग्स तस्कर अरेस्ट

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** रोहिणी थाना पुलिस ने दो ड्रग्स तस्करों को गिरफ्तार कर 8.34 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपियों की पहचान गौरव (26) और सुमन (22) के रूप में हुई है। डीसीपी रोहिणी शशांक जयसवाल ने बताया कि 10 जून को कॉन्स्टेबल विनोद और कॉन्स्टेबल लक्ष्मण ने गश्त के दौरान आरोपियों को पकड़ा। सूचना मिलने पर एसआई नीरज तोमर और कॉन्स्टेबल शीबा मौके पर पहुंचे और तलाशी ली।



### डेढ़ करोड़ की ठगी का आरोप, दो दबोचे

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** शेयर ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का लालच देकर कई लोगों से करीब 1.56 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान मोहम्मद सादिक (32) और जावेद अंसारी (34) के रूप में हुई है। डीसीपी राजेंद्र प्रसाद मीणा ने बताया कि 9 अप्रैल को शाहदरा निवासी एक महिला ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी।



## ऑटो हटाने को लेकर हुआ विवाद, बाइक में लगाई आग




■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**गोविंदपुरी इलाके** में गली के सामने खड़े ऑटो को हटाने को लेकर हुए विवाद में दो युवकों ने एक बाइक को आग लगा दी। पानी डालकर दुकानदारों ने किसी तरह आग को बुझाया, लेकिन तब तक बाइक पूरी तरह जल चुकी थी। वारदात के बाद आरोपी ऑटो लेकर फरार हो गए। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

**दुकानदारों ने पानी डाल किसी तरह आग बुझाई**

पुलिस के अनुसार मोहम्मद तौसिब (32) परिवार के साथ रतिया मार्ग, संगम विहार में रहते हैं। पुलिस को दिए बयान में तौसिब ने बताया कि 12 जून को वह तुगलकाबाद एक्सटेंशन गए थे। बाइक पर शाम करीब 6:30 बजे वापस लौट रहे थे। ओखला एस्टेट मार्ग पर गली के बाहर एक ऑटो खड़ा था। उन्होंने ऑटो ड्राइवर से गाड़ी आगे कने को कहा। आरोप है कि इतने में ऑटो से दो युवक उतरकर आए और बहस करने लगे। बात बढ़ने पर युवकों ने उन पर हेलमेट से हमला कर दिया। एक युवक ने ईंट उठाकर मारने की कोशिश की। वह बाइक छोड़कर गली के बाहर भागे। इसके बाद दोनों युवकों ने उनकी बाइक से पेट्रोल निकालकर उसमें आग लगा दी और ऑटो लेकर फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि 13 जून को केस दर्ज किया गया है।

## नाबालिग से लूट, 12 घंटे में दो गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** समयपुर बादली थाना पुलिस ने एक नाबालिग से चांदी की चेन लूटने के मामले का 12 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से लूटी गई चेन बेचकर हासिल की गई नकदी भी बरामद की है।

डीसीपी शोभित डी. सक्सेना ने बताया कि 11 जून की शाम करीब 5 बजे पीसीआर कॉल के जरिए सूचना मिली थी कि बादली गांव के पंजाबी मंदिर के पास एक युवक से चांदी की चेन लूटी गई है। पुलिस को श्याम सुंदर कुमार (17) ने बताया कि वह लाइब्रेरी से घर लौट रहे थे। शाम करीब 4:54 बजे पंजाबी मंदिर के पास पीछे से आए दो युवकों ने चाकू दिखाकर चेन लूट ली। एसीपी फिरोज आलम और एसएचओ शैलेंद्र सिंह जाखड़ के नेतृत्व में टीम गठित की गई। पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज में वारदात के बाद भागते हुए दो संदिग्ध दिखाई दिए, जिनमें से एक की पहचान बादली गांव के शिवम उर्फ बापू के रूप में हुई। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर शिवम को दबोच लिया। उसकी निशानदेही पर उसके साथी शुभम को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

**आरोपियों से चेन बेचकर हासिल की गई नकदी बरामद की**

## हॉलिडे पैकेज के नाम पर करोड़ों की ठगी

Shanker.Singh
@timesofindia.com

**कंपनी के खिलाफ पहले से है केस दर्ज**



AI Image

**लोगों को होटलों में प्रेजेंटेशन प्रोग्राम के लिए बुलाया, आकर्षक ब्रॉशर, पैकेज और स्पेशल ऑफर दिए**

■ **नई दिल्ली:** नामी होटल ग्रुप के नाम पर लग्जरी वेकेशन पैकेज बेचे गए। पैसा लेने के बावजूद सर्विस नहीं दी गई। कंपनी का ऑफिस ही बंद कर दिया गया। मामले में 30 पीड़ित सामने आए हैं, जिनसे 45 लाख रुपये से ज्यादा की ठगी हुई है। कई और पीड़ित होने की आशंका है, जिससे रकम करोड़ों में जा सकती है। पीड़ितों की शिकायत पर क्राइम ब्रांच ने ठगी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। दावा है कि कंपनी के खिलाफ दिल्ली-हरियाणा में पहले से केस दर्ज हैं।

पीड़ितों ने शिकायत में बताया है कि कंपनी के प्रतिनिधियों ने कॉल कर आकर्षक वेकेशन पैकेज और फाइव स्टार होटल की सुविधाओं का वादा किया था। इसके बाद द्वारका, रोहिणी और जनकपुरी स्थित होटलों में प्रेजेंटेशन प्रोग्राम के लिए बुलाया गया। कंपनी की ओर से आकर्षक ब्रॉशर, पैकेज और स्पेशल ऑफर दिखाए गए। भरोसा दिलाया गया कि कंपनी देश के नामी होटल ग्रुप से जुड़ी है और उन्हें प्रीमियम वेकेशन फैसिलिटी उपलब्ध कराई जाएंगी। पीड़ितों ने 55 हजार रुपये से लेकर 2.48 लाख रुपये तक की रकम ऑनलाइन ट्रांसफर या क्रेडिट कार्ड के जरिए दी।

भुगतान के बाद जब पैकेज का लाभ लेने की कोशिश की तो कंपनी की तरफ से कॉल का जवाब नहीं दिया गया या फिर कम दर्जे के होटल उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया। इस पर पैसा रिफंड मांगने पर कंपनी ने रुपये लौटाने का भरोसा दिया, लेकिन बाद में कंपनी की ओर से कॉल पिक करना बंद कर दिया गया। लाजपत नगर स्थित ऑफिस कुछ महीनों बाद बंद मिला। क्राइम ब्रांच की शुरुआती जांच में पेमेंट रिसिप्ट, मेंबरशिप दस्तावेज, पहचान पत्र और अन्य रिकॉर्ड लिए गए हैं।

जांच में पाया गया कि कंपनी आकर्षक सर्विस का झांसा देकर मेंबरशिप बेचती थी। इसके बाद विभिन्न नियमों और शर्तों का हवाला देकर सुविधाओं को सीमित या डाउनग्रेड कर दिया जाता था।

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
रुधिर विज्ञान विभाग
लोक व्याख्यान एवं पैनल वार्ता
(हिंदी एवं अंग्रेजी में)
प्रस्तुत करता है
एमिलॉयडोसिस
क्या यह चुपके से आपकी सेहत को खराब कर रहा है?
स्वागत एवं प्रस्तावना
डॉ. (प्रो.) निखिल टंडन, निदेशक, एम्स, नई दिल्ली
समन्वयक
डॉ. (प्रो.) तुलिका सेठ, रुधिर विज्ञान विभाग
पैनलिस्ट
डॉ. (प्रो.) संदीप सेठ, डॉ. (प्रो.) मंजरी त्रिपाठी
डॉ. (प्रो.) डी. भौमिक, डॉ. (प्रो.) शालीमार, डॉ. (प्रो.) प्रिया जागिया
डॉ. निधि सोनी, डॉ. गीतिका सिंह, डॉ. जस्मिता दास
एमिलॉयडोसिस व्याख्यान: कार्डियक एमिलॉयडोसिस विषय पर डॉ. संदीप सेठ
• कई समस्याओं वाले इस रोग की शुरुआती पहचान
• डॉक्टरों और आम जनता के लिए एमिलॉयड से जुड़ी आवश्यक जानकारी
• एमिलॉयडोसिस से जुड़ी हृदय, किडनी और अन्य कई समस्याओं के लिए विशिष्ट उपचार की भूमिका
प्रवेश नि:शुल्क
तिथि : 17.06.2026 (बुधवार)
समय : सायं 03:00 से 05:00 बजे तक
स्थान : जवाहरलाल सभागार, एम्स, नई दिल्ली
कोई पंजीकरण की आवश्यकता नहीं हैं
सभी सादर आमंत्रित हैं
कृपया दोपहर 02:45 बजे तक अपना स्थान ग्रहण कर लें)
कार्यक्रम का यूट्यूब एम्स चैनल पर भी सीधा प्रसारण किया जाएगा
https://youtube.com/live/A0q9-DpKGMw?feature=share
यूट्यूब लाइव देखने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें
कृपया व्याख्यान के बाद जलपान में शामिल होने की कृपा करें
मल्टी लेवल अंडरग्राउंड पार्किंग (मस्जिद मोठ परिसर, एम्स के निकट) पर पार्किंग उपलब्ध है।
अधिक जानकारी के लिए कृपया संपर्क करें:
प्रोटोकॉल प्रभाग, एम्स, नई दिल्ली
दूरभाष: 011-26593400, 26593514, 26549131
cbc17112/11/0019/2627

इंडियनऑयल
CIN - L23201MH1959GOI011388
कार्पोरेशन के स्वामित्व और कार्पोरेशन संचालित खुदरा बिक्री केंद्र (कोको) के लिए सेवा प्रदाता की नियुक्ति हेतु सूचना
इंडियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड का दिल्ली राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर अपने कारपोरेशन के स्वामित्व और कारपोरेशन द्वारा संचालित रिटेल आउटलेट्स में जनशक्ति और विभिन्न सेवाएं प्रदान करने के लिए सेवा प्रदाता को नियुक्त करने का प्रस्ताव है।
विस्तृत विज्ञापन, ब्रोशर और आवेदन पत्र वेबसाइट www.iocl.com पर उपलब्ध हैं और इसे डाउनलोड भी किया जा सकता है।
विस्तृत विज्ञापन में निर्दिष्ट कार्यालय पते पर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र दिनांक 15.07.2026 को 1700 बजे तक पहुंच जाने चाहिए।




एपीडा APEDA
Ministry of Commerce & Industry Govt. of India
कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा)
(वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
तीसरी मंजिल, एन.सी.यू.आई. बिल्डिंग, 3 सीरी इंस्टीट्यूटनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग अपोजिट एसियाड विलेज, नई दिल्ली–110016
निदेशक (बीईडीएफ) की भर्ती (संविदा आधार पर)
पीएडी-2020-21-000049 दिनांक: 15 जून, 2026
परिशिष्ट
बासमती निर्यात विकास प्रतिष्ठान (बीईडीएफ) में संविदा आधार पर निदेशक की नियुक्ति के लिए दिनांक 05.06.2026 के विज्ञापन के संदर्भ में, यह सूचित किया जाता है कि अनुसंधान/एक्सटेंशन संगठनों/संस्थानों से योग्य उम्मीदवारों की उम्मीदवारी बढ़ाने के लिए, आयु सीमा में निम्नलिखित अनुसार संशोधन किया गया है:
"सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों (जिनमें केंद्र सरकार/केंद्रीय स्वायत्त या वैधानिक निकायों/राज्य सरकार के अधिकारी शामिल हैं) के विषय में, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को आयु 62 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। हालाँकि, अनुसंधान/एक्सटेंशन संगठनों/संस्थानों से सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के विषय में, जहाँ सेवानिवृत्ति की आयु 62 वर्ष है, आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को, आयु 63 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।"
इसके अतिरिक्त, यह भी सूचित किया जाता है कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 25.06.2026 तक बढ़ा दी गई है।

## फटाफट खबरें

### केरल में महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा

PTI



CM ने योजना की शुरुआत की।

■ **पीटीआई, तिरुवनंतपुरमः** कांग्रेस नीत यूडीएफ सरकार ने अपना प्रमुख चुनावी वादा पूरा करते हुए महिलाओं और ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना 'प्रियदर्शिनी' सोमवार से शुरू कर दी। मुख्यमंत्री वी.डी. सतीशन ने इसे नए केरल के निर्माण की दिशा में निर्णायक कदम बताया। थम्पानूर स्थित केएसआरटीसी बस टर्मिनल पर मुख्यमंत्री ने योजना की शुरुआत की।

### 'पेट्रोल-डीजल के दाम घटाए सरकार'

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद पवन खेड़ा ने पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। सोमवार को उन्होंने कहा कि अब जब युद्ध समाप्त हो गया है तो सरकार के पास यह बहाना भी नहीं बचा है। कच्चे तेल की कीमतों में कमी आने की संभावना है। ऐसे में इसका सीधा लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचना चाहिए।

### इन्वेस्टमेंट स्कैम में 8 ठिकाने ED ने खंगाले

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली/ कोलकाताः** ऑनलाइन निवेश के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले नेटवर्क के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बड़ी कार्रवाई की है। एजेंसी ने मुंबई, ठाणे, बेंगलुरु और गुरुग्राम में 8 ठिकानों पर छापेमारी कर 129 बैंक खातों को फ्रीज किया है। इन खातों में करीब 18.4 करोड़ रुपये जमा थे। इसके अलावा कई लॉकरों को भी सीज किया गया है।

### ट्रांसजेंडर कानून पर सुनवाई रोकी

■ **पीटीआई, नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट ने ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों से जुड़े संशोधित कानून को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विभिन्न हाई कोर्ट में सुनवाई पर सोमवार को रोक लगा दी। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस वी. मोहन की पीठ ने केंद्र की उस याचिका पर नोटिस जारी किया, जिसमें सभी लंबित मामलों को SC में ट्रांसफर कर एकसाथ सुनवाई की मांग की गई है। संशोधित कानून को मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने चुनौती दी है।

### आधार पर अर्जी SC आज सुनेगा

■ **पीटीआई, नई दिल्लीः** सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को आधार कार्ड के कथित 'दुरुपयोग' को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई करेगा। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस वी. मोहना की बेंच सुनवाई कर सकती है। अनुरोध किया गया है कि केंद्र, राज्यों और निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया जाए कि आधार का इस्तेमाल केवल पहचान तक सीमित रखें और नागरिकता, पते और जन्म तिथि के प्रमाण के तौर पर इस्तेमाल रोका जाए।

पेपर के लिए 1000 से ज्यादा छात्रों से लाखों रुपये वसूले गए: पुलिस

# NEET में ऑनलाइन ठगी का भंडाफोड़, 2 आरोपी अरेस्ट

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्लीः** NEET (UG) री-एग्जाम से पहले छात्रों को निशाना बनाने वाले साइबर ठग भी सक्रिय हो गए हैं। अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने अंतरराज्यीय साइबर फ्रॉड गिरोह का भंडाफोड़ कर दो आरोपियों को अरेस्ट किया है। ये सोशल मीडिया के जरिये री-नीट का प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का झांसा देकर छात्रों और अभिभावकों से ठगी कर रहे थे। इनके अलावा बिहार से भी एक आरोपी को पकड़ा गया है, जिसने NEET पोर्टल से करीब 150 छात्रों के रिफंड की राशि अपने बैंक खातों में ट्रांसफर करने की कोशिश की थी।

जांच में सामने आया है कि राजस्थान के दो आरोपी सुमेर सिंह और आकाश मीणा ने कई टेलीग्राम चैनल और ग्रुप बनाकर छात्रों को प्रश्नपत्र उपलब्ध कराने का लालच दिया। इसके बदले ऑनलाइन भुगतान कराया जाता था। एक महीने में आरोपियों ने करीब 1000 मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया, जिनमें अधिकांश छात्र और अभिभावक थे।

उधर, गृह सचिव गोविंद मोहन ने सोमवार को NEET (UG) री-एग्जाम की तैयारियों की समीक्षा की। NTA के महानिदेशक अभिषेक सिंह ने बताया गया कि टेलीग्राम चैनलों पर खास नजर है। हर शिकायत और जानकारी को वेरिफाई कराया जा रहा है।

PTI



अहमदाबाद साइबर क्राइम ब्रांच ने दो आरोपियों को अरेस्ट किया है।

■ रिफंड की राशि अपने खातों में ट्रांसफर करने की कोशिश में एक अन्य को पकड़ा

■ NTA ने कहा- आधिकारिक सूचना पर भरोसा करें, फर्जी दावों से सावधान रहें

### NTA ने लॉन्च किया रिपोर्टिंग प्लैटफॉर्म

NTA ने उम्मीदवारों, अभिभावकों, कोचिंग संस्थानों और आम जनता के लिए एक विशेष रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म शुरू किया है। इसके जरिए NEET (UG) 2026 से जुड़े संदिग्ध दावों, फर्जी वेबसाइटों, सोशल मीडिया अकाउंट्स और धोखाधड़ी वाली गतिविधियों की शिकायत की जा सकती है। NTA का कहना है कि ऐसी सूचनाओं की तत्काल जांच कर कार्रवाई की जाएगी। शिकायत https://innovateindia.mygov.in/neet-ug-2026/ पर रिपोर्ट की जा सकती है। इसके अलावा ऐसी जानकारी NTA की आधिकारिक वेबसाइटों यानी https://www.nta.ac.in/ और https://neet.nta.nic.in/ के जरिए भी साझा की जा सकती है।

### नहीं मिली री-एग्ज़ाम से जुड़ी कोई सामग्री

अहमदाबाद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से NEET या किसी अन्य परीक्षा का कोई प्रश्नपत्र या गोपनीय अध्ययन सामग्री बरामद नहीं हुई। आरोपी केवल फर्जी दावे कर छात्रों और अभिभावकों से पैसे वसूल रहे थे। आरोपी आकाश मीणा साइबर अपराध से जुड़ी करीब 44 वेबसाइटों का संचालन कर रहा था। उसके मोबाइल और लैपटॉप से 8 टेलीग्राम ग्रुप मिले हैं एक साल में आरोपियों के खातों में 1.5 करोड़ रुपये से अधिक का लेन-देन हुआ है।

### एडमिट कार्ड, रिफंड के लिए सलाह

सोमवार शाम तक 7 लाख ने एडमिट कार्ड डाउनलोड कर लिए। हालांकि ट्रैफिक लोड से इसमें दिक्कत हो रही है। एजेंसी का कहना है कि समस्या जल्द दूर हो जाएगी। NTA ने यह भी स्पष्ट किया है कि फीस रिफंड केवल उसी बैंक खाते में होगी, जिसकी जानकारी उम्मीदवार ने आधिकारिक पोर्टल पर दी है। रिफंड के नाम पर OTP, पासवर्ड, UPI PIN या किसी भुगतान की मांग करने वाले कॉल, मैसेज और लिंक से सावधान रहें।

# बागी सांसद बोले- TMC नहीं छोड़ी, चुनाव चिह्न पर दावा करेंगे

■ भाषा, नई दिल्ली/कोलकाता

**TMC के** बागी सांसद अरूप चक्रवर्ती ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने तृणमूल कांग्रेस नहीं छोड़ी है, बल्कि पार्टी को 'सुधारने' की कोशिश कर रहे हैं। उनका गुट पार्टी के चुनाव चिह्न के लिए कानूनी लड़ाई लड़ेगा। उनके साथ 20 सांसद हैं और वे TMC में बदलाव चाहते हैं। इससे पहले, बागी सांसदों ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर कहा था कि वे नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (NCPI) में विलय कर सकते हैं। ममता बनर्जी के समर्थकों ने इस कदम को दल-बदल विरोधी कानून के तहत अवैध बताया है।

**कहा- हम TMC को सिर्फ सुधारने की कोशिश कर रहे**

PTI



सीएम शुभेंदु अधिकारी के कार्यक्रम में शामिल हुईं बागी सांसद माला रॉय।

### फैसले से खुश नहीं कई सदस्य : शांतनु डे

NCPI के संस्थापक शांतनु डे ने कहा, बागी टीएमसी सांसदों के पार्टी में शामिल होने की खबर मीडिया और पार्टी नेताओं से मिली। इस फैसले पर न तो उनसे और न ही पार्टी के अन्य पदाधिकारियों से चर्चा की गई। पार्टी किसी एक व्यक्ति की नहीं होती और संविधान के अनुसार सामूहिक सहमति से ही निर्णय लिया जाना चाहिए। पार्टी के कई सदस्य इससे संतुष्ट नहीं हैं।

# 822 वोटों से 20 लोकसभा सांसदों तक... अचानक क्यों चर्चा में NCPI

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ **नई दिल्लीः** त्रिपुरा विधानसभा चुनाव 2023 में महज 822 वोट हासिल करने वाली नेशनलिस्ट सिटिजंस पार्टी ऑफ इंडिया (NCPI) अचानक राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में आ गई है। इसकी वजह है टीएमसी के बागी सांसदों का इस छोटे से दल में विलय का ऐलान। यदि विलय मान्य हो जाता है तो एनसीपीआई सीधे 20 सांसदों वाली पार्टी बन जाएगी और लोकसभा में चौथी सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभर सकती है। रविवार को टीएमसी के बागी सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर सदन में अलग बैठने की व्यवस्था की मांग की। साथ ही संसद में एनडीए को समर्थन देने का भी ऐलान किया। दूसरी ओर, टीएमसी संसदीय दल के नेता अभिषेक बनर्जी ने स्पीकर को पत्र लिखकर इस गुट को किसी भी प्रकार की मान्यता नहीं देने की अपील की है।

**क्या है NCPI?:** NCPI चुनाव आयोग के साथ पंजीकृत लेकिन गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल है। इसका मुख्यालय हावड़ा में है। पार्टी की अध्यक्ष शिउली कुंडू हैं जो कलकत्ता हाई कोर्ट में अधिवक्ता हैं। इस पार्टी को चुनाव आयोग रजिस्टर्ड अन रिकॉग्नाइज्ड पार्टी की श्रेणी में रखा है। इसका मतलब है कि पार्टी या तो नई है या फिर चुनावों में इतना प्रदर्शन नहीं कर सकी कि उसे राज्य या राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल सके। पार्टी की स्थापना 2022 में हुई थी।

**अचानक बढ़ी अहमियतः** 20 सांसदों के विलय के दावे ने पार्टी को सुर्खियों में ला दिया है। यदि यह संख्या बरकरार रही तो NCPI लोकसभा में चौथी सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है। साथ ही बीजेपी के बाद एनडीए की दूसरी सबसे बड़ी सहयोगी पार्टी बनने की स्थिति में भी आ सकती है।

**बीजेपी में विलय क्यों नहीं?:** वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक राशिद किदवई के अनुसार, बागी सांसदों का सीधे बीजेपी में शामिल होने के बजाय NCPI के साथ जाने का फैसला केवल कानूनी नहीं, बल्कि एक सोची-समझी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। बीजेपी के लिए भी फिलहाल इनको सहयोगी के रूप में रखना, उन्हें सीधे पार्टी में शामिल करने से अधिक सुविधाजनक है। बागी सांसदों का सीधे बीजेपी में शामिल होने के बजाय NCPI के साथ जाने का फैसला केवल कानूनी नहीं, बल्कि एक सोची-समझी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है।

FILE



TMC के बागी सांसदों ने रविवार को लोकसभा स्पीकर से की थी मुलाकात।

■ TMC के बागी सांसदों के विलय के दावे से बढ़ी राजनीतिक अहमियत

■ मंजूरी मिली तो लोकसभा की चौथी सबसे बड़ी पार्टी बनेगी

# CJP संस्थापक दिपके को मारे थप्पड़

■ पीटीआई, जयपुर

**कॉकरोच जनता** पार्टी (CJP) के संस्थापक अभिजीत दिपके को जयपुर में कथित तौर पर थप्पड़ मारने की घटना सामने आई। पुलिस के मुताबिक, सोमवार को प्रदर्शन के दौरान यह घटना हुई, जब समर्थक उन्हें कंधों पर उठाकर ले जा रहे थे। दो युवकों को हिरासत में लेकर जांच की जा रही है।

यह घटना शहीद स्मारक पर हुई, जहां बड़ी संख्या में युवा NEET पेपर लीक और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर प्रदर्शन के लिए जुटे थे। दिपके को थप्पड़ मारने वालों को उनके समर्थकों ने पकड़ लिया और पुलिस के दखल देने से पहले उन पर हमला कर दिया। घटना के बाद दीपके ने धर्म और जाति के आधार पर विभाजित नहीं होने की अपील की।

बाद में 'एक्स' पर एक विडियो संदेश में आरोप लगाया कि उन पर हमला आंदोलन बाधित करने की कोशिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा, 'लेकिन हम कॉकरोच इन हथकंडों से डरने वाले नहीं हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना होगा। यही हमारा एकमात्र उद्देश्य है। CJP मंगलवार को नागपुर में प्रदर्शन करेगी।'

Agency



सोमवार को प्रदर्शन के दौरान घटना, पुलिस ने दो को हिरासत में लिया

### अभिषेक बनर्जी ED में पेश, पूछताछ

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली/ कोलकाताः** कथित शिक्षक भर्ती घोटाले में तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी सोमवार को ED के समन पर पेश हुए। उनसे कथित मनी लॉन्ड्रिंग में पूछताछ हुई। मामले से जुड़े वित्तीय लेन-देन, धन के स्रोत और उसके प्रवाह को लेकर पूछताछ हुई। ईडी अधिकारी के मुताबिक बनर्जी से पूछताछ के लिए दर्जनों सवालों की सूची तैयार की गई थी। पूछताछ की प्रक्रिया की वीडियोग्राफी में हुई, जिसका सत्यापन किया जाएगा।

### मैसुरु के रेस्तरां-पब में आग, दो की मौत



हादसे में सात लोग घायल हैं।

■ **पीटीआई, मैसुरुः** मैसुरु के एक रेस्तरां-पब में सोमवार को आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य गंभीर रूप से झुलस हो गए। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों की पहचान साहिल और प्रकाश के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि यह घटना शहर के दत्तागल्ली इलाके में नेताजी सर्कल के पास स्थित दो मंजिला रेस्तरां-पब में हुई। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट हो सकता है। दमकल अधिकारियों के अनुसार, आग लगने के दौरान पब में 25 से अधिक लोग मौजूद थे। दमकल और आपातकालीन सेवाओं के कर्मचारियों ने सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। उन्होंने बताया कि इमारत के भीतर धुआं भर जाने पर कुछ लोगों ने बाहर निकलने के लिए ऊपरी मंजिल से छलांग लगा दी। घटना में सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# राम मंदिर पहुंची SIT ने खंगाली दानपात्र से काउंटिंग तक प्रक्रिया

■ NBT रिपोर्ट, अयोध्या

**राम मंदिर** में चढ़ावा राशि में कथित गबन के आरोपों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय SIT ने सोमवार को अयोध्या पहुंचकर जांच शुरू कर दी। टीम ने मंदिर परिसर में दानपात्रों से लेकर काउंटिंग हॉल तक चढ़ावे की पूरी प्रक्रिया की पड़ताल की और काउंटिंग में लगे कर्मचारियों से पूछताछ की।

जांच दल में मंडलायुक्त लखनऊ विजय विश्वास पंत, आईजी लखनऊ रेंज किरन एस और वित्त विभाग के विशेष सचिव नील रतन शामिल हैं। टीम ने सबसे पहले डीएम शशांक त्रिपाठी और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर से मुलाकात कर मामले की जानकारी ली। इसके बाद मंदिर परिसर पहुंचकर दानपात्रों का निरीक्षण किया और चढ़ावा निकालने, उसकी सुरक्षा तथा काउंटिंग तक पहुंचाने की व्यवस्था को समझा। SIT ने काउंटिंग हॉल में कर्मचारियों से सीधे बातचीत कर पूरी प्रक्रिया की जानकारी जुटाई। ट्रस्ट पदाधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बंद कमरे में बैठक भी हुई। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने टीम से चर्चा की, जबकि वरिष्ठ सदस्य डॉ. अनिल मिश्र इलाज के लिए बाहर होने के कारण मौजूद नहीं रहे। सूत्रों के अनुसार, SIT ने काउंटिंग से जुड़ी महत्वपूर्ण फाइलें अपने कब्जे में ली हैं। साथ ही उन लोगों का ब्योरा भी जुटाया गया है, जिन पर चढ़ावे की रकम में गड़बड़ी के आरोप लगे हैं या जिनके पास से कथित तौर पर रकम बरामद हुई है। सूत्रों के मुताबिक SIT अगले कुछ दिनों तक अयोध्या में रहकर जांच जारी रखेगी। यह मामला तब चर्चा में आया था जब अयोध्या के पूर्व विधायक पवन पांडेय ने चढ़ावे में गड़बड़ी का आरोप लगाया था। बाद में समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी इस मुद्दे को उठाया था।




### जांच के दायरे में कर्मचारी-पदाधिकारी

राम मंदिर चढ़ावा गबन मामले की जांच में केवल काउंटिंग एजेंसी और बैंक कर्मचारियों की भूमिका ही नही, बल्कि ट्रस्ट से जुड़े जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही भी परखी जाएगी। जांच एजेंसी काउंटिंग टीम के करीब 40 कर्मचारियों, निगरानी में लगे ट्रस्ट प्रतिनिधियों और चढ़ावे की प्रक्रिया से जुड़े अन्य कर्मियों से पूछताछ कर सकती है। पूर्व कर्मचारी रामशंकर यादव पर सीसीटीवी फुटेज डिलीट कराने और अपने प्रभाव का दुरुपयोग करने के आरोपों की भी पड़ताल होगी। इसके अलावा कर्मचारियों की कथित संपत्ति वृद्धि, चढ़ावे की रकम की बरामदगी और वित्तीय लेनदेन की जांच होगी। ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र समेत वित्तीय संचालन से जुड़े पदाधिकारियों से भी पूरी प्रक्रिया को लेकर जानकारी ली जाएगी।

### विकसित भारत युवा संसद की शुरुआत आज

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्लीः** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला मंगलवार को राष्ट्रीय स्तर पर विकसित भारत युवा संसद का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के मुताबिक, 17 जून तक दिल्ली में यह आयोजन रहा है। इस आयोजन से युवा नागरिकों को शासन, नीतिगत विचार-विमर्श और संसदीय कार्यप्रणाली की व्यावहारिक समझ हासिल हो सकेगी। उन्होंने कहा कि भारत युवा संसद महज एक कार्यक्रम नहीं बल्कि आंदोलन है।

### 2 दिन किस आधार पर परोसा जा रहा नॉनवेजः राज्यपाल

■ **NBT न्यूज, लखनऊः** डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के तीसरे दीक्षांत समारोह में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने संस्थान की व्यवस्थाओं पर कड़ी नाराजगी जताई। राज्यपाल ने हॉस्टलों में सप्ताह में दो दिन नॉनवेज भोजन दिए जाने के आधार पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि संस्थान की व्यवस्थाएं 15 दिन के भीतर सुधारी जाएं। वह स्वयं दौरा कर इसकी समीक्षा करेंगी।

# हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून में जाम से कराहे पर्यटक



पहाड़ों की ओर जाने वाले अधिकतर रास्तों पर गाड़ियों की लगी लाइन।

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

**उत्तराखंड में** सोमवार को भी कई इलाकों में 10-10 किलोमीटर लंबे जाम से लोग जूझते रहे। हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून और पहाड़ों की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। खरमास समाप्त होने पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए पहुंचे, जिससे दिल्ली-देहरादून हाइवे, लक्सर-हरिद्वार मार्ग, नेपाली फार्म, ऋषिकेश-शिवपुरी मार्ग और देहरादून-मसूरी रोड सहित कई सड़कों पर यातायात प्रभावित रहा। चारधाम यात्रा के चलते भी वाहनों का दबाव है। 36 लाख से ज्यादा यात्री चारधाम और हेमकुंट पहुंच चुके हैं।

### कैंची धाम में बाबा के दर्शन के लिए कतारें

कैंची धाम के स्थापना दिवस पर बाबा नीम करोली के दर्शन के लिए देश-विदेश के भक्तों का तांता लगा रहा। मेले का शुभारंभ सुबह की आरती के साथ हुआ। श्रद्धालु हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए बाबा के दर्शन के लिए कतारों में लगे रहे। तड़के 4 बजे से लाइन लगनी शुरू हो गई थी। भीमताल, भवाली, सैनिटोरियम, नैनीताल, खैरना, अल्मोड़ा, हल्द्वानी और काठगोदाम से शटल के जरिये श्रद्धालुओं को कैंची धाम पहुंचाया गया।

## 12 राशियां और आपका दिन



**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आपकी रुचि जप-तप, यज्ञ ईश्वरीय भक्ति में अधिक रहती है, अतः आज सामाजिक और धार्मिक कार्यों में सहयोग करेंगे। आज आपके अच्छे कार्यों से आपका व आपके परिवार का गौरव बढ़ेगा। आपकी निर्णय लेने की क्षमता का लाभ भी आपको मिलेगा। अर्धरात्रि तक शीतोष्ण विकार भी आपको परेशान कर सकते हैं।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आज आपको संतान पक्ष के श्रेष्ठ आचरण का और उनकी सफलता का यश और हर्ष होगा। माता-पिता से आशीर्वाद लेकर घर से निकलें, कोई विशेष सफलता मिलेगी। सांसारिक सुख-भोगों का विस्तार होगा। आमदनी के नए मार्ग बनेंगे। सांयकाल से रात्रि तक का समय देवदर्शन और पुण्य कार्यों पर व्यतीत होगा।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
यदि कोई मुकदमा या कोई अन्य पूछताछ चल रही है तो आज समय आपके लिए अनुकूल नहीं है। त्वरित निर्णय न ले पाने के कारण कार्यों में बाधा व हानि होगी। यदि आप नौकरी करते हैं तो अधिकारियों की कृपा से अधिकारों में वृद्धि हो सकती है। रात्रि का समय संगीत और मौज मस्ती में व्यतीत होगा।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
यदि आपकी प्रोन्नति रुकी हुई है तो आज अवश्य हो जाएगी। इसके अतिरिक्त आज आप अपनी वाक्पटुता से किसी बहुत बड़े अफसर को अपनी ओर आकर्षित करने में सफल रहेंगे। आप नेत्र विकारों से होने वाली परेशानी में कमी आएगी। निर्णय लेने की क्षमता का लाभ होगा। तीखा भोजन आपके स्वास्थ्य को खराब कर सकता है।

**LEO** 23 July - 22 Aug
यदि आप व्यापारी हैं तो आपके व्यापार में कुछ नए परिवर्तन होंगे। नौकरी पेशा हैं तो आपके अधिकार बढ़ेंगे, जिससे आपको आर्थिक लाभ और सम्मान मिलेगा। परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलेगा। सांयकाल से लेकर रात्रि तक आप सामाजिक कार्य तथा भोग विलास में लिप्त रहेंगे।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज आपके अधिकारों में वृद्धि के साथ-साथ उत्तरदायित्व भी बढ़ेंगे। अपनी शानो शौकत के लिए आप धन का अपव्यय कर सकते हैं। आप दूसरों की भलाई और सेवा मन लगाकर दिल से करते रहे हैं। इसका लाभ आज आपकी संतान को मिलेगा। रात्रि में आपकी रुचि दूध, दही एवं मिष्ठान में बढ़ेगी।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज काफी सोच-विचार कर काम करने के उपरांत भी नुकसान होने की संभावना रहेगी। अकस्मात कोई राजकीय दण्ड भी प्राप्त हो सकता है। इसलिए जोखिम के कामों से दूर रहें। सांयकाल से लेकर रात्रि तक भी छोटे-मोटे कष्ट और मानहानि की संभावना बनी रहेगी। रक्ताल्पता और वायु विकार से शारीरिक परेशानी बढ़ सकती है।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
आज किसी बहुमूल्य वस्तु से लाभ होने की संभावना रहेगी। यदि आप नौकरी करते हैं तो पद एवं अधिकारों में वृद्धि होगी। आप के साहस एवं पराक्रम के सामने शत्रु नतमस्तक होंगे। संतान के प्रति आपकी प्रेम भावना बढ़ेगी। सांयकाल से लेकर रात्रि तक आपकी रुचि तप-यज्ञ एवं ईश्वरीय ज्ञान की ओर बढ़ेगी।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आज का दिन गुरु के प्रति निष्ठा एवं भक्तिभाव पूर्ण रहेगा। इस समय में आध्यात्म से तत्व ज्ञान की प्राप्ति होगी। आपकी बुद्धि-विवेक नई-नई खोज करने में लगेगी, रुके हुए धन की प्राप्ति होगी। सांयकाल में अकस्मात संतान कष्ट होने का योग है। विश्वास प्राप्त व्यक्ति एवं विश्वासघात करने का प्रयास करेंगे।

**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज आपमें शारीरिक शक्ति एवं उत्साह अधिक रहेगा किन्तु ऐसे अनावश्यक खर्चे सामने आएंगे, जो कि न चाहते हुए भी मजबूरी में करने पड़ेंगे। यदि आपकी प्रोन्नित रुकी हुई है तो अवश्य प्राप्त हो जाएगी। आपके हाथ में बड़ी मात्रा में पैसा आने से हर्ष होगा। सांयकाल और रात्रि में शुभ व्यय तथा कीर्ति में वृद्धि होगी।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज आप विशेष धैर्य से काम लें क्योंकि जल्दबाजी में किए गए कार्य से हानि होने की संभावना रहेगी। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं की वृद्धि होगी। नए-नए कार्यों में विनिमय करना पड़े तो अवश्य करें। आगे चलकर लाभ होगा। मंगल कार्यों के लिए किए गए प्रयासों में सफलता मिलेगी।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आज आप स्वास्थ्य की तरफ से परेशान रहेंगे। पाचन क्रिया मंद एवं पेट में वायु विकार संबंधित कष्ट हो सकता है। यदि आप किसी वित्तीय संस्था या व्यक्ति से ऋण लेना चाहते हैं तो आसानी से मिल जाएगा। नई-नई योजनाएं बनाकर उन्हें सफल बनाने का पूर्ण प्रयास करें। आपके साहस एवं पराक्रम से आपका आत्म विश्वास बढ़ेगा।

### सुडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 6 | | | 7 | | 9 |
| | | | | 3 | | | | 1 |
| | 3 | | 5 | | 9 | 2 | | |
| 6 | 4 | 7 | | | | | | |
| | 2 | | 1 | | 4 | | 7 | |
| | | | | | | 9 | 8 | 4 |
| | | 9 | 3 | | 8 | | 4 | |
| 5 | | | | 6 | | | | |
| 4 | | 2 | | | 5 | 6 | | |

### कल के सुडोकू का जवाब

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 1 | 3 | 6 | 8 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 8 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 4 | 3 | 6 | 9 | 7 | 5 |
| 4 | 5 | 2 | 6 | 7 | 3 | 8 | 9 | 1 |
| 8 | 9 | 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 |
| 3 | 1 | 7 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 | 4 | 3 |
| 6 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 3 | 6 | 5 | 2 | 8 | 9 |

### TELEVISION big magic



09:00 बबलू डबलू
10:00 बंदबुध बुड़बक
11:00 रुद्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चक्रधारी अजेय कृष्णा
13:30 भ से भड़े
14:30 हम पांच
15:00 अजब देश की गजब कहानी
16:30 प्यार मौहब्बत हैप्पी लकी
18:30 रुद्र के रक्षक
21:00 चीख

### कल का पंचांग (बुधवार, 17 जून 2026)

राष्ट्रीय मिति ज्येष्ठ 27, शक संवत 1948 द्वितीय (शुद्ध) ज्येष्ठ शुक्ला, तृतीया, बुधवार, विक्रम संवत 2083। सौर आषाढ़ मास प्रविष्टे 03, मुहर्रम 01, हिजरी 1448 (मुस्लिम), तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 17 जून 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, ग्रीष्म ऋतुः। राहुकाल मध्याह्न 12 बजे से 01 बजकर 30 मिनट तक। तृतीया तिथि रात्रि 09 बजकर 39 मिनट तक उपरांत चतुर्थी तिथि का आरंभ। पुनर्वसु नक्षत्र अपराह्न 01 बजकर 37 मिनट तक उपरांत पुष्य नक्षत्र का आरंभ। ध्रुव योग रात्रि 08 बजकर 51 मिनट तक उपरांत व्याघात योग का आरंभ। तैतिल करण पूर्वाह्न 11 बजकर 16 मिनट तक उपरांत वणिज करण का आरंभ। चन्द्रमा प्रातः 08 बजकर 14 मिनट तक मिथुन उपरांत कर्क राशि पर संचार करेगा।

### जन्मदिन की शुभकामनाएं

इस वर्ष गुरु-शुक्र एवं मुंथा का मिश्रित प्रभाव आपके वर्षफल को प्रभावित करेगा। जून शेष से जुलाई तक आयात-निर्यात के व्यवसाय से जुड़े व्यापारियों को बारम्बार अच्छे अवसर मिलने से समृद्धि बढ़ेगी। अगस्त से सितंबर में अत्याधिक सक्रियता के बावजूद अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से मायूसी रहेगी। अक्टूबर, नवंबर में यदि कार्य का समय पर निष्पादन नहीं हो पाया तो शत्रु कहीं पर भी विश्वासघात कर सकते हैं। दिसंबर, जनवरी 2027 में नियमित कार्यक्रमों में बदलाव लाने से यथोचित लाभ होता चला जाएगा। फरवरी, मार्च में स्वास्थ्य न्यून रहने पर भी सभी रुके हुए कार्य कुछ झंझटों और खर्चा करने के बाद बन जाएंगे। अप्रैल में किसी मंगल कार्य की योजना बनेगी। मई से जून मध्य तक सार्थक यात्रा और देशाटन के योग हैं।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

11 www.nbt.in
नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली।
मंगलवार, 16 जून 2026

NBT GOOD न्यूज़

**दूसरों का दिन बना सकती है आपकी मुस्कान**
मुस्कुराहट केवल चेहरे की प्रतिक्रिया नहीं होती, यह सामने वाले व्यक्ति के मूड को भी प्रभावित करती है। एक सच्ची मुस्कान अक्सर रिश्तों में भरोसा और अपनापन बढ़ा देती है।

# कचरे से कमाई... सोसायटियां बदलाव लाईं

## स्टील प्लेट बैंक, सोलर पावर, घर में खाद, पुराने कपड़ों के इस्तेमाल से बदल रही लोगों की सोच

Mini.Thomas
@timesofindia.com

■ **बेंगलुरु:** बेंगलुरु की कई हाउसिंग सोसायटियां अब पर्यावरण बचाने के लिए बड़े-बड़े दावे नहीं, बल्कि रोजमर्रा की छोटी लेकिन असरदार पहल कर रही हैं। कहीं स्टील प्लेट बैंक शुरू किया गया है, तो कहीं घरों में खाद बनाई जा रही है। कई सोसायटियां सोलर पावर अपना रही हैं और पुराने कपड़ों, कांच की बोतलों को दोबारा इस्तेमाल में ला रही हैं। इन पहलों का मकसद सिर्फ कचरा कम करना नहीं, बल्कि लोगों की जीवनशैली को टिकाऊ बनाना है।

कैस्केडिंग मीडोज सोसायटी में शुरुआत स्टील प्लेट, गिलास और चम्मच के इस्तेमाल से हुई। यहां कार्यक्रमों में डिस्पोजेबल सामान बंद कर दिया गया। धीरे-धीरे लोगों ने इन बर्तनों को घर के निजी कार्यक्रमों में भी इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। इससे प्लास्टिक और कागज के कचरे में कमी आई। सोसायटी निवासी नीलिमा गुडिपाटी बताती हैं कि इस बदलाव के पीछे कोई सख्ती नहीं, बल्कि लगातार जागरूकता और लोगों की भागीदारी रही।






डोड्डानेकुंडी के 'फर्न्स पैराडाइज' में चलाई गई हरियाली मुहिम। (दाएं) 'एचएसआर सिटिजन फोरम' ब्लाउज के कपड़ों को इकट्ठा कर उपयोगी थैले बना रहा है।

### कुदरत को संवारने की कई पहल

■ 'सेंचुरी सरजापुर अपार्टमेंट्स' में लगे सोलर प्लांट से कॉमन एरिया की बिजली जरूरत पूरी होने के साथ ही बिल में भी काफी बचत हो रही है। 'फर्न्स पैराडाइज' में 2014 से कचरे से खाद बनाई जा रही है। यहां अब तक 1000 से ज्यादा स्थानीय प्रजाति के पेड़ लगाकर हरियाली को भी बढ़ावा दिया गया है।
हेब्बल और डोमलुर जैसी जगहों पर कांच की बोतलों को रिसाइकल किया जा रहा है। 'भुवना ग्रीन्स' और 'टेरेसा गार्डन' में पुराने कपड़े जरूरतमंदों तक पहुंचाए जा रहे हैं।
वहीं, कार्डबोर्ड बॉक्स को बेचकर हाउसकीपिंग स्टाफ के लिए अतिरिक्त कमाई का जरिया भी बनाया गया है। 'एचएसआर सिटीजन फोरम' पुराने कपड़ों से उपयोगी बैग बनाकर प्लास्टिक का इस्तेमाल कम कर रहा है। इन छोटी लेकिन असरदार पहलों से प्रकृति भी संवर रही है और लोग अपनी सामाजिक जिम्मेदारी भी निभा रहे हैं।

हम पारंपरिक तंबोला ब्लाउज पीस को उपयोगी कपड़े के बैग में बदल रहे हैं। इससे एक सांस्कृतिक कपड़ा बेकार जाने के बजाय दोबारा इस्तेमाल में आ रहा है।
*– पुष्पा वेंकटेश, वॉलंटियर, एचएसआर सिटीजन फोरम*

हम सोसायटी में टूल लाइब्रेरी शुरू करने की योजना बना रहे हैं। ड्रिल मशीन, स्पैनर, सीढ़ियां, ट्रॉली, बैटरी जंपर सेट जैसी चीजें साझा इस्तेमाल के लिए उपलब्ध होंगी। यह अनावश्यक खरीदारी कम करने का तरीका है। *– एम. प्रकाश, निवासी, रेनट्री बुलेवार्ड, जैक्कुर*



### विचार

खुश रहने वाले लोग हर परिस्थिति में उम्मीद ढूंढ लेते है। वे मुश्किलों से भागते नही, बल्कि उन्हें सीख और आगे बढ़ने का मौका मानते हैं।
*- दलाई लामा (Dalai Lama)*

### ज़रा हंस लें

**बॉसः** तुम्हें इस काम का कोई तजुर्बा नहीं है, फिर भी तुम इतनी ज्यादा सैलरी क्यों मांग रहे हो? **कर्मचारीः** सर, जब काम का तजुर्बा नहीं होता, तो काम करने में दिमाग और मेहनत ज्यादा लगती है!

### कविता

AI Image



**भारत की शान है**

इतिहास समेटे अपनी हर एक पुरानी
दीवार में
दिलवालों की बस्ती है यह दिल्ली प्यार में।
लाल किले की शान निराली
जामा मस्जिद, राजघाट, शांतिवन, किसान
घाट, कुतुब की ऊंचाई है
कर्तव्य पथ पर शहीदों की अमरज्योति
जगमगाई है।
गली गली में गूंजती जहां की
तहजीब पुरानी है
जमुना के तट पर लिखी
एक अनेक ही कहानी है।
वासुदेव घाट पर शाम को
होती आरती प्रेम भाव प्यार
सदा जागती है।
चौड़ी सड़कें दौड़ती बस मेट्रो की रफ्तार
उड़ते राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय नए
विमान है।
देश की धड़कनें है दिल्ली भारत
की शान हैं।
मुस्लिम वंश अंग्रेजों के शासन
स्वतंत्रता के बाद भारत की
शान है।
दिल्ली की अपनी नई पहचान है।



मीना धानिया, NBT रीडर

**अगर आपने भी दिल्ली के बारे में कोई कविता लिखी है या कोई पेंटिंग बनाई है** *तो हमें अपनी फोटो के साथ ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।*

# 9 साल की उम्र में लकवा, 24 में नज़र हुई धुंधली, 91 में ज़िंदादिली की दौड़

Marcus.Mergulhao
@timesofindia.com

■ **पणजी:** 9 साल की उम्र में लकवा और 24 की उम्र में गंभीर बीमारी से मौत को करीब से देखने वाली मारिया इमेल्डा डी सूसा ने साबित कर दिया है कि मजबूत हौसले के आगे हर चुनौती घुटने टेक देती है।

आज 91 साल की उम्र में, जब लोग आराम की सोचते हैं, इमेल्डा गोवा के सांता क्रूज एथलेटिक्स स्टेडियम में अपने कदमों की रफ्तार से नया इतिहास लिख रही हैं। हाल ही में हुए 'नैशनल वुमेन मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप' में वह सुबह सबसे पहले रजिस्ट्रेशन डेस्क पर पहुंचने वाली एथलीट थीं। 90 से अधिक आयु वर्ग की वह इकलौती प्रतिभागी हैं, जिन्होंने शॉट पुट, जैवलिन थ्रो और अपनी पसंदीदा 100 मीटर दौड़ में हिस्सा लिया।







इमेल्डा ने पहले 2 किलो का शॉट पुट उठाया और उसे 3 मीटर से अधिक दूर फेंका। फिर 100 मीटर दौड़ में उन्होंने यह दूरी 44 सेकंड मे पूरी की।

### रिटायरमेंट के बाद शुरू किया दौड़ना

मैदान पर उतरते ही उन्होंने पहले 2 किलो का शॉट पुट 3 मीटर से अधिक दूर फेंका और फिर 100 मीटर की दौड़ महज 44 सेकंड में पूरी कर ली। यह रिटायर्ड टीचर जवानी में कभी एथलीट नही थी, उन्होंने रिटायरमेंट के बाद दौड़ना शुरू किया। वह एशियन मास्टर्स में सिल्वर और गोल्ड मेडल भी जीत चुकी हैं। बचपन में लकवा और जवानी में गंभीर बीमारी से लाचार रहीं इमेल्डा आज पूरी तरह आत्मनिर्भर हैं। वह मापुसा बाजार से खुद चलकर सब्जियां लाती हैं, बिना मशीन के कपड़े धोती हैं और खाना बनाती हैं। उनका यह सफर सिखाता है कि सपनों को जीने की कोई उम्र नहीं होती।

# प्यासे जिले का जल के लिए जतन, पानी पहुंचा घर-घर

## तपती धरती के नीचे छिपा था समाधानः जहां फरवरी में पहुंचते थे टैंकर, वहां मई में भी पानी भरपूर

Rashmi.Drolia
@timesofindia.com

■ **राजनंदगांव :** जब देश के कई हिस्सों में गर्मी के साथ पानी का संकट भी गहराने लगता है, तब राजनंदगांव की कहानी कुछ अलग नजर आती है। यहां मई की तपती दोपहर में भी पानी के लिए टैंकरों की आवाज नहीं सुनाई देती। 45 डिग्री से ज्यादा तापमान के बावजूद जिले की 58 पंचायतें भी अपने दम पर पानी की जरूरत पूरी कर रही हैं, जो कभी फरवरी खत्म होते होते टैंकरों पर निर्भर हो जाती थीं।

इस बदलाव के पीछे है दो साल की वैज्ञानिक योजना, हजारों जल संरक्षण ढांचे और बारिश की हर बूंद को जमीन के भीतर पहुंचाने की सोच। कभी गिरते भूजल स्तर और बढ़ते जल संकट से जूझ रहे राजनंदगांव जिले ने आज ऐसा मॉडल खड़ा किया है, जिसकी चर्चा देशभर में हो रही है। इसी पहल के लिए जिले को हाल ही में JSW TOI अर्थ केयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए संस्थागत नेतृत्व की श्रेणी में मिला है।

राजनंदगांव के कलेक्टर जितेंद्र यादव बताते हैं कि पिछले दो वर्षों में जिला प्रशासन ने GIS मैपिंग, रिमोट सेंसिंग, भूगर्भीय सर्वे और रिज टू वैली हाइड्रोलॉजिकल प्लानिंग की मदद से बारिश के पानी के बहाव और भूजल का अध्ययन किया। इस आधार पर मिशन जल रक्षा के तहत भूजल भंडार, कंटूर लाइन्स, भूगर्भीय दरारों और प्राकृतिक जल निकासी मार्गों की मैपिंग की गई। फिर जिले भर में परकोलेशन टैंक, इंजेक्शन वेल्स, रिचार्ज शाफ्ट, कंटूर ट्रेंच, सोक पिट, गैबियन स्ट्रक्चर और फार्म पॉन्ड जैसे हजारों ढांचे तैयार किए गए।



इस बदलाव के पीछे है दो साल की वैज्ञानिक योजना, हजारों जल संरक्षण ढांचे और बारिश की हर बूंद को जमीन में पहुंचाने की सोच

■ **GIS मैपिंग**, रिचार्ज वेल्स और मिशन जल रक्षा ने बदली जिले की तस्वीर
■ **भूजल सुधार** के लिए मिला JSW TOI Earth Care Award
■ **यह मॉडल** जल संकट से जूझ रहे इलाकों को दिखा रहा राह



### 300 से ज़्यादा गांवों में था जल संकट

दरअसल, यह पहल ऐसे समय शुरू हुई, जब जिले में भूजल संकट बढ़ रहा था। केंद्रीय भूजल बोर्ड के आकलन के मुताबिक, राजनंदगांव के तीन ब्लॉक अत्यधिक भूजल दोहन के कारण सेमी क्रिटिकल श्रेणी में पहुंच गए थे। जिले में भूजल का करीब 85 पर्सेंट उपयोग सिंचाई के लिए होता है और 300 से ज्यादा गांवों में भूजल स्तर गिरने के संकेत मिलने लगे थे। पिछले साल यहां तापमान करीब 48 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। तालाब सूख रहे थे, बोरवेल कमजोर पड़ रहे थे और ग्रामीण इलाकों में पीने के पानी का दबाव बढ़ रहा था। ऐसे में प्रशासन ने तय किया कि बारिश की हर बूंद को जितना संभव हो, जमीन में उतारा जाए।

NBT स्पीकिंग ट्री धर्म कर्म

File

# निर्जला एकादशी...

## पूरे साल की सभी एकादशियों पर भारी

*पंचांग में हर महीने 2 एकादशी आती हैं। इस तरह वर्ष में 24 एकादशी मनाई जाती हैं। मलमास होने पर यह 26 हो जाती है। लेकिन, इन सभी एकादशियों में सबसे महत्वपूर्ण होती है निर्जला एकादशी। इस साल निर्जला एकादशी 25 जून को पड़ रही है। इस दिन व्रत रहने वाले को न सिर्फ अन्न, बल्कि जल भी ग्रहण करने की मनाही होती है। आइए, जानते हैं इस व्रत की कथा, महत्व और शुभ मुहूर्त।*



कनॉट प्लेस स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में एकादशी पर भक्तों की भीड़ होती है।

Mrityunjay.Tripathi
@timesofindia.com

■ **निर्जला एकादशी** को सभी एकादशियों में सबसे श्रेष्ठ और पुण्यदायी माना गया है। यह ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी को आती है। इस व्रत में अन्न ही नहीं, बल्कि जल का भी त्याग किया जाता है, इसलिए इसे 'निर्जला' एकादशी कहा जाता है। निर्जला एकादशी भगवान विष्णु को समर्पित है। मान्यता है कि इस दिन व्रत, पूजा, जप और दान करने से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, जो व्यक्ति वर्षभर की 24 एकादशियों का व्रत नहीं कर पाता, उसे केवल निर्जला एकादशी का व्रत करने से सभी एकादशियों के समान पुण्य प्राप्त होता है। इसे 'भीमसेनी एकादशी' भी कहते हैं। इसका कारण यह है कि यह व्रत भीम ने भी किया था।

**25 जून को है सभी एकादशियों में श्रेष्ठ यह एकादशी**

### क्या है कथा?

पंडित दिनेश त्रिपाठी कहते हैं, भीम ने एक बार व्यासजी से कहा कि हे पितामह! भ्राता युधिष्ठिर, माता कुंती, द्रोपदी, अर्जुन, नकुल और सहदेव सभी एकादशी का व्रत करने को कह रहे हैं। परंतु मैंने उनसे कहा कि मैं पूजा तो कर सकता हूं, दान भी दे सकता हूं परंतु भोजन के बिना नहीं रह सकता। इस पर व्यासजी ने कहा कि हे भीमसेन! यदि तुम नरक को बुरा और स्वर्ग को अच्छा समझते हो तो प्रति महीने की दोनों एकादशी को अन्न मत खाया करो। भीम ने कहा कि हे पितामह! मैंने तो कहा ही कि भूख सहन नहीं कर सकता। हां, यदि वर्षभर में कोई एक व्रत हो तो मैं रख सकता हूं। अतः कोई ऐसा व्रत बताइए जो वर्ष में केवल एक बार ही करना पड़े और मुझे स्वर्ग की प्राप्ति हो जाए। इस पर व्यासजी ने कहा कि वृषभ और मिथुन की संक्रांति के बीच ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की जो एकादशी आती है, उसका नाम निर्जला है। तुम उस एकादशी का व्रत करो। इसका फल पूरे एक वर्ष की संपूर्ण एकादशियों के बराबर होता है। व्यासजी ने आगे कहा कि हे भीमसेन! यह मुझको स्वयं भगवान ने बताया है।

***'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' का करें जाप***

पं. दयाशंकर पराशर कहते हैं कि निर्जला एकादशी का पुण्य समस्त तीर्थों और दानों से अधिक है। केवल एक दिन मनुष्य निर्जल रहने से पापों से मुक्त हो जाता है। जो मनुष्य निर्जला एकादशी का व्रत करते हैं उनकी मृत्यु के समय यमदूत आकर नहीं घेरते, बल्कि भगवान के दूत उसे पुष्पक विमान में बिठाकर स्वर्ग ले जाते हैं। अतः संसार में सबसे श्रेष्ठ निर्जला एकादशी का व्रत है। व्रत के दिन 'ॐ नमो भगवते वासुदेवाय' मंत्र का जाप करना चाहिए और गोदान करना चाहिए। इस एकादशी के व्रत से मनुष्य विष्णुलोक को प्राप्त होता है। उसे फिर पुनर्जन्म के जाल में नहीं फंसना पड़ता। निर्जला एकादशी के दौरान जो व्यक्ति भीम की कथा को पढ़ता या सुनता है, उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### क्या है आध्यात्मिक संदेश?

धार्मिक मान्यता है कि श्रद्धा और नियमपूर्वक किया गया निर्जला एकादशी व्रत व्यक्ति के जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। निर्जला एकादशी केवल उपवास नहीं, बल्कि इंद्रियों पर नियंत्रण, आत्मसंयम और भगवान के प्रति समर्पण का पर्व है। यह मनुष्य को त्याग, अनुशासन और भक्ति का महत्व सिखाती है।

### जानें शुभ मुहूर्त

पं. दयाशंकर पराशर बताते हैं कि निर्जला एकादशी की तिथि 24 जून को शाम 6:16 बजे से 25 जून को रात 8:13 बजे तक है। इसलिए उदया तिथि के अनुसार यह व्रत 25 जून को ही रखा जाएगा। वहीं इसका पारायण 26 जून को सुबह 5:27 बजे के बाद किया जा सकता है।

### क्या करें?

■ निर्जला एकादशी पर पूर्ण उपवास रखें। यानी, न कुछ खाएं और न ही पानी पिएं।
■ भगवान विष्णु की पूजा करें। विष्णु मंदिरों में जाकर विशेष अनुष्ठानों और समारोहों में भाग ले सकते हैं।
■ निर्जला एकादशी पर भगवान विष्णु के 1,000 नामों वाले पवित्र स्तोत्र- विष्णु सहस्त्रनाम का जाप शुभ माना जाता है।
■ दान और मानवीय कार्यों में संलग्न रहें। ज़रूरतमंदों को भोजन, वस्त्र या दान दें।
■ इस दिन आत्मनिरीक्षण, ध्यान और आध्यात्मिक अभ्यास करें।

### क्या ना करें?

■ वासना से बचें और इस दिन खुद को आध्यात्मिक साधना व देवत्व से जुड़ने के लिए समर्पित करें।
■ नकारात्मक विचार न लाएं। दूसरों के साथ अपने व्यवहार में प्रेम, करुणा और क्षमा को विकसित करें।
■ अत्यधिक शारीरिक परिश्रम ना करें। इस दिन अपनी ऊर्जा का संरक्षण करें।



### योग दिवस 21 को

# योग केवल अभ्यास नहीं, मूल स्वभाव तक लौटने की यात्रा है...

AI Image





गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर

**कुछ लोगों** को लगता है कि योग केवल एक अभ्यास है जिसे उन्हें सीखने की आवश्यकता है। लेकिन चाहे जापान का कोई व्यस्त शहर हो, अफ्रीका का एक शांत गांव हो या ग्रामीण भारत का हृदय स्थल, एक नवजात शिशु स्थान, समय और समुदाय की विभिन्नता से परे जन्म से ही एक योगी होता है। यदि आप ध्यान दें, तो एक शिशु सोते समय सहज रूप से मुद्राओं को अपनाता है, पेट से गहरी सांस लेता है और ऐसे आसनों में सिमट जाता है जो उसके पाचन, रोग प्रतिरोधक क्षमता और रीढ़ की मजबूती को सहारा देते हैं। हम सभी जन्मजात योगी हैं। लेकिन जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हम ऐसे संस्कार और प्रभाव एकत्रित कर लेते हैं जो हमारे मूल स्वभाव पर पर्दा डाल देते हैं और हमारे संतुलन को बिगाड़ देते हैं। अपने मूल स्वभाव से संपर्क खोने के कारण हम अपनी शांति भी खो देते हैं। यही कारण है कि शरीर में संतुलन, मन में स्पष्टता, बुद्धि और भावनाओं में सामंजस्य स्थापित करने के लिए योग-साधना आवश्यक है।

महर्षि पतंजलि के 'योग सूत्र' मन और भावनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए एक कालजयी मार्गदर्शिका बने हुए हैं। दुर्भाग्य से, बहुत से लोग योग को किसी विशेष धर्म से जोड़ते हैं या इसे केवल शारीरिक व्यायाम के रूप में देखते हैं, जबकि योग पूरी मानवता का है। यह स्वयं को जानने और दुनिया के साथ अधिक गहराई से जुड़ने का एक मार्ग है।

**इस शोरगुल भरी दुनिया में, योग वह ठहराव है जो हमें सुनने में मदद करता है। अराजकता के बीच यह वह शांति है जो हमें सही कर्म करने के लिए प्रेरित करती है।**

योग हमारे शरीर के उन रसायनों को संतुलित करता है जो हमें शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से प्रभावित करते हैं। विभिन्न अध्ययनों में पाया गया है कि योग रोग प्रतिरोधक क्षमता को बेहतर बनाने, तनाव बढ़ाने वाले हार्मोन 'कोर्टिसोल' को कम करने, रक्तचाप नियंत्रित रखने तथा चिंता, अवसाद और अनिद्रा जैसी समस्याओं से निपटने में सहायक हो सकता है। इन सबसे परे, यह आपको वर्तमान क्षण में वापस लाता है, जहां असीम शांति और परमानंद की अनुभूति होती है।

### ई-मेल करें मंदिर वाली सेल्फी



धारी देवी मंदिर, उत्तराखंड से यह तस्वीर फरीदाबाद के नरेश ने भेजी है।

**ऐसे भेजें अपनी सेल्फी**
**nbtreader@timesofindia.com** पर अपने और शहर/गांव के नाम के साथ वट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' की तस्वीर हम अगले अंक में छापेंगे। सब्जेक्ट में लिखें- **Dharma Karma Selfie**

### सप्ताह के व्रत और त्योहार

डॉ. अश्विनी शास्त्री

**(16 से 22 जून 2026)**

***इस सप्ताह का शुभारंभ ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की द्वितीय तिथि, आर्द्रा नक्षत्र और वृद्धि योग के साथ हो रहा है। वर्तमान शुक्ल पक्ष आगामी 29 जून, सोमवार को वट पूर्णिमा के साथ समाप्त हो जायेगा और 30 जून से ही आषाढ़ मास का कृष्ण पक्ष आरंभ हो जायेगा। इस सप्ताह चंद्र दर्शन, विनायक चतुर्थी आदि आयोजन होंगे।***

# भगवान् गणेश को समर्पित विनायक चतुर्थी 18 को

■ **चंद्र दर्शन** *(16 जून, मंगलवार)*
प्राचीन भारतीय चिंतन परंपरा में चंद्रमा केवल आकाश में चमकने वाला एक खगोलीय पिंड नहीं है, बल्कि वह मानव मन, भावनाओं और चेतना का प्रतीक है। अमावस्या की घोर अंधेरी रात्रि के पश्चात जब पहली बार आकाश में चंद्रमा की कोमल और मनमोहक कला दिखाई देती है, उस शुभ वेला को 'चंद्र दर्शन' कहा जाता है। परंपरा के अनुसार इस दिन चंद्रमा के दर्शन कर उन्हें अर्घ्य अर्पित किया जाता है और दही-चीनी का सेवन शुभ एवं मंगलकारी माना जाता है।

■ **विनायक चतुर्थी** *(18 जून, गुरुवार)*
विनायक चतुर्थी का व्रत भगवान् गणेश को समर्पित है। हिंदू परम्परा के अनुसार प्रत्येक चंद्र मास में दो बार

File



चतुर्थी तिथि आती है। पहली शुक्ल पक्ष में और दूसरी कृष्ण पक्ष में। शुक्ल पक्ष में अमावस्या के बाद आने वाली चतुर्थी को विनायक चतुर्थी कहा जाता है। यह व्रत रखने वालों को 'ओम् गणपतये नमः' का जाप करना चाहिये।

■ **भानु सप्तमी** *(21 जून, रविवार)*
सूर्य नारायण की आराधना को समर्पित पर्व भानु सप्तमी प्रत्येक माह शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को मनाई जाती है। इस दिन विधिपूर्वक सूर्य उपासना करने से रोग, शोक और बाधाओं का नाश होता है।

■ **दुर्गाष्टमी** *(22 जून, सोमवार)*
हर महीने शुक्ल पक्ष की अष्टमी को दुर्गाष्टमी व्रत का विधान शास्त्रों में बताया गया है। इस दिन मां दुर्गा का विशेष पूजन और अर्चन किया जाता है। इस दिन मां दुर्गा की पूजा के बाद उन्हें उबले हुए चने और हलवा पूड़ी का भोग लगाया जाता है। माना जाता है कि मां दुर्गा के पूजन से समस्त मनोकामनाएं पूरी होती हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 06-15-2026 21:02 Color:





शांति शक्ति, युद्ध या बल से कायम नहीं रखी जा सकती, यह केवल समझ से ही प्राप्त की जा सकती है।

*-दलाई लामा*

# स्थिरता की आशा

**अमेरिका और** ईरान के बीच होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने और युद्धविराम को आगे बढ़ाने संबंधी समझौते से वह संकट खत्म होगा, जो साढ़े तीन महीने से पूरी दुनिया पर छाया हुआ था। इससे तेल का मुक्त व्यापार फिर से संभव हो सकेगा और वैश्विक ऊर्जा संकट से राहत मिलेगी। भारत जैसे देशों के लिए यह डील बहुत जरूरी थी, जिनकी ऊर्जा जरूरत करीब-करीब आयात पर निर्भर है।



US-ईरान शांति समझौता

**अर्थव्यवस्था सुधरेगी** । अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष का होर्मुज सबसे बड़ा प्रतीक बन गया था। ग्लोबल ऑयल और गैस सप्लाई का एक बड़ा हिस्सा इसी संकरे रास्ते से गुजरता है। वॉशिंगटन और तेहरान के बीच इस पर कब्जे की लड़ाई ने दुनियाभर में बेचैनी बढ़ा दी थी। अब जब इसे खोलने पर सहमति बनी है, तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर दिखेगा। ब्रेंट क्रूड के दाम में तो सोमवार को अच्छी गिरावट देखने को मिली। दुनियाभर के शेयर बाजारों ने भी तेजी के साथ समझौते का स्वागत किया।

**सावधानी जरूरी** । MoU के अंतिम मसौदे के अनुसार, सभी फ्रंट पर युद्ध तुरंत खत्म होगा, ईरान होर्मुज में बिछाई गई बारूदी सुरंगों को हटाएगा और 60 दिनों तक किसी जहाज से कोई शुल्क नहीं लेगा। इसके अलावा, ईरान के एनरिच यूरेनियम भंडार पर भी बातचीत होगी। इस शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में दोनों देश समझौते पर हस्ताक्षर करेंगे। इस बिंदु तक पहुंचने के लिए दोनों पक्षों को कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। दोनों ही तरफ ऐसी लॉबी मौजूद है, जो पीस डील का विरोध कर रही थी। ऐसे में बातचीत के दौरान सावधानी भी जरूरी है। पहले भी दोनों देश वार्ता की मेज तक पहुंच कर खाली हाथ लौट चुके हैं।

**जियो-पॉलिटिक्स पर असर** । अमेरिका और ईरान के पास पश्चिम एशिया की जियो-पॉलिटिक्स को बदलने का मौका है। लंबे समय से यह इलाका प्रॉक्सी वॉर, संघर्ष, विद्रोह और युद्ध का केंद्र बना रहा है। इराक और सीरिया जैसे देशों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। और इस बार तो सुरक्षित समझे जाने वाले पश्चिम एशियाई देश भी चपेट में आ गए। इस बार सारे पक्षों को बातचीत में ईमानदारी बरतनी होगी।

**भारत के हित** । पीएम मोदी ने समझौते के ऐलान का स्वागत किया है और कहा कि सहमति को लागू करने से क्षेत्र में शांति बहाल करने में मदद मिलेगी। भारत के हित सीधे तौर पर पश्चिम एशिया से जुड़े हैं। तेल, गैस के अलावा फर्टिलाइजर और कई जरूरी सामान वहीं के रास्ते से होकर आता है। खाड़ी में भारतीयों की बड़ी तादाद है, जो वहां से रेमिटेंस भेजते हैं। संघर्ष का इन सभी पर नकारात्मक असर पड़ा था। अब उसके दूर होने की उम्मीद है।

## ऐवें कुछ भी

# कुक्कुर कथा



आलोक सिंह भदौरिया

**मेट्रो स्टेशन** से बाहर निकला ही था कि नज़र एक बुजुर्ग पर पड़ी। 70 के ऊपर उम्र होगी, हाथ में अंग्रेजी का अखबार पकड़े किसी से बात करते चले आ रहे थे। लेकिन, बात किस से कर रहे हैं, कोई दिख तो रहा नहीं है। बुजुर्ग पास से गुजरे तो देखा एक स्ट्रीट डॉग उनके पीछे चला जा रहा था। बुजुर्ग उसे ही अखबार से पढ़कर कुछ सुना रहे थे।

ऑफिस पहुंचकर अखबार खोला, तो एक खबर ने ध्यान खींचा। अमेरिकी वियतनामी बौद्ध भिक्षुओं का एक दल एक भारतीय स्ट्रीट डॉग के साथ एक तस्वीर में था, उसे नाम दिया गया था आलोका। उसकी कथा यह थी कि 2022 में जब ये भिक्षु भारत में तीर्थ यात्रा पर आए तो उनके साथ ये स्ट्रीट डॉग चलने लगा। 112 दिन की यात्रा में दुर्घटनाओं, बीमारियों के बावजूद उसने साथ नहीं छोड़ा तो भिक्षु दल ने उसे अपना लिया। अपने साथ अमेरिका ले गए। वहां भी आलोका ने करीब 3700 किमी की पदयात्रा की। जब वह दल के साथ श्रीलंका गया, उसे वहां सम्मान दिया गया। शाम को यह कथा हमने इंजीनियर साब को सुनाई। हमें लगा वो अपने गांव के कुत्ते की कथा सुनाएंगे जो उनका पाजामा खींच कर बातें करता था लेकिन उन्होंने चौंका दिया। दार्शनिक अंदाज में बोले, अरे साहब, हमारे यहां तो युधिष्ठिर ने एक कुत्ते के लिए स्वर्ग ठुकरा दिया, ये क्या चीज है।

फिर हमसे बोले, जानते हैं, ये कुत्ते बेचारे दोस्ती में लुट गए। मैं समझा नहीं... मेरे यह कहने से पहले ही इंजीनियर साहब बोले, 'हजारों साल पहले इंसान जब जंगलों में भटकता था तो कुछ भेड़िए उसके डेरे के इर्द-गिर्द घूमने लगे। एक दिन खानाबदोश इंसान के बच्चे ने इन्हें प्यार पुचकार दिया, तो कुछ इमोशनल भेड़िए उसके साथ हो लिए। 'देश की अदालतें इनकी आबादी कंट्रोल करने के आदेश देती हैं। इनके कुछेक भाई बंधु जिनका भेड़ियापन नहीं गया वो जब खुराफात करते हैं तो सजा बेकसूरों को भी मिलती है। ये बेचारे तो मुफ्त की यारी में मर गए।' पहली बार इंजीनियर साब इमोशनल हुए थे।

## बोल वचन

दिलीप लाल

# थमा दिया झुनझुना

AI Image



**हिंदी भाषा** में 'झुनझुना' एक रोचक शब्द है। इसका सबसे सामान्य अर्थ एक ऐसे खिलौने से है, जिसे छोटे बच्चों के लिए बनाया जाता है। इसके भीतर छोटे-छोटे दाने, घंटियां या धातु के टुकड़े होते हैं। जब इसे हिलाया जाता है तो झुन-झुन की मधुर ध्वनि निकलती है। यही ध्वनि इस शब्द के नामकरण का आधार है। अक्सर माता-पिता रोते हुए बच्चे को चुप कराने के लिए उसके हाथ में झुनझुना थमा देते हैं। समय के साथ इस शब्द ने और भी अर्थ ग्रहण कर लिया। समाज और राजनीति में 'झुनझुना' ऐसे वादों, योजनाओं या घोषणाओं के लिए उपयोग किया जाता है, जो सुनने में आकर्षक लगती हैं, लेकिन उनसे वास्तविक लाभ बहुत कम मिलता है। जब किसी को केवल बहलाने या उसका ध्यान भटकाने का प्रयास किया जाता है, तब कहा जाता है कि उसके हाथ में झुनझुना पकड़ा दिया गया है। साहित्य में भी झुनझुना एक प्रतीक के रूप में इस्तेमाल होता है। यह उन विचारों, वस्तुओं या आकर्षणों का प्रतिनिधित्व करता है जो क्षणिक आनंद तो देते हैं, लेकिन स्थायी संतोष नहीं दे पाते। इस तरह झूठी दिलासा देकर बहलाने के सटीक अंदाज को बयां करता है झुनझुना।

### स्टालिन की पार्टी और अन्नामलाई की वजह से तमिलनाडु में चुनाव बाद बदले हालात

# क्या DMK के साथ हाथ मिलाएगी BJP



आलोक शर्मा

AI Image



**तमिलनाडु की** राजनीति में पिछले हफ्ते दो महत्वपूर्ण घटनाक्रम हुए, जो 2029 के लोकसभा चुनावों में नए राजनीतिक समीकरण बना सकते हैं। पहला, कांग्रेस से मतभेद के बाद DMK ने विपक्षी गठबंधन I.N.D.I.A. से अलग होने का फैसला कर लिया। और दूसरा, BJP के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अन्नामलाई ने पार्टी छोड़कर अपना अलग संगठन बनाने का निर्णय लिया।

**थर्ड फ्रंट की तैयारी** । यह विधानसभा चुनावों के नतीजों का असर है। 60 बरसों में पहली बार राज्य के दो प्रमुख दल- DMK और AIADMK सत्ता से बाहर हो गए। प्रदेश की बागडोर अभिनेता से राजनेता बने सी. जोसफ विजय की नई पार्टी TVK को मिल गई। कांग्रेस ने TVK को समर्थन दे दिया, जिससे नाराज DMK ने कह दिया कि अब वह कांग्रेस के किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं। DMK थर्ड फ्रंट बनाने की फिराक में है और अरविंद केजरीवाल की AAP से बात कर रही है। इसके अलावा, पार्टी RJD और वामदलों से भी संपर्क साध रही है।

**BJP की मंशा** । BJP दूसरी ओर I.N.D.I.A गठबंधन में आई दरार का राजनीतिक लाभ उठाना चाहती है। पार्टी अब संसद में परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने के लिए DMK से संपर्क कर रही है। अप्रैल में DMK ने इसका विरोध किया था, लेकिन अब BJP इसमें कुछ बदलाव के जरिये उसका समर्थन जुटाना चाहती है। अगर BJP ऐसा कर लेती है, तो अगले आम चुनावों के बाद तमिलनाडु में समीकरण बदल सकते हैं।

**विकल्प की तलाश** । तमिलनाडु के विधानसभा चुनाव में AIADMK के कमजोर होने से BJP पसोपेश की स्थिति में है। पलानीस्वामी के नेतृत्व में पार्टी लगातार दूसरा विधानसभा चुनाव हार चुकी है। इस बार वह 234 में से सिर्फ 47 सीटें ही जीत पाई, जो पिछले 30 बरसों का सबसे खराब प्रदर्शन है। नतीजों के बाद AIADMK के 47 में से 25 विधायकों ने TVK को समर्थन दिया। पार्टी के भीतर लगातार बढ़ते असंतोष से NDA चिंतित है और इसी कारण BJP नए विकल्प तलाशना चाहती है।

**मुश्किल है मेल** । BJP नेताओं और DMK के बीच संपर्क की खबरों के बाद अगले लोकसभा चुनाव के संभावित समीकरण पर चर्चा तेज हो गई है। लेकिन, विश्लेषकों का मानना है कि DMK अगर BJP के साथ आती है, तो उसे नुकसान हो सकता है। बदले हुए परिसीमन विधेयक का समर्थन भी आसान नहीं होने वाला। विधानसभा चुनाव के बाद DMK की लोकप्रियता TVK के मुकाबले कमजोर है। और तमिलनाडु में BJP के हिंदुत्व वाले एजेंडे को भी व्यापक जनसमर्थन नहीं मिला है।

**बड़ी चुनौती** । BJP के सामने अपनी छवि बदलने की चुनौती भी है। इसके अलावा, AIADMK की कमजोर स्थिति के बीच भविष्य की रणनीति भी बनानी होगी। अन्नामलाई का इस्तीफा भी उसी से जोड़कर देखा जा रहा है। अन्नामलाई ने जब पार्टी से इस्तीफा दिया तब उन्होंने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाए और न सार्वजनिक रूप से कटुता जाहिर की। उन्होंने दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह और BJP अध्यक्ष नितिन नवीन से मुलाकात की और इस्तीफा सौंप दिया।

VOTE

**2029 पर असर**

- **AIADMK के कमजोर होने से BJP को आगामी चुनावों की चिंता**
- **DMK से संपर्क की खबर, पर परिसीमन पर साथ आसान नहीं**
- **अन्नामलाई की सौहार्दपूर्ण विदाई से लग रही हैं अटकलें**

**युवाओं को तरजीह** । अन्नामलाई शुरू से BJP और AIADMK गठबंधन के खिलाफ रहे। तब केंद्रीय नेतृत्व ने उनकी बात नहीं मानी। वह चाहते थे कि पार्टी अकेले चुनाव लड़े। चुनावी नतीजों ने उनकी इसी सोच को बल दिया है। पिछड़े तबके से आने वाले अन्नामलाई द्रविड़ पार्टियों की राजनीति से परे अपनी नई लकीर खींचना चाहते हैं। BJP छोड़ने के बाद उन्होंने 'वी द लीडर' नाम से अपना आंदोलन शुरू किया। लॉन्च के 24 घंटे के भीतर इससे 13 लाख से अधिक लोग जुड़ गए। पूर्व IPS अधिकारी अन्नामलाई की युवाओं में मजबूत पकड़ है। कई फैन क्लब भी बने हैं। उनका संदेश है कि तमिलनाडु की राजनीति में युवा वर्ग को केंद्र में रखना होगा।

**मौन के मायने** । ऐसे में कुछ राजनीतिक विश्लेषक अन्नामलाई के दिल्ली दौरे और सौहार्दपूर्ण विदाई को BJP नेतृत्व के मौन समर्थन के तौर पर देख रहे हैं। उनका मानना है कि इसका राजनीतिक लाभ 2029 के लोकसभा चुनावों तक दिखाई दे सकता है। कहा जा रहा है कि BJP को इससे फायदा ही मिलेगा। ऐसे में सवाल है कि क्या अन्नामलाई तमिलनाडु में BJP का प्लान बी साबित होंगे, इसका जवाब समय ही देगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)*

## कांटे की बात

बाहरी दबाव में देश की मौजूदा रक्षात्मक तैनाती में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। इस्राइली नागरिकों की सुरक्षा के लिए IDF (हमारी सेना) लेबनान, सीरिया और गाजा के सुरक्षा क्षेत्रों में अनिश्चित काल तक बनी रहेगी।



इस्राइल काट्ज, *इस्राइल के रक्षा मंत्री*

## AI की दुनिया

# 12 मिनट में ब्रेन ट्यूमर का लगेगा पता

*ब्रेन ट्यूमर की सही पहचान करना आसान नहीं। कई बार DNA आधारित महंगी और जटिल जांच करनी पड़ती है। अब वैज्ञानिकों ने नया AI सिस्टम विकसित किया है, जिससे सिर्फ 12 मिनट में इसका पता चल रहा है।*

AI Image



### तस्वीरों से बीमारी के पैटर्न

**नेचर कैंसर** जर्नल में प्रकाशित शोध के अनुसार, Hetairos AI मॉडल सिर्फ सामान्य पैथॉलजी स्लाइड की तस्वीर देखकर ब्रेन और सेंट्रल नर्वस सिस्टम के 102 अलग-अलग ट्यूमर की पहचान करने की कोशिश करता है। जैसे मैकेनिक सिर्फ इंजन की आवाज सुनकर समस्या का अंदाजा लगा लेता है, वैसे ही AI टिश्यू की तस्वीरों में बीमारी के पैटर्न पहचान लेता है।

### डॉक्टरों को मिलेगी मदद

**रिसर्चर्स ने** इस AI को 9,606 मरीजों के 11,000 से ज्यादा स्लाइड सैंपल पर परखा। जब सिर्फ स्लाइड देखकर ट्यूमर पहचानने की बात आई, तो AI 5 अनुभवी न्यूरोपैथोलॉजिस्ट से बेहतर साबित हुआ। डॉक्टरों की औसत सटीकता 30% रही, जबकि AI की 68%।

*-प्रदीप तिवारी*

**जनता जंक्शन** कप्तान

ईरान-अमेरिका के बीच हुआ शांति समझौता




# प्रसूताओं की मौत में जवाबदेही तय हो



पूजा प्रसाद

**महज डेढ़** महीने में कोटा और बीकानेर के सरकारी अस्पताल गर्भवती महिलाओं के लिए डरावने उदाहरण बनते दिखे! कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज और JK लोन अस्पताल में एक के बाद एक पांच मामलों में बच्चा पैदा करने के लिए भर्ती हुई महिलाओं की सिजेरियन डिलीवरी के बाद मौत हो गई। इन्हें हेमोस्टेटिक (रक्तस्राव रोकने वाले) इंजेक्शन की जगह पानी भरे इंजेक्शन लगा दिए गए। वहीं, बीकानेर के PBM अस्पताल में डिलीवरी के बाद पांच प्रसूताओं की किडनी फेल हो गई।

**गंभीर लापरवाही** । ये घटनाएं महज किसी डॉक्टर या नर्स की गलती का मामला नहीं हैं, बल्कि स्वास्थ्य व्यवस्था की असफलता का संकेत है। जांच में दोषियों के नाम तो सामने आ ही जाएंगे। कार्रवाई भी हो जाएगी। मगर, घटनाक्रम बड़ी तस्वीर की ओर इशारा करता है, जिसमें मेडिकल स्टाफ से लेकर अस्पताल प्रशासन, दवा सप्लाई चेन और केमिस्ट तक कई स्तरों पर गंभीर लापरवाही, अज्ञानता और संभावित धोखाधड़ी मौजूद रही।

## कॉमन रूम

AI Image



**दोषियों पर कार्रवाई** । बीकानेर मामले में कहा जा रहा है कि गर्भवतियों की हालत बिगड़ने के शुरुआती संकेत मिलने के बावजूद जांच समिति सात दिन बाद बिठाई गई, तब तक महिलाएं डायलिसिस तक पहुंच चुकी थीं। कोटा में अस्पताल में इंजेक्शन स्टॉक में नहीं थे, बाजार से मंगवाए गए। जांच जारी है, नतीजे आने बाकी हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, कोटा प्रकरण में बीएनएस की धारा 105 के तहत गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज हो सकता है, जिसमें 10 वर्ष तक की सजा या आजीवन कारावास का प्रावधान है। बीकानेर मामले में धारा 117 के तहत गंभीर चोट पहुंचाने तका मामला बन सकता है जिसकी सजा 7 साल या उम्रकैद है। मेडिकल काउंसिल भी दोषी डॉक्टरों के लाइसेंस सस्पेंड या रजिस्ट्रेशन कैंसल तक कर सकता है।

**जवाबदेही तय हो** । लेकिन, इन मामलों की पुनरावृति न हो, इसके लिए अस्पतालों में नियमावली सुनिश्चित होनी जरूरी है। किसी भी मातृ मृत्यु, गलत दवा, गलत इंजेक्शन, OT संक्रमण या ICU मृत्यु पर 24 घंटे के भीतर रिपोर्ट की जाए। यदि दवा खरीद, स्टाफ की कमी, उपकरणों की खराबी या निगरानी की कमी मरीज की बिगड़ी हालत का कारण बनी हो तो अस्पताल अधीक्षक और प्रबंधन भी जिम्मेदार होने चाहिए। यदि कोई भी डॉक्टर या मामले में शामिल प्रशासनिक या हॉस्पिटल स्टाफ मामले को छुपाने की कोशिश कर रहा हो या फिर रेकॉर्ड छिपाने, फर्जी एंट्री करने या जांच में सहयोग न करे तो उसे भी दंड के दायरे में शामिल माना जाना चाहिए। हरेक हॉस्पिटल का सेफ्टी ऑडिट होना जरूरी हो। यदि दवाओं की गुणवत्ता की कठोर निगरानी हो, सेफ्टी प्रोटोकॉल, डिजिटल निगरानी तंत्र और कानूनी रूप से हॉस्पिटल और प्रशासन की जवाबदेही लागू की जाए तो ऐसी अनेक त्रासदियों को रोका जा सकता है।

# पंजाब के लिए क्या है BJP का प्लान

पूनम पाण्डे

**पंजाब में** एक सवाल लगातार चर्चा में बना हुआ है कि क्या 2027 विधानसभा चुनाव से पहले BJP और शिरोमणि अकाली दल फिर से साथ आएंगे? दोनों दलों का करीब ढाई दशक पुराना गठबंधन कभी पंजाब की राजनीति का सबसे सफल समीकरण माना जाता था। लेकिन 2020 में कृषि कानूनों के मुद्दे पर यह रिश्ता टूट गया और तब से दोनों दलों के रास्ते अलग हो गए।

हाल के महीनों में इनके बीच गठबंधन की संभावनाओं को लेकर चर्चाएं फिर तेज हुई हैं। BJP के सीनियर नेता खुले तौर पर ऐलान कर चुके हैं कि पार्टी राज्य में अकेले चुनाव लड़ेगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तो मार्च 2026 में यहां तक कहा था कि BJP अब पंजाब में 'छोटा भाई' नहीं बनेगी। लेकिन पार्टी के दूसरे नेताओं ने अनौपचारिक बातचीत में कहा कि अभी अकाली दल के साथ गठबंधन की संभावनाएं खत्म नहीं हुई हैं।

विशुद्ध राजनीति

कसौटी

### ड्रग्स का मुद्दा, चुनौती भी

BJP को पंजाब में मजबूत संगठन चाहिए और साथ ही सामाजिक स्वीकार्यता भी। पिछले कुछ सालों में पार्टी ने राज्य में शहरी इलाकों, दलितों और गैर-जाट सिख समूहों के बीच पकड़ मजबूत करने की कोशिश की है। वहीं, BJP ने 2027 चुनाव के लिए जिन मुद्दों को केंद्र में रखने के संकेत दिए हैं, उनमें से एक अहम मुद्दा है नशे का संकट। कांग्रेस ने अकाली दल पर इसी मुद्दे को लेकर हमला बोला था और आम आदमी पार्टी ने भी 2022 में इसे मुख्य चुनावी मुद्दा बनाया था। अब BJP इसी मुद्दे को नए सिरे से उठा रही है।




हालांकि, यही मुद्दा उसके लिए चुनौती भी साबित हो सकता है। BJP अगर अकाली दल के साथ गठबंधन करती है तो विरोधी उसे अकाली शासनकाल के दौरान लगे ड्रग्स स्मगलिंग के आरोपों की याद दिलाएंगे। यही वजह है कि पार्टी के कुछ नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर कहा है कि BJP, अकाली दल के ड्रग्स और बेअदबी के बोझ को साझा नहीं करना चाहती। पार्टी राज्य में धर्मांतरण को भी बड़ा मुद्दा बना रही है। पंजाब में ईसाई आबादी का विस्तार और कुछ क्षेत्रों में धार्मिक परिवर्तन को लेकर कुछ सालों में बहस तेज हुई है। अमित शाह ने पंजाब में सत्ता मिलने पर धर्मांतरण विरोधी कानून लाने की बात भी कही है। यह मुद्दा पार्टी की विचारधारा के हिसाब से ठीक भी है। मगर पंजाब में इसका असर कितना होगा यह देखना होगा। यहां की राजनीति पारंपरिक रूप से किसान, कृषि, रोजगार, उद्योग और पंथक मुद्दों के आसपास घूमती रही है।

### गठबंधन की कितनी जरूरत

BJP नेता खुलकर कह रहे हैं कि उन्हें अकाली दल की जरूरत नहीं, लेकिन सचाई अलग है। उनका कहना है कि 2024 लोकसभा चुनाव के बाद पार्टी का वोट शेयर बढ़ा है और संगठन भी मजबूत हुआ है, लेकिन इस मामले का दूसरा पहलू भी है। पंजाब में BJP की ग्रामीण और सिख बहुल इलाकों में सीमित पकड़ है। हाल के ग्रामीण स्थानीय निकाय चुनावों में उसका प्रदर्शन खराब रहा। इसलिए अगर ये लगा कि BJP और अकाली दल के अलग-अलग लड़ने से एंटी-आम आदमी पार्टी वोट बंटेंगे तो दोनों दलों के बीच किसी सीमित समझौते की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# शांति, संतोष और आनंद संग जीना सिखाती है सहिष्णुता

मुनि जयकुमार

**मानसिक शांति** और सुखी जीवन के लिए सहिष्णुता बहुत जरूरी है। वास्तव में यह केवल एक गुण नहीं, व्यक्तित्व और मानसिक शक्ति के विकास का मजबूत आधार है। जिस व्यक्ति में सहन करने की क्षमता होती है, वह जीवन की कठिन परिस्थितियों में भी संतुलित और प्रसन्न बना रहता है।

मनुष्य को समाज में रहते हुए अनुकूल और प्रतिकूल दोनों प्रकार की परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। जहां विभिन्न विचार, रुचियां और कार्यशैलियां होंगी, वहां मतभेद और विषमताएं भी स्वाभाविक रूप से उत्पन्न होंगी। ऐसी परिस्थितियों में मन के भीतर राग-द्वेष, प्रिय-अप्रिय, मान-अपमान और निंदा-प्रशंसा जैसी भावनाएं जन्म लेती हैं। यदि व्यक्ति में सहिष्णुता का अभाव हो, तो वह मानसिक रूप से अस्थिर और विचलित हो सकता है। इसके विपरीत, सहनशील व्यक्ति परिस्थितियों को धैर्यपूर्वक स्वीकार कर उनसे सीखने का प्रयास करता है।

जीवन में लाभ और हानि, सफलता और असफलता, सम्मान और अपमान हर कदम पर आते हैं। इन उतार-चढ़ावों के बीच शांत और सहज बने रहना आसान नहीं। लेकिन, सहिष्णुता वह शक्ति है जो हमें कठिन समय में भी संयम बनाए रखने की प्रेरणा देती है। जहां असहिष्णुता छोटी-सी समस्या को भी पहाड़ बना देती है, वहीं सहिष्णुता बड़ी से बड़ी चुनौती को भी सरल बना सकती है।

अक्सर हम प्रतिकूल परिस्थितियों से सीधा संघर्ष करने में अपनी ऊर्जा नष्ट कर देते हैं। परिणामस्वरूप तनाव, निराशा और दुख ही हाथ लगता है। इसके विपरीत, यदि हम सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं और सहिष्णुता के साथ परिस्थितियों का सामना करें, तो वही परिस्थितियां हमारे विकास का माध्यम बन सकती हैं। सहिष्णुता एक ऐसी शक्ति है जो हमें सही दिशा में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में सहायता करती है। यह ऐसा जीवन-सूत्र है जो हमें शांति, संतोष और आनंद के साथ जीना सिखाता है। सहिष्णुता न केवल हमारे संबंधों में मधुरता लाती है, बल्कि जीवन को अधिक सार्थक, संतुलित और सफल भी बनाती है।

THE SPEAKING TREE

और पढ़ने के लिए देखें

www.speakingtree.nbt.in

## रीडर्स मेल

### वैश्विक स्तर पर पहचान

**15 जून** का संपादकीय 'नए विचार चाहिए' पढ़ा। भारत इनोवेशन के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर बड़ी भूमिका निभा रहा है। आज देश 2.3 लाख से अधिक स्टार्टअप्स और 125 से ज्यादा यूनिकॉर्न्स के साथ दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। अब भारतीय नवाचारों को एक मजबूत वैश्विक पहचान दिलाने और इस क्षेत्र में अधिकतम विदेशी निवेश आकर्षित करने की आवश्यकता है। फ्रांस में शुरू हुआ 'भारत इनोवेट्स 2026' देश के स्टार्टअप तंत्र को सशक्त बनाने का बेहतरीन अवसर है।

**पैंथर तोमर**, किशन गंज

**nbtedit@timesofindia.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

आर.एन.आई. नं. 510/57 © सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति के बिना संपूर्ण या आंशिक पुनर्प्रकाशन पूर्णतः प्रतिबंधित। यह समाचार पत्र स्वत्वाधिकारी बैनेट, कोलमैन एण्ड कम्पनी लिमिटेड के लिए राजीव यादव द्वारा, 7 बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित, आशीष पांडे द्वारा संपादित (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी) तथा मनीष सिन्हा द्वारा, **टाइम्स ऑफ इंडिया प्रेस, 13/1 & 2, साइट IV, औद्योगिक क्षेत्र साहिबाबाद, गाज़ियाबाद (उ.प्र.)** से और नवनीत आहूजा द्वारा, प्लॉट नंबर 7-8, सेक्टर-11, IMT मानेसर, गुरुग्राम, हरियाणा-122051 से मुद्रित। फोन: 23302000, पंजीकृत कार्यालय: दादाभाई नौरोजी रोड, मुंबई-400001। विमान सेवा शुल्क: 1 रु. प्रति कॉपी। नेपाल में कुल मूल्य: सोमवार से शनिवार: नेपाली 5 रु.; रविवार: नेपाली 6 रु.

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH13 User: cci Time: 06-15-2026 23:01 Color:



# ईरान और अमेरिका शांति समझौते से किसे क्या मिला, कौन फायदे में?

■ NBT रिपोर्ट

**ईरान और** अमेरिका के बीच प्रस्तावित शांति समझौते को लेकर सबसे बड़ा सवाल यही है कि आखिर इस युद्ध और उसके बाद हुई डील का वास्तविक लाभ किसे मिला? अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप इसे अमेरिका और उसके सहयोगियों की जीत बता रहे हैं, जबकि तेहरान इसे अपनी रणनीतिक सफलता के रूप में पेश कर रहा है। विशेषज्ञों की राय भी बंटी हुई है, लेकिन एक बात पर काफी हद तक सहमति है कि इस समझौते ने क्षेत्रीय शक्ति संतुलन को बदल दिया है।

**ट्रंप अमेरिका की जीत बता रहे, एक्सपर्ट की भी बंटी हुई है राय**

अगर डील के सबसे बड़े लाभार्थी की बात करें तो कई विश्लेषकों के अनुसार ईरान को महत्वपूर्ण राजनीतिक और आर्थिक राहत मिली है। युद्ध के दौरान उसके मिसाइल, ड्रोन और सैन्य ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा, लेकिन सबसे अहम लक्ष्य यानी सत्ता परिवर्तन नहीं हुआ। अयातुल्ला शासन अब भी कायम है और सत्ता पर उनकी पकड़ बनी हुई है। युद्ध शुरू होने के समय इस्राइल और अमेरिका में कुछ हलकों को उम्मीद थी कि सैन्य दबाव ईरानी शासन को कमजोर कर देगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। CNN के मुताबिक, आर्थिक मोर्चे पर भी ईरान को राहत मिली है। तेल और पेट्रोकेमिकल उत्पादों की बिक्री पर लगे कुछ प्रतिबंधों में अस्थायी ढील दी गई है। इससे ईरान को अतिरिक्त राजस्व मिलेगा, जिसकी उसे लंबे समय से जरूरत थी।

**होर्मुज पर ईरान की पकड़ और मजबूत:** डील का दूसरा बड़ा फायदा होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ा है। यह दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक है, जहां से वैश्विक तेल और गैस आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। अलजजीरा के मुताबिक, युद्ध के बाद ईरान की इस मार्ग पर पकड़ और प्रभाव पहले से अधिक महत्वपूर्ण बनकर उभरा है। कई विश्लेषकों का मानना है कि अब तेहरान के पास ऐसा रणनीतिक दबाव बिंदु है, जिसका इस्तेमाल वह भविष्य की बातचीत में कर सकता है।



हालांकि, ईरान और इस्राइल की जनता डील से खुश नहीं है

## तो डील किसके पक्ष में ज्यादा रही?

कुल मिलाकर तस्वीर मिश्रित है। अमेरिका और इस्राइल ने ईरान की सैन्य क्षमता को नुकसान पहुंचाया और उसे बातचीत के लिए तैयार किया, जबकि ईरान ने सत्ता को बचाए रखा, आर्थिक राहत हासिल की। एक्सपर्ट मान रहे, किसी एक पक्ष को अपेक्षाकृत ज्यादा लाभ मिला है, तो वह ईरान है। वही सबसे बड़ी चुनौती इस्राइल के सामने है, जिसे अब ऐसे क्षेत्रीय माहौल में काम करना पड़ सकता है जहां उसकी सैन्य स्वतंत्रता पहले जैसी नहीं रहेगी।

## इस्राइल की स्थिति असहज वाली क्यों?

सबसे ज्यादा असहज स्थिति इस्राइल की दिखाई दे रही है। यरूशलम पोस्ट के मुताबिक, इस्राइली अधिकारियों और विश्लेषकों का मानना है कि यदि अमेरिका और ईरान के बीच रिश्ते बेहतर होते हैं, तो ईरान के खिलाफ इस्राइल की स्वतंत्र सैन्य कार्रवाई की क्षमता सीमित हो सकती है। भविष्य में उसे अमेरिकी कूटनीतिक प्राथमिकताओं का भी ध्यान रखना पड़ सकता है। इस्राइल की चिंता सिर्फ ईरान तक सीमित नही है। लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ उसकी कार्रवाई भी इस समझौते से प्रभावित हो सकती है। यदि युद्धविराम की शर्तें सख्ती से लागू होती हैं तो इस्राइल के लिए सैन्य विकल्प पहले की तुलना में कम हो सकते हैं, इसीलिए इस्राइल के कई अधिकारी अमेरिका से नाराज बताए जा रहे हैं।

## अमेरिका के हिस्से में क्या आया?

अमेरिकी और इस्राइली हमलों से ईरान की मिसाइल, ड्रोन और नौसैनिक क्षमताओं का बड़ा हिस्सा प्रभावित हुआ। इसके अलावा अमेरिका यह भी कह सकता है कि उसने ईरान को बातचीत की मेज तक आने के लिए मजबूर किया। ट्रंप के लिए यह राजनीतिक उपलब्धि के रूप में भी देखा जा सकता है, क्योंकि उन्होंने लंबे युद्ध के बजाय समझौते का रास्ता चुना। हालांकि अमेरिका की जीत पूरी नहीं मानी जा रही। सबसे बड़ी वजह यह है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम अभी भी पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। उच्च स्तर पर संवर्धित यूरेनियम के भंडार का क्या होगा, इस पर अभी सहमति नहीं बनी है। यही वह सवाल है जो भविष्य में नए तनाव की वजह बन सकता है।

## ईरान-US के बीच समझौता
# डील के 14 पॉइंट

*ईरान की वार्ता टीम के करीबी एक सूत्र ने इस दस्तावेज की अब तक की सबसे विस्तृत सार्वजनिक जानकारी दी है। मेहर न्यूज के मुताबिक, मसौदे में ये प्रावधान शामिल हैं:*

1. लेबनान समेत सभी मोर्चों पर युद्ध का स्थायी और तत्काल अंत।
2. अमेरिका की ओर से ईरान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप न करने और संप्रभुता का सम्मान करने की प्रतिबद्धता।
3. 30 दिनों के भीतर नौसैनिक नाकेबंदी पूरी तरह हटाना।
4. अमेरिका की ओर से ईरान के आसपास तैनात अपनी सेनाओं को हटाने की प्रतिबद्धता।
5. 30 दिनों के भीतर होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलना, जिसकी व्यवस्था ईरान करेगा।
6. तेल, पेट्रोकेमिकल उत्पादों और उनसे जुड़े उत्पादों की बिक्री पर लगे प्रतिबंधों को सस्पेंड करना और ईरान को अपने वित्तीय संसाधनों तक पूरी पहुंच देना।
7. अमेरिका और उसके सहयोगी देशों की ओर से कम से कम 300 अरब डॉलर के पुनर्निर्माण कार्यक्रम पेश करना।
8. परमाणु मुद्दे और अमेरिकी प्राथमिक और द्वितीयक प्रतिबंधों, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के प्रस्तावों को पूरी तरह हटाने पर अंतिम समझौते के लिए 60 दिनों की वार्ता अवधि।
9. ईरान की ओर से परमाणु अप्रसार संधि (NPT) के तहत परमाणु हथियार न बनाने की अपनी प्रतिबद्धता की पुनर्पुष्टि।
10. वार्ता अवधि के दौरान अमेरिका क्षेत्र में अतिरिक्त सैन्य बल नहीं भेजेगा और नए प्रतिबंध नहीं लगाएगा।
11. अंतिम वार्ता की 60 दिवसीय अवधि के दौरान ईरान की रोकी गई 24 अरब डॉलर की संपत्ति जारी की जाएगी। इसमें से आधी राशि वार्ता शुरू होने से पहले उपलब्ध कराई जाएगी।
12. समझौते को लागू करने के लिए एक निगरानी तंत्र स्थापित किया जाएगा।
13. अंतिम समझौते को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक प्रस्ताव के जरिए मंजूरी दी जाएगी।
14. अंतिम वार्ता तब तक शुरू नहीं होगी, जब तक ईरान की रोकी गई संपत्ति का आधा हिस्सा जारी नहीं कर दिया जाता। अंतिम समझौता केवल समृद्ध यूरेनियम, ईरान के आर्थिक पुनर्निर्माण कार्यक्रम पर केंद्रित होगा।

# कैसे कतर और पाकिस्तान ने डील को अंजाम तक पहुंचाया

## 28 फरवरी से चल रही जंग रोकने में कैसे दोनों देशों ने निभाया अहम रोल

■ NBT रिपोर्ट

**अमेरिका और** ईरान के बीच लंबे समय से जारी तनाव को कम करने और शांति समझौते तक पहुंचाने में कतर और पाकिस्तान ने महत्वपूर्ण मध्यस्थ की भूमिका निभाई। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शनिवार को जब ऐलान किया कि अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो गया है, तो दोनों देशों के बीच पर्दे के पीछे चली कूटनीतिक कोशिशों की चर्चा तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने अप्रैल में अमेरिकी और ईरानी प्रतिनिधिमंडलों के बीच आमने-सामने की वार्ता आयोजित कराई थी। इस दौरान इस्लामाबाद ने दोनों पक्षों के बीच प्रस्तावों और जवाबी प्रस्तावों का आदान-प्रदान कराने में अहम भूमिका निभाई। पाकिस्तान ने युद्धविराम को आगे बढ़ाने और दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली की प्रक्रिया में भी सहयोग किया।

**पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच विश्वास बहाली में मदद कराई**

पाकिस्तान के अमेरिका और ईरान दोनों के साथ अच्छे संबंध हैं। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को भी इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। डॉनल्ड ट्रंप उन्हें अपना पसंदीदा फील्ड मार्शल बता चुके हैं। पाकिस्तान की एक और विशेषता यह है कि यहां ईरान के बाहर दुनिया की सबसे बड़ी शिया मुस्लिम आबादी रहती है और देश में कोई अमेरिकी सैन्य अड्डा नहीं है, जिससे वह दोनों पक्षों के लिए एक स्वीकार्य मध्यस्थ बन सका। वहीं, कतर ने भी समझौते को अंतिम रूप दिलाने में सक्रिय भूमिका निभाई। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल-थानी ने शनिवार को शहबाज शरीफ से फोन पर बातचीत कर पाकिस्तान की मध्यस्थता का समर्थन जताया। सूत्रों के मुताबिक, इन बैठकों ने समझौते में बची कई प्रमुख बाधाओं को दूर करने में मदद की। समझौते को अंतिम रूप देने के लिए कतर के वार्ताकार तेहरान भी पहुंचे, जहां उन्होंने दोनों पक्षों के बीच सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

AFP



## शांति डील से जुड़े अहम सवालों के जवाब

# ईरान के यूरेनियम का क्या होगा?

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि ईरान के साथ बेहतरीन समझौता हुआ है। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि इस समझौते पर हस्ताक्षर शुक्रवार को स्विट्जरलैंड में होंगे। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने कहा कि समझौते के तहत सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाई तुरंत रोकी जाएगी। इसमें लेबनान भी शामिल है।

NBT EXPLAINER

**Q ईरान के परमाणु कार्यक्रम का क्या होगा?**
अलजजीरा के अनुसार, 14 सूत्रीय मसौदे में परमाणु मुद्दों का अंतिम समाधान 60 दिनों में निकालने की योजना है। ट्रंप ने कहा कि अंतिम समझौते में ईरान को केवल ऐसे स्तर तक यूरेनियम संवर्धन की अनुमति होगी जिसका सैन्य उपयोग न हो सके। माना जाता है कि ईरान के पास करीब 440 किलोग्राम 60% संवर्धित यूरेनियम है। ट्रंप ने चेतावनी दी कि अगर अंतिम परमाणु समझौता नहीं हुआ तो सैन्य कार्रवाई फिर शुरू हो सकती है।

**Q क्या ईरान को अपनी मिसाइल परियोजना और क्षेत्रीय सहयोगियों पर रोक लगानी होगी?**
ट्रंप पहले कह चुके हैं कि उनका एक लक्ष्य ईरान के बलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को खत्म करना है। युद्ध के दौरान अमेरिका ने कथित तौर पर ईरान से हिज्बुल्लाह, हमास, हूती और इराक-सीरिया के अन्य सहयोगी समूहों को समर्थन बंद करने की मांग की थी। मिसाइल कार्यक्रम और सहयोगी से जुड़े मुद्दे अब बातचीत के एजेंडे से हटा दिए गए हैं।

**Q क्या ईरान पर लगे प्रतिबंध हटेंगे?**
तुरंत नहीं। प्रतिबंधों में ढील अगले चरण की बातचीत का हिस्सा होगी। ईरानी तेल बिक्री पर लगी कुछ पाबंदियां हटाई जा सकती हैं। लेकिन बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्र पर लगे व्यापक प्रतिबंधों के बारे में अभी कोई स्पष्टता नहीं है। यूरोपीय देशों ने कहा है कि वे प्रतिबंध हटाने पर विचार कर सकते हैं, लेकिन यह ईरान के परमाणु कार्यक्रम में प्रगति पर निर्भर करेगा।

**Q होर्मुज स्ट्रेट का क्या होगा?**
ट्रंप ने कहा होर्मुज खुल गया है। ईरान ने भी कहा कि उसके बंदरगाहों पर लगी नाकाबंदी खत्म होगी। हालांकि शुरुआत में मार्ग केवल समुद्री सुरंगों को हटाने के लिए खोला जाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि जहाजरानी पूरी तरह सामान्य होने में कई महीने लग सकते हैं। ईरान होर्मुज से टोल वसूली भी कर सकता है।

**Q फ्रीज प्रॉपर्टी का क्या होगा?**
मसौदा समझौते में 24 अरब डॉलर की फ्रीज हुई ईरानी संपत्ति 60 दिनों में जारी करने का प्रस्ताव है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि समझौता होने के बाद भी धन स्वतः जारी नहीं होगा। ईरान को शर्तें माननी होंगी।

**Q अर्थव्यवस्था पर क्या असर?**
समझौते की खबर के बाद तेल की कीमतों में तेज गिरावट आई। ब्रेंट क्रूड का भाव लगभग 4% गिरकर 84 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया। कम तेल कीमतों से दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों को राहत मिल सकती है क्योंकि महंगाई का दबाव कम होगा। हालांकि वे यह भी चेतावनी दे रहे हैं कि युद्ध के असर तुरंत खत्म नहीं होंगे। ऊर्जा ढांचे को हुए नुकसान, आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट और जहाजरानी की समस्याएं आने वाले कई महीनों तक वैश्विक बाजारों को प्रभावित करेंगी।

## 'हिज्बुल्लाह पर कार्रवाई जारी रहेगी'

# क्या इस्राइल नाराज़ है? कहा- नरमी नहीं बरतेंगे...

■ NBT रिपोर्ट

**अमेरिका और** ईरान के बीच समझौते के बाद मध्य पूर्व की राजनीति में नए समीकरण बन रहे हैं, लेकिन इस्राइल ने साफ संकेत दिया है कि वह अपनी सुरक्षा नीति में कोई नरमी नहीं बरतेगा। यरुशलम सेंटर फॉर सिक्योरिटी एंड फॉरेन अफेयर्स (JCFA) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सागिव स्टीनबर्ग ने कहा है कि इस्राइल हिज्बुल्लाह के खिलाफ अपनी सैन्य कार्रवाई जारी रखेगा और जरूरत पड़ने पर अमेरिका की सहमति के बिना भी ईरान पर हमला कर सकता है।

ANI से बातचीत में स्टीनबर्ग ने कहा कि इस्राइल की उत्तरी सीमा की सुरक्षा उसके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, 'हमने देखा कि 7 अक्टूबर को क्या हुआ था। इस्राइल अब वही गलती दोबारा नहीं दोहरा सकता कि कोई भी हमारे नागरिकों की हत्या करे, उन्हें अगवा करने की कोशिश करे। हमारी सीमाओं पर कोई भी आतंकवादी संगठन मौजूद नहीं रह सकता जो किसी सुबह हमला कर दे और लोगों की हत्या या अपहरण कर ले। ऐसा दोबारा नहीं होने दिया जाएगा। स्टीनबर्ग के अनुसार, इस्राइल का मुख्य लक्ष्य उत्तरी क्षेत्र में शांति बहाल करना और हिज्बुल्लाह से पैदा होने वाले खतरे को पूरी तरह समाप्त करना है। उन्होंने कहा कि यदि कोई सुरक्षा खतरा सामने आता है तो इस्राइल कार्रवाई करेगा, भले ही अमेरिका उससे सहमत न हो।

AP



## क्या डील का पालन होगा

इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने कहा कि सेना लेबनान, सीरिया और गाजा के सुरक्षा क्षेत्रों में अनिश्चित समय तक बनी रहेगी। एक्सपर्ट का कहना है कि लेबनान इस समझौते की सबसे बड़ी चुनौती बन सकता है। जब तक इस्राइली सेना लेबनान में रहेगी, पूर्ण युद्धविराम संभव नही होगा।

## इस्राइल में कैसा माहौल

समझौते के बाद नेतन्याहू की आलोचना बढ़ गई है। विपक्षी नेताओं का कहना है कि इस्राइल अपने मुख्य उद्देश्यों को हासिल नहीं कर पाया। इसे नेतन्याहू की व्यक्तिगत हार के रूप में देखा जा रहा है। मध्य-वामपंथी डेमोक्रेट्स पार्टी के नेता याइर गोलान ने इसे कई वर्षों की असफलता का परिणाम बताया।

## होर्मुज़ फिर से खोलने को तैयार



■ **NBT रिपोर्ट:** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने सोमवार को ऐलान किया कि होर्मुज स्ट्रेट अब सभी के लिए खोल दिया गया है। हालांकि, ईरान ने स्पष्ट किया है कि वह इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर सीधे ट्रांजिट टोल नहीं लगाएगा, लेकिन कुछ समुद्री सेवाओं के बदले शुल्क वसूलेगा। अमेरिका और ईरान के बीच 107 दिन तक जारी रहे युद्ध को समाप्त करने तथा होर्मुज को फिर से खोलने पर सहमति बन गई है। वहीं, भारतीय LNG कैरियर दिशा सुरक्षित रूप से होर्मुज पार कर लिया।

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने सोमवार को कहा कि ईरान और ओमान की ओर से प्रदान की जाने वाली सेवाओं, जैसे नौवहन सहायता, पर्यावरण संरक्षण, संभावित जहाज बीमा और अन्य समुद्री सुविधाओं के लिए शुल्क लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि ईरान का उद्देश्य ट्रांजिट टोल वसूलना नहीं है, बल्कि दी जाने वाली सेवाओं की लागत की भरपाई करना है। इस बीच उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दावा किया कि समझौते पर रविवार को ही डिजिटल रूप से हस्ताक्षर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि होर्मुज को स्थायी रूप से बिना शुल्क खोले रखने के मुद्दे पर आगे तकनीकी स्तर की बातचीत जारी रहेगी। तेहरान अगले 60 दिनों तक जहाजों को बिना किसी शुल्क के गुजरने देगा, जबकि आगे की वार्ताओं के बाद सेवा शुल्क लागू किए जा सकते हैं।



यह समझौता अहम कदम है। दोनों पक्ष नए पॉजिटिव माहौल का लाभ उठाएंगे और संघर्ष के स्थायी समाधान के लिए प्रयास तेज करेंगे। - *एंटोनियो गुटेरेस, UN महासचिव*



क्षेत्र में शांति और स्थिरता की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति है।किसी भी उकसावे से दोनों पक्ष बचें। पाक, कतर और सऊदी का भी धन्यवाद। - *रेचेप तैयप अर्दोआन, राष्ट्रपति तुर्किये*



समझौते का हम स्वागत करते हैं और उम्मीद है कि सभी पक्ष भविष्य की बातचीत में सकारात्मक और रचनात्मक भावना के साथ भाग लेंगे। *-शेख मोहम्मद बिन, पीएम, कतर*



पूरी उम्मीद है कि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से जुड़े मुद्दे पर जल्द ही अंतिम समझौता होगा। दोनों पक्षों की ओर से की गई इस डील का स्वागत है। *- साने ताकाइची, पीएम, जापान*



यह समझौता युद्ध समाप्त करने और होर्मुज को फिर से खोलने की दिशा में बेहद अहम कदम है। तकनीकी बातचीत में सहयोग देने को हम तैयार हैं। - *कीर स्टार्मर, पीएम, ब्रिटेन*



समझौता जल्द और पूरी तरह लागू होना चाहिए और होर्मुज तत्काल बगैर किसी शर्त के सभी के लिए खुलना चाहिए। सहयोग देने को तैयार हैं। *- इमैनुएल मैक्रों, राष्ट्रपति, फ्रांस*



वैश्विक अर्थव्यवस्था को नई गति मिल सकती है और पश्चिम एशिया में स्थिरता बढ़ सकती है। इसे दृढ़ संकल्प से लागू करना जरूरी है।- *फ्रेडरिक मर्ज, चांसलर, जर्मनी*

# अंकिता भंडारी केस में पूर्व BJP विधायक सुरेश राठौर गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

**अंकिता भंडारी** हत्याकांड में कथित 'वीआईपी' के नाम के खुलासे से जुड़े वायरल ऑडियो-विडियो क्लिप मामले में बीजेपी के पूर्व विधायक सुरेश राठौर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, उन्हें हरिद्वार के बुग्गावाला स्थित कार्यालय से हिरासत में लेने के बाद देहरादून के डालनवाला थाने लाया गया, जहां औपचारिक गिरफ्तारी की गई।

पुलिस अधीक्षक (नगर) प्रमोद कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर प्रसारित कथित ऑडियो-विडियो क्लिप की जांच के सिलसिले में की गई है। राठौर के खिलाफ इन क्लिप्स के प्रसार को लेकर विभिन्न थानों में चार प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। हाल ही में आयोजित एक प्रेस वार्ता में राठौर ने दावा किया था कि उत्तराखंड हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ दर्ज चार में से दो FIR रद्द कर दी हैं। हाई कोर्ट ने 4 जून को दिए आदेश में दो मामलों को रद्द कर दिया था, जबकि शेष दो मामलों में पुलिस जांच जारी रखने की अनुमति दी थी। आरोप है कि सोशल मीडिया पर सामग्री का उद्देश्य उनकी छवि को नुकसान पहुंचाना था। सितंबर 2022 में पौड़ी जिले के एक रिसॉर्ट में कार्यरत 19 वर्षीय अंकिता भंडारी की हत्या के मामले ने पूरे उत्तराखंड को झकझोर दिया था। इस मामले में रिसॉर्ट मालिक समेत तीन लोगों को दोषी ठहराया जा चुका है।

## क्लिप में क्या है?

विवादित क्लिप में राठौर ने बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तराखंड प्रभारी दुष्यंत गौतम को कथित तौर पर उस 'VIP' के रूप में बताया था, जिसका जिक्र अंकिता भंडारी हत्याकांड के दौरान हुआ था। हालांकि, राठौर ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा था कि उन्होंने न तो कोई ऑडियो-विडियो क्लिप जारी की और न ही पार्टी नेतृत्व या मुख्यमंत्री के खिलाफ कोई टिप्पणी की।

# रौशन आनंद जेल से निकले, खान सर का नाम लेकर कहा- भाई की हत्या कराई

■ **आईएएनएस, पटना:** खान ग्लोबल स्टडीज और ज्ञान बिंदु कोचिंग सेंटर के बीच शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। इस बीच, ज्ञान बिंदु कोचिंग सेंटर के निदेशक रौशन आनंद सोमवार को जमानत पर जेल से बाहर आए और चर्चित शिक्षक खान सर पर कई आरोप लगा दिए। उन्होंने जेल से बाहर निकलते ही खान सर उर्फ फैजल खान के अलावा एक कोल्ड स्टोरेज के मालिक का नाम लेते हुए कहा, 'षड्यंत्र रचकर हमारे भाई की हत्या करवाई गई है।' जेल से निकलने के बाद भावुक रौशन आनंद ने कहा, 'फैजल खान ने कितना झूठ बोला है कि क्या बताएं। जो फैजल खान सब कुछ किया वो बाहर रह गया और हम जेल चले गए। हम निर्दोष थे और हमको फंसाया गया। मेरा भाई खत्म हो गया। सब कुछ खत्म हो गया।'इससे पहले खान इंस्टिट्यूट के बाहर हुए कथित हमले और फायरिंग मामले में ज्ञान बिंदु कोचिंग इंस्टिट्यूट के निदेशक रौशन आनंद को बड़ी राहत मिली है। सोमवार को पटना सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई।

**रौशन आनंद ने कहा, फैजल खान ने कितना झूठ बोला है कि क्या ही बताएं**

# आधा जून बीता, पर मॉनसून नहीं पकड़ रहा रफ्तार, अब तक 28% कम बारिश

Poonam.Gaur
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** प्रशांत महासागर में अल नीनो सक्रिय हो गया है। इस बीच मॉनसून की शुरूआत अच्छी नहीं रही है। मॉनसून आगे तो बढ़ रहा है, लेकिन इसकी चाल धीमी है। जून के पंद्रह दिन बीत जाने के बावजूद बारिश में 28 प्रतिशत की कमी है। आने वाले एक हफ्ते में यह कमी और अधिक बढ़ने की संभावना है।

आईएमडी के अनुसार सोमवार को मॉनसून कई दिनों बाद कुछ आगे बढ़ा है। इसने तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार के कुछ हिस्सों को कवर किया। वहीं मुंबई के लोगों को मॉनसून के लिए अभी इंतजार करना होगा। मुंबई में मॉनसून सामान्य तौर पर 11 जून को पहुंचता है। इस बीच सैटलाइट इमेज की तस्वीरों से पता चल रहा है कि देश के बड़े हिस्से में मॉनसून की स्थिति काफी कमजोर है। मॉनसून का सीजन एक जून से शुरू हो जाता है। इन दो हफ्तो में देश भर में 28 प्रतिशत कम बारिश हुई है।

इस समय आसमान की ऊपरी सतह पर बहने वाली 'वेस्टरली जेट स्ट्रीम' (पश्चिमी हवाओं का प्रवाह) अपनी सामान्य जगह से बहुत ज्यादा दक्षिण की ओर खिसक आई है। इस बार शक्तिशाली पश्चिमी हवाओं का ऊपरी दबाव बादलों को बनने और टिकने ही नहीं दे रहा है। राहत की एकमात्र बात यह है कि मौसम के पूर्वानुमान मॉडल संकेत दे रहे कि यह संकट स्थाई नहीं है।

PTI



शिमला समेत पहाड़ी इलाकों में सोमवार को कई जगह बारिश हुई।

# DRDO ने लंबी दूरी की क्रूज़ मिसाइल का किया परीक्षण



■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** DRDO ने सोमवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से लंबी दूरी की लैंड अटैक क्रूज मिसाइल (LRLACM) का सफल परीक्षण किया। चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज में तैनात विभिन्न ट्रैकिंग उपकरणों द्वारा प्राप्त आंकड़ों के अनुसार परीक्षण के सभी उद्देश्य पूरी तरह प्राप्त हुए। LRLACM स्वदेशी रूप से विकसित मिसाइल है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMA14 User: cci Time: 06-16-2026 00:25 Color:






**5**

*देशों ने मेजबान के रूप में फीफा वर्ल्ड कप की ट्रॉफी उठाई है। इस लिस्ट में उरुग्वे (1930), इटली (1934), इंग्लैंड (1966), अर्जेंटीना (1978) और फ्रांस (1998) शामिल हैं*

## वर्ल्ड कप स्पेशल QUIZ

***इन सवालों का जवाब पेज की खबरों में है।***

1. **मेजबान के रूप में कितने देशों फीफा वर्ल्ड कप जीता है?**
A) चार B) पांच C) दो D) एक भी नही

2. **जर्मनी ने संडे की रात खेले गए मैच में कुरासाओ के खिलाफ कितने गोल दागे?**
A) सात B) आठ C) नौ D) छह

**कल के जवाब**
1. B) 19 2. D) विनीसियस

**लकी WINNER**



1. **दीपक राजा,** लखनऊ, यूपी
2. **प्रदीप गुप्ता,** पटपड़गंज, दिल्ली
3. **जाहिद खान,** सीकरी, राजस्थान

**आप अपने जवाब हमें**
**8796958780**
पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### मनप्रीत का टारगेट

■ **नई दिल्ली:** भारत के लिए सर्वाधिक 412 इंटरनैशनल हॉकी मैच खेलने के दिलीप टिर्की के रेकॉर्ड की बराबरी करने वाले मिडफील्डर मनप्रीत सिंह की नजरें लॉस एंजलिस ओलिंपिक्स 2028 पर हैं। उनका टारगेट बेल्जियम के जॉन जॉन डोमैन के 481 इंटरनैशनल मैचों का वर्ल्ड रेकॉर्ड तोड़ने का भी है। मनप्रीत ने कहा, 'रेकॉर्ड तोड़ना चाहता हूं लेकिन उसके लिए फिट रहना सबसे अहम है।'

### नारंग, कुंजरानी समिति में

■ **नई दिल्ली:** शूटर गगन नारंग और वेटलिफ्टर एन कुंजरानी देवी को नैशनल स्पोर्ट्स बोर्ड (NSB) के गठन के लिए केंद्र सरकार की पांच सदस्यीय खोज सह चयन समिति में शामिल किया गया है। कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन समिति की अगुआई करेंगे जिसमें हरिरंजन राव (सचिव, खेल) और भारतीय ओलिंपिक संघ से लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) हरपाल सिंह भी शामिल हैं।

### दिल्ली में तलवारबाजी

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली में 19 से 24 जून तक होने वाली एशियन सीनियर तलवारबाजी चैंपियनशिप में ओलिंपिक्स मेडल विजेताओं समेत 34 देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे। भारत में पहली बार यह टूर्नामेंट हो रहा है जो इस साल के आखिर में जापान में होने वाले एशियन गेम्स का सीधा क्वॉलिफायर भी है।

### रॉबिन्सन टीम से बाहर

■ **लंदन:** इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स और गस एटकिंसन के बाद एक अन्य तेज गेंदबाज ओली रॉबिन्सन भी घुटने की चोट के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ ओवल में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हो गए हैं। रॉबिन्सन ने पहले टेस्ट मैच में सात विकेट लिए थे। स्टोक्स की अनुपस्थिति में जो रूट टीम की कप्तानी करेंगे।

खिताब के दावेदार और यूरोपीय चैंपियन स्पेन को गोलरहित ड्रॉ पर रोका

# केप वर्डे ने किया चमत्कार

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** विश्व कप इतिहास में कई बार छोटी टीमों ने बड़े चमत्कार किए हैं और सोमवार की रात भी एक ऐसा ही चमत्कार हुआ जब केप वर्डे ने अपने पहले ही विश्व कप मुकाबले में मौजूदा यूरोपीय चैंपियन स्पेन को रोकते हुए एक ऐतिहासिक अंक हासिल कर लिया। स्कोरबोर्ड पर भले ही कोई गोल दर्ज नहीं हुआ, लेकिन केप वर्डे के लिए यह नतीजा किसी जीत से कम नहीं था।

**गोलकीपर वोजिन्हा रहे नायक:** केप वर्डे की इस जीत माफिक ड्रॉ के नायक 40 वर्षीय गोलकीपर वोजिन्हा रहे, जो पूरे मैच में प्रेरणादायक प्रदर्शन करते नजर आए। उन्होंने पूरे मैच कई शर्तिया गोल का बचाव किया। जब-जब स्पेन ने बढ़त हासिल करने की कोशिश की यह अनुभवी गोलकीपर चट्टान की तरह उनके सामने खड़ा हो गया। उनके शानदार प्रदर्शन की बदौलत केप वर्डे ने विश्व कप डेब्यू पर क्लीन शीट बरकरार रखी।

**दूसरा सबसे छोटा देश:** केप वर्डे आबादा के लिहाज से विश्व कप इतिहास में हिस्सा लेने वाला दूसरा सबसे छोटा देश है। यह मुकाबला ग्रुप चरण में फीफा रैंकिंग्स के लिहाज से दो टीमों के बीच सबसे बड़े अंतर वाला मैच था, लेकिन मैदान पर इसका कोई असर दिखाई नहीं दिया। स्पेन ने दूसरे हाफ में लामिन यमाल, मिकेल मेरिनो और निको विलियम्स जैसे प्रभावशाली खिलाड़ियों को भी मैदान पर उतारा, लेकिन इसके बावजूद अटलांटिक महासागर में स्थित लगभग 5.2 लाख आबादी वाले इस देश पर जीत हासिल नहीं कर सका।

**डिफेंस पर था पूरा ध्यान:** मुकाबले में केप वर्डे की रणनीति साफ थी कि उन्हें सिर्फ डिफेंस पर ध्यान देना है और काउंटर अटैक को भुनाने की कोशिश करनी है। केप वर्डे काउंटर अटैक को भुना तो नहीं पाई लेकिन फीफा वर्ल्ड कप में डेब्यू कर रही इस टीम ने सितारों से सजी 'ला रोजा' को भी एक भी गोल नहीं करने दिया।

**स्लो रही शुरुआत:** स्पेन ने मुकाबले की शुरुआत स्लो की और बॉल पजेशन बनाए रखने पर फोकस किया, जिसके बाद धीरे-धीरे स्पेन ने अटैक भी शुरू किया। मैच के 10वें मिनट में स्पेन ने पहला कॉर्नर अर्जित किया। पेड्री ने कॉर्नर लिया, लेकिन 'ला रोजा' इस मौके को भुना नहीं पाई। ऐसे में 15वें मिनट में पेड्री ने पेनल्टी बॉक्स के बाहर से ही एक शॉट लिया, जो बेहद कमजोर था और आराम से रोक लिया गया।

**टोरेस निशाने से चूके:** स्पेन को 38वें मिनट में बढ़त बनाने का सुनहरा मौका मिला। रोड्री के बेहतरीन पास पर मार्क कुकुरेला ने हेडर से गेंद फेरान टोरेस की ओर बढ़ाई, लेकिन उनका प्रयास क्रॉसबार से टकरा गया। रिबाउंड पर मिले दूसरे मौके को भी वोजिन्हा ने शानदार बचाव से विफल कर दिया। केप वर्डे ने 42वें मिनट में जवाबी हमला बोला, लेकिन स्पेनिश डिफेंस ने खतरे को टाल दिया। इसके बाद 45वें मिनट में कुकुरेला के शानदार कटबैक पर टोरेस के पास गोल करने का आसान मौका था, लेकिन उनका शॉट सीधे गोलकीपर के हाथों में चला गया। इंजरी टाइम में स्पेन के कॉर्नर को भी वोजिन्हा ने विफल कर दिया।

**ग्रुप-H का मैच**
**स्पेन Vs केप वर्डे**
**0 0**



केप वर्डे के गोलकीपर वोजिन्हा (दाएं) गोल बचाते हुए। उन्होंने कुल सात में से छह सेव बॉक्स के अंदर से किए

# आज दिखेगा एम्बापे मैजिक

## प्रबल दावेदारों में शामिल फ्रांस के सामने सेनेगल की चुनौती

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** फीफा वर्ल्ड कप 2026 खिताब की प्रबल दावेदारों में शुमार फ्रांस मंगलवार को न्यूजर्सी में ग्रुप-I के अपने पहले मुकाबले में सेनेगल से भिड़ेगा। सेनेगल एक बार फिर 2002 की तरह बड़ा उलटफेर करने की उम्मीद लेकर मैदान में उतरेगा, जब उसने टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में तत्कालीन चैंपियन फ्रांस को 1-0 से हराकर दुनिया को चौंका दिया था। इस मैच में सबकी निगाहें फ्रांस के करिश्माई स्ट्राइकर किलियान एम्बापे पर होंगी।

**पिछले सात में चार बार फाइनल में:** फ्रांस ने क्वॉलिफिकेशन में सिर्फ दो अंक गंवाए और लगातार आठवीं बार वर्ल्ड कप के लिए क्वॉलिफाई किया। पिछले सात वर्ल्ड कप में से फ्रांस चार बार फाइनल तक पहुंचा है। बीते 4 जून को आइवरी कोस्ट के खिलाफ 2-1 की हार के बाद कुछ सवाल जरूर उठे, लेकिन चार दिन बाद नॉर्दरन आयरलैंड पर 3-1 की जीत ने टीम का आत्मविश्वास लौटा दिया। फ्रांस ने अपने पिछले 10 मुकाबलों में से नौ में दो या उससे अधिक गोल किए हैं।

**लगातार तीसरा वर्ल्ड कप:** दूसरी ओर, सेनेगल भी बिना कोई मैच हारे वर्ल्ड कप में पहुंचा है और लगातार तीसरी बार टूर्नामेंट खेलेगा। साल 2022 में वह प्री-क्वॉर्टर फाइनल तक पहुंचा था, जबकि 2018 में ग्रुप स्टेज से बाहर हो गया था। कोच पापे थियाव के नेतृत्व में टीम ने हाल के फ्रेंडली मैचों में पेरू और गाम्बिया को हराया, लेकिन वर्ल्ड कप से पहले अंतिम तैयारियों में उसे सह-मेजबान अमेरिका से 3-2 की हार और सऊदी अरब के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ का सामना करना पड़ा। टीम ने पिछले सात मैचों में पांचवीं बार क्लीन शीट दर्ज की है। थियाव के लिए फ्रांस के खिलाफ मुकाबला खास है। वह 2002 में फ्रांस को हराने वाली सेनेगल टीम का हिस्सा थे, हालांकि उस ऐतिहासिक मैच में वह बेंच पर बैठे थे।

**ग्रुप-I का मैच**
**फ्रांस Vs सेनेगल**
**रात 12:30 बजे से**



ट्रेनिंग के दौरान फ्रांस के फुटबॉलर किलियान एम्बापे

**NBT Lens खबरों के अंदर की बात**

### दिदिए बनेंगे सबसे सफल!

फ्रांस अपने कोच दिदिए देशॉ को विजयी विदाई देना चाहेगी। खिलाड़ी और कोच दोनों रूपों में वर्ल्ड कप जीतने वाले इकलौते जीवित व्यक्ति दिदिए टूर्नामेंट के बाद पद छोड़ देंगेगे। दिदिए अब तक वर्ल्ड कप में फ्रांस को 14 जीत दिला चुके हैं। यदि फ्रांस ग्रुप स्टेज के तीनों मैच जीतता है तो वह जर्मनी के महान कोच हेल्मुट शॉन के 16 वर्ल्ड कप जीत के रेकॉर्ड को पीछे छोड़ सकते हैं।

# ईरानी टीम आज खेलेगी अमेरिका की धरती पर

**संभावित स्टार्टिंग XI**

**ईरान (4-3-3):** अलीरेजा (गोलकीपर), यूसुफी, खलीलजादेह, नेमाती, मिलाद, एजतोलाही, गोडोस, मोहेबी, मेहदी, तारेमी, अमीरहुसैन

**न्यूजीलैंड (4-2-3-1):** क्रोकोम्बे (गोलकीपर), पेन, सुरमन, बॉक्सल, कैकास, बेल, स्टैमेनिक, एलिजा, सरप्रीत, गारबेट, वुड

AFP



ईरान टीम के कप्तान तारेमी

■ **एजेंसियां, इंगलवुड (कैलिफोर्निया):** अमेरिका और ईरान की सरकार सौ दिन से ज्यादा चले युद्ध के बाद 'शांति प्रस्ताव' के करीब हैं। इस डील पर पूरी दुनिया की निगाहें हैं। हालांकि, इस कूटनीति और राजनीति से दूर अमेरिका की सरजमीं पर ईरान मेंस फुटबॉल टीम फीफा वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ आज अपने अभियान की शुरुआत करेगी। मुकाबले से पहले हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में ईरान के कप्तान मेहदी तारेमी ने कहा कि सह-मेजबान अमेरिका के साथ चल रहे युद्ध के उनका टूर्नामेंट का अनुभव अभी तक अच्छा नहीं रहा। उन्होंने कहा, 'वर्ल्ड कप के लिए यहां पहुंचते ही मुझे तनाव महसूस होने लगा था। किसी भी टूर्नामेंट में जब तनाव होता है, तो हमें वह सुखद अनुभव नहीं मिलता जिसके बारे में हम हमेशा शांति और खुशी से बात करते हैं।' तारेमी ने आगे कहा कि वह सभी ईरानवासियों की खुशी के लिए खेलेंगे। उन्होंने कहा, 'हम अपनी एकता दिखाना चाहते हैं और हम यहां वर्ल्ड कप में ईरान के लोगों की खुशियां के लिए आए हैं।'

**ग्रुप-G का मैच**
**ईरान Vs न्यूजीलैंड**
**सुबह 6:30 बजे से**

# ब्राजील से आगे निकला जर्मनी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** पिछले दो वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज से बाहर होने की निराशा को चार बार की चैंपियन जर्मनी ने संडे की रात फीफा वर्ल्ड कप 2026 के अपने पहले मैच में कुरासाओ पर 7-1 की धमाकेदार जीत के पीछे छोड़ दिया। कुरासाओ के खिलाफ जर्मनी का यह प्रदर्शन उसके पुराने दिनों की याद दिलाने वाला रहा। इस 7-1 की जीत ने 2014 में ब्राजील के खिलाफ इसी स्कोरलाइन के साथ उसकी यादगार जीत की भी यादें ताजा कर दीं। यह सच है कि कुरासाओ कोई ब्राजील जैसी ताकतवर टीम नहीं है, लेकिन यह मैच उस जर्मन दबदबे की झलक था, जो अपने स्वर्णिम दौर में उसकी पहचान हुआ करता था।

**टॉप पर टीम:** वर्ल्ड कप के इस संस्करण में ब्राजील और जर्मनी दोनों अपने शुरुआती मुकाबले खेल चुके हैं। ब्राजील को मोरक्को के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ पर संतोष करना पड़ा। इस मैच तक ब्राजील वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने वाली टीम थी। विनीसियस जूनियर के गोल की बदौलत उसके कुल गोलों की संख्या 238 तक पहुंच गई थी। जर्मनी ने वेनेजुएला के तट के पास स्थित डच द्वीपीय देश कुरासाओ पर बड़ी जीत के साथ यह रेकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वर्ल्ड कप के इतिहास में जर्मनी के कुल गोलों की संख्या 239 तक पहुंच गई है और वह ब्राजील को पीछे छोड़ते हुए टूर्नामेंट के इतिहास की सर्वाधिक गोल करने वाली टीम बन गई है।

**72 वर्षों में सबसे बड़ी हार:** वर्ल्ड कप में टीमों की बढ़ी संख्या के बाद जगह पाने वाले कुरासाओ पर सभी की निगाहें थीं जो फीफा वर्ल्ड कप में डेब्यू कर रहा था। हालांकि कुरासाओ की 7-1 से हार पिछले 72 वर्षों में फीफा वर्ल्ड कप में डेब्यू कर रहे किसी टीम की सबसे बड़ी हार रही। इससे पहले 1954 में साउथ कोरिया को अपने डेब्यू मैच में हंगरी के खिलाफ 0-9 से शिकस्त मिली थी।

**ग्रुप-E का मैच**
**जर्मनी Vs कुरासाओ**
**7 जर्मनी ⚽ कुरासाओ 1**



जर्मनी के लिए काई हावर्त्ज़ (मध्य) ने दो गोल दागे

**वर्ल्ड कप में सर्वाधिक गोल**

| टीम | गोल |
|---|---|
| जर्मनी | 239 |
| ब्राजील | 238 |
| अर्जेंटीना | 152 |
| फ्रांस | 136 |
| इटली | 128 |

**फीफा वर्ल्ड कप ग्रुप स्टेज के मुकाबले**

# ट्यूनीशिया पर टूटा स्वीडन का कहर, ताबड़तोड़ 5 गोल

**एपी, मॉन्टेरी (मेक्सिको):** यासिन अयारी के दो गोल की मदद से स्वीडन ने ट्यूनीशिया को 5-1 से करारी शिकस्त देकर वर्ल्ड कप फुटबॉल में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। टीम ग्रुप-एफ में टॉप पर काबिज हो गई।अयारी ने एस्टाडियो बीबीवीए स्टेडियम में स्वीडन के लिए सातवें मिनट और दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में लंबी दूरी से गोल दागकर स्कोर की शुरुआत और अंत किया। उन्होंने संयमित तरीके से जश्न मनाया और अपने पिता के जन्मस्थान के प्रति सम्मान दिखाते हुए अपने हाथ ऊपर उठाए। अलेक्जेंडर इसाक (30वें मिनट) और विक्टर ग्योकेरेस (59वें) ने एक-एक गोल करने के साथ एक दूसरे के गोल में मदद की। स्वीडन की तरफ से मैटियस स्वानबर्ग (84वें) ने भी गोल किया।

स्वीडन वर्ल्ड रैंकिंग्स में 39वें स्थान पर है और आठ साल पहले रूस में क्वॉर्टर फाइनल तक पहुंचने के बाद 2022 के वर्ल्ड कप में जगह बनाने से चूक गया था। वर्ल्ड रैंकिंग्स में 45वें स्थान पर काबिज ट्यूनीशिया के लिए उमर रेकिक ने गोल किया। ट्यूनीशिया अपने सातवें वर्ल्ड कप में खेल रहा है, लेकिन वह कभी भी ग्रुप स्टेज से आगे नहीं बढ़ पाया है। इसाक ने 30वें मिनट में अपना 18वां इंटरनैशनल गोल किया, जब ग्योकेरेस ने लिवरपूल के इस स्ट्राइकर को जवाबी हमले में पास दिया। इसाक आगे बढ़े और उन्होंने पूरे मैच में संघर्ष करने वाले ट्यूनीशियन गोलकीपर मोहिब चमाख को चकमा देकर नीचा शॉट लगाकर गोल कर दिया।

**ग्रुप-F का मैच**
**5 स्वीडन ⚽ ट्यूनीशिया 1**



स्वीडन ने यासीन अयारी के दो गोल से ट्यूनीशिया को 5-1 से रौंदा

**एशियन गेम्स टेनिस**

## नागल और सहजा करेंगे अगुआई

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारत के टॉप रैंकिंग्स के सिंगल्स खिलाड़ी सुमित नागल और सहजा यमलापल्ली जापान में होने वाले 20वें एशियन गेम्स में देश के टेनिस अभियान की अगुआई करेंगे। अखिल भारतीय टेनिस संघ ने सोमवार को छह सदस्यीय पुरुष और महिला टीम चुनी। पुरुषों सिंगल्स में मानस धामने और दक्षिणेश्वर सुरेश भी हैं। महिला सिंगल्स में वैष्णवी अडकर, वैदेही चौधरी भी हैं।



सुमित नागल

# सुपर ओवर में इंडिया-ए को मिली हार

■ **एजेंसियां, दांबुला:** श्रीलंका-ए ने वनडे ट्राई सीरीज में सोमवार को इंडिया-ए को रोमांचक सुपर ओवर में हराया, लेकिन मैच के बाद युवा भारतीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और श्रीलंकाई खिलाड़ी विशेन हलामबागे के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली, जो शारीरिक धक्का-मुक्की तक पहुंच गई। सामने आए विडियो में सूर्यवंशी और हलामबागे एक-दूसरे को धक्का देते नजर आए। मैदान से बाहर जाते समय सूर्यवंशी को गुस्से में इशारे करते भी देखा गया।

मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। 50 ओवर के अंत में दोनों टीमों का स्कोर बराबर रहने के कारण विजेता का फैसला सुपर ओवर से हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका-ए ने सुपर ओवर में 16 रन बनाए। जवाब में इंडिया-ए केवल नौ रन ही बना सका। इससे पहले, इंडिया-ए के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अरशद खान ने 50वें ओवर में सिर्फ चार रन दिए, जबकि श्रीलंका-ए को जीत के लिए पांच रन चाहिए थे। इसके बाद रोशनी तेजी से कम हो रही थी पर भारतीय कप्तान तिलक वर्मा के जोर देने पर अंपायर्स ने सुपर ओवर कराने का फैसला किया।

SOCIAL MEDIA



**इंडिया-ए Vs श्रीलंका-ए**
**वनडे ट्राई सीरीज**

वैभव सूर्यवंशी से उलझते श्रीलंका प्लेयर्स

**प्रतियोगिता 19 जून को**

## दोहा डायमंड लीग से लौटेंगे नीरज

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** भारत के स्टार जैवलिन थ्रो ऐथलीट नीरज चोपड़ा 19 जून को दोहा डायमंड लीग के जरिए प्रतिस्पर्धी मैदान पर वापसी करेंगे। फिटनेस हासिल कर चुके नीरज ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'दोहा में मिलते हैं।' नीरज 2025 वर्ल्ड चैंपियनशिप में आठवें स्थान पर रहने के बाद से प्रतियोगिताओं से दूर थे। दोहा में नीरज की वापसी पर सभी की निगाहें रहेंगी।



नीरज चोपड़ा

## डियालो बने आइवरी कोस्ट के हीरो

**एपी, फिलाडेल्फिया:** अमाद डियालो ने 90वें मिनट में गोल करके पिछले 12 वर्ष में पहली बार वर्ल्ड कप फुटबॉल में भाग ले रहे आइवरी कोस्ट को इक्वाडोर पर 1-0 से जीत दिलाई। दोनों टीमों ने मिलकर तीन बार क्रॉसबार पर गेंद मारी, लेकिन गोल करने में नाकाम रही। ऐसे में जब मैच गोलरहित ड्रॉ की तरफ बढ़ रहा था तब मैनचेस्टर यूनाइटेड की तरफ से खेलने वाले विंगर डियालो (56वें मिनट में मैदान पर उतरे) ने पेनल्टी एरिया के ठीक अंदर गोता लगाते हुए बाएं पैर से जोरदार शॉट लगाकर गोल दागा। इस तरह 2014 के बाद पहली बार हिस्सा ले रहे आइवरी कोस्ट ने विजयी आगाज किया।

**ग्रुप-E का मैच**
**1 आइवरी कोस्ट ⚽ इक्वाडोर 0**

AFP



आइवरी कोस्ट के स्कोरर डियालो

# दीपिका के दो गोल से भारत की शानदार जीत

■ **एजेंसियां, ऑकलैंड:** दीपिका के दो गोल की बदौलत भारतीय विमिंस हॉकी टीम FIH नेशंस कप में विजयी आगाज किया। टीम ने सोमवार को हुए पूल-ए के मुकाबले में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अमेरिका को 3-2 से मात दी। भारत आज जापान का सामना करेगा। नेशंस कप की विजेता टीम अगले सीजन में प्रो-लीग में खेलेगी।

**अमेरिका ने बनाई थी बढ़त:** अमेरिका ने शुरुआती सात मिनट में ही दो गोल दागकर भारत पर बढ़त बना ली थी। अमेरिका के लिए पहला गोल एश्ले ने चौथे मिनट में ही दाग दिया। इसके महज तीन मिनट बाद अमेरिका ने अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। दीपिका ने दूसरे क्वॉर्टर में दो गोल कर भारत को बराबरी पर ला दिया। नवनीत कौर ने 28वें मिनट में निर्णायक तीसरा गोल कर भारत को आगे कर दिया।

**नेशंस कप हॉकी**
**3 भारत X अमेरिका 2**



प्लेयर ऑफ द मैच दीपिका

**चेक रिपब्लिक टूर्नामेंट**

## भारतीय बॉक्सर भी पेश करेंगे चुनौती

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** ओलिंपिक्स मेडलिस्ट लवलीना बोरगोहेन सहित कॉमनवेल्थ गेम्स की टीम में शामिल भारतीय बॉक्सर बुधवार से चेक रिपब्लिक में शुरू हो रही ग्रां प्री उस्ती नाद लाबेम में हिस्सा लेंगे। लवलीना (75 किग्रा) के अलावा एशियन चैंपियनशिप की गोल्ड विजेता प्रीति पवार (54 किग्रा), प्रिया घंघास (60 किग्रा), साक्षी (51 किग्रा), परवीन हुड्डा (65 किग्रा) महिला टीम की सदस्य हैं।



लवलीना

# तब डिप्रेशन में चली गई थी मैं: श्रेयंका

## उंगली में फ्रैक्चर के बाद लगभग 14 महीने रहीं थीं खेल से दूर

■ **एजेंसियां, बर्मिंघम:** विमिंस टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान के खिलाफ जीत में शानदार कैच लपकने वाली श्रेयंका पाटिल ने मैच के बाद बताया कि वह एक समय 'डिप्रेशन' से गुजर रही थीं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह इंजरी के दौरान क्रिकेट भी छोड़ना चाहती थीं। दरअसल, जुलाई 2024 में पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप मैच के दौरान उंगली में फ्रैक्चर होने के बाद श्रेयंका लगभग 14 महीने तक खेल से दूर रहीं। इंजरी के समय की बात करते हुए उन्होंने कहा, 'अगर मैं कहूं कि मैं डिप्रेशन में नहीं थी या मैंने क्रिकेट छोड़ने के बारे में नहीं सोचा तो यह झूठ होगा। चोट के दौर में शुरुआत में मुझे ऐसा ही महसूस हुआ था। लेकिन मेरे अंदर एक आवाज थी जो कह रही थी कि चाहे कुछ भी हो, मुझे यह खेल खेलना पसंद है। मैं यहां सिर्फ इसलिए हूं क्योंकि मुझे इसे खेलना पसंद है।' श्रेयंका ने इस मुश्किल दौर से निकलने का श्रेय अपने मजबूत सहयोगी ढांचे को दिया।

**दीप्ति को रास आता है दबाव:** वर्ल्ड कप मैच में पाकिस्तान के खिलाफ पांच विकेट लेने वाली दीप्ति शर्मा ने बताया कि उन्हें दबाव रास आता है। दीप्ति ने कहा, 'मुझे दबाव वाली परिस्थितियां और ICC टूर्नामेंट में खेलना पसंद है। मुझे ऐसा लगता है कि मैंने वहीं से फिर से शुरुआत की है जहां मैंने खत्म किया था, इसलिए अच्छा लग रहा है। मैं अपनी प्रक्रिया पर ध्यान केंद्रित कर रही हूं और अपनी रणनीति पर अच्छी तरह से अमल करने की कोशिश करती हूं। इससे मुझे काफी मदद मिलती रही है। बस मुझे आगे बढ़ते रहना है, रुकना नहीं है।'

**विमिंस टी20 वर्ल्ड कप 2026**



भारतीय स्पिनर श्रेयंका पाटिल

## जापान ने 'डच आर्मी' को किया हैरान

AFP



नाकामुरा ने जापान की ओर से पहला गोल दागा

**ग्रुप-F का मैच**
**2 नीदरलैंड्स ⚽ जापान 2**

**एपी, आर्लिंगटन:** दाइची कामाडा ने अंतिम सीटी बजने से कुछ मिनट पहले गोल किया जिससे जापान ने वर्ल्ड कप फुटबॉल के ग्रुप-एफ के मैच में नीदरलैंड्स को 2-2 से बराबरी पर रोक दिया। जब जापान की हार सुनिश्चित लग रही थी तब कामाडा ने यह गोल किया जिसे उनका देश वर्षों तक याद रखेगा। कोकी ओगावा के कॉर्नर किक पर कामाडा ने 88वें मिनट में हेडर से गोल किया। इससे जापान ने अधिक रैंकिंग्स वाले नीदरलैंड्स की जीत की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। नीदरलैंड को भले ही अंक बांटने पड़े लेकिन उसने विश्व कप के ग्रुप चरण में अपने अजेय अभियान को 17 मैच तक पहुंचा दिया।

नवभारत टाइम्स NBT Delhi Times OF INDIA masala mix

TUESDAY, JUNE 16, 2026 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE




# 'AI टूल्स अच्छे, मगर संगीत में जान नहीं डाल सकते'

ओंकार कुलकर्णी

अदनान सामी ने अपने लंबे करियर में लिफ्ट करा दे, तेरा चेहरा और कभी तो नज़र मिलाओ जैसे सुपरहिट गाने दिए। अदनान ने म्यूजिक इंडस्ट्री को कैसेट और सीडी के दौर से निकलकर स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स, रील्स और अब AI कल्चर के दौर में आते देखा है। उनका मानना है कि संगीत में AI टूल्स का यूज वह भी करते हैं, लेकिन धुन की आत्मा और उसे क्रिएटिव बनाने का काम, आज भी वह अपने हाथ में ही रखते हैं। वह कहते हैं, 'मैं एक असिस्टेंट के तौर पर AI टूल्स का काफी इस्तेमाल करता हूं। मैं धुन बनाने की बात नहीं कर रहा हूं, बल्कि गाने के तकनीकी काम और उसे सजाने की बात कर रहा हूं। कभी-कभी जब मैं कोई गाना कंपोज़ करता हूं, तो यह समझने के लिए कि वह कैसा सुनाई देगा, मैं AI की मदद से एक रफ डेमो तैयार कर लेता हूं। लेकिन आखिर में मैं इंसानी टच पर ही वापस आता हूं। क्योंकि असल धुन और उसकी आत्मा आपकी अपनी होनी चाहिए। इससे आप बच नहीं सकते। म्यूजिक की रूह आपकी ही होनी चाहिए। AI चीज़ों को बेहतर तो बना सकता है, लेकिन आपकी क्रिएटिविटी की जगह नहीं ले सकता।'


तेरा चेहरा गाने का एक दृश्य

## 'अब पहले जैसे लंबे गाने नहीं बनते'

पिछले कुछ सालों से गानों की लंबाई कम होती दिख रही है। वह कहते हैं, 'तेरा चेहरा गाना सात मिनट लंबा था और उसका विडियो भी करीब पांच मिनट का था। आज गाने ज्यादा से ज्यादा साढ़े तीन से चार मिनट के होते हैं। पहले गानों में तीन-चार अंतरे हुआ करते थे। मैं कई सालों तक इसी फॉर्मेट में काम करता रहा। एक बार मैं कुछ युवा म्यूजिशियंस के साथ काम कर रहा था। ट्रैक पूरा हुआ, तो मैंने पूछा, 'दूसरा अंतरा कहां है?' वे हैरान होकर बोले, 'दूसरा अंतरा?' तब मुझे अहसास हुआ कि चीजें कितनी बदल चुकी हैं।'

## 'हर तरह के संगीत बनाने की अपनी चुनौतियां हैं'

संगीत की चुनौतियों के बारे में अदनान कहते हैं, 'हर प्रोफेशन की अपनी चुनौतियां होती हैं। कोई टीवी ऐक्टर को कम आंक सकता है, लेकिन सच यह है कि टीवी ऐक्टर शायद ज्यादा लोगों तक पहुंचते हैं क्योंकि वे रोज लोगों के घरों में दिखाई देता है। म्यूजिक में भी ऐसा ही है। एक क्लासिकल म्यूजिशियन कह सकता है, 'मेरी परफॉर्मेंस 30 मिनट चलती है, जबकि पॉप आर्टिस्ट्स तीन या चार मिनट में खत्म कर देते हैं।' फिर एक विज्ञापन बनाने वाला कंपोजर होता है, जिसका म्यूजिक सिर्फ 30 सेकंड का होता है। उसे उन्हीं कुछ सेकंड्स में आपको बांधकर रखना होता है। इसलिए आप यह नहीं कह सकते कि आज किसी भी फॉर्मेट में म्यूजिक बनाना आसान है। सच तो यह है कि यह पहले से ज्यादा मुश्किल हो गया है।'



## दंगल जैसी फिल्म करना चाहता था, पर मौका नहीं मिला: चिरंजीवी

# संचिता ने आत्महत्या की, पुलिस ने शुरु की जांच

धारावाहिक कुमकुम भाग्य और शो दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे में नज़र आईं अभिनेत्री संचिता उगले ने आत्महत्या कर ली है। वह सिर्फ 30 साल की थीं। जानकारी के अनुसार, रविवार रात 7:30 बजे संचिता ने फांसी लगा ली। वह मुंबई के वसई क्षेत्र में अपने माता-पिता और छोटी बहन के साथ रहती थीं। उस वक्त घर में केवल बहन थी, जो कुछ देर के लिए काम से बाहर गई हुई थी, इसी दौरान संचिता ने जान दे दी।

वहीं एक दिन पहले ही संचिता ने सोशल मीडिया पर एक रील विडियो शेयर किया था, जिसमें वह बेहद खुश दिख रही थीं। पुलिस ने संचिता के पिता मछिंदा उगले की शिकायत के आधार पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 194 के तहत आकस्मिक मृत्यु (एडीआर) का मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में ऑल इंडिया सिने वर्कर्स असोसिएशन ने महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस से इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की अपील की है। साल 2025 में संचिता तब चर्चा में आईं जब उन्होंने इन्फ्लुएंसर मिशा अग्रवाल की आत्महत्या पर दुख जाहिर किया था।

File Photo

संचिता उगले

# कार्तिक संग दिखेंगी शरवरी!



शरवरी वाघ के सितारे लगता है बुलंदियों पर हैं। उनके खाते में एक के बाद एक फिल्में आ रही हैं। खबर है कि वह अब कार्तिक आर्यन की फिल्म में लीड रोल के लिए अप्रोच की गई हैं। जानकारी के अनुसार, लव रंजन एक फिल्म पर काम कर रहे हैं, जिसमें लीड ऐक्टर कार्तिक आर्यन हैं। इसी फिल्म में कार्तिक के अपोज़िट शरवरी को लेने की प्लानिंग है।

सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि लव रंजन अपनी अगली फिल्म के लिए शरवरी से बातचीत कर रहे हैं। शरवरी भी इस प्रोजेक्ट को लेकर उत्साहित हैं और लव रंजन के साथ काम करना चाहती हैं।



THE ECONOMIC TIMES

NBT नवभारत टाइम्स Wealth

अगले हफ्ते पढ़ें



● घर के दाम बढ़ते हैं, फिर भी ज्यादातर खरीदार अमीर क्यों नही बन पाते? क्या रियल एस्टेट दौलत बनाने का सबसे अच्छा निवेश है?

हर सोमवार NBT Wealth

सिर्फ 6 रुपये में

अपने वेंडर से संपर्क करें

# क्रूड नरम, पेट्रोल-डीज़ल सस्ते होंगे?

## पश्चिम एशिया में सुलह के ऐलान पर कच्चा तेल 5% से ज़्यादा गिरा

Akhilesh.Singh1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : अमेरिका और ईरान में सुलह की गुंजाइश बनने के बाद सोमवार को कच्चे तेल का अंतरराष्ट्रीय भाव 5% से ज्यादा गिर गया और 82 डॉलर प्रति बैरल के करीब आ गया। यह इस मायने में अहम है कि फरवरी में 70 डॉलर के आसपास रहने वाला ब्रेंट क्रूड युद्ध शुरू होने के बाद 122 डॉलर प्रति बैरल से भी ऊपर चला गया था।

सरकारी तेल कंपनियों के लिए क्रूड खरीद की ऐवरेज इंडियन बास्केट प्राइस फरवरी में करीब 69 डॉलर/बैरल थी। मार्च में यह 117.09 डॉलर/बैरल और अप्रैल में 114.48 डॉलर थी। मई में यह 106.23 डॉलर/बैरल रही। जून में फिलहाल 94.7 डॉलर/बैरल पर है।

**राहत कब तक? :** होर्मुज स्ट्रेट का खुलना इसलिए अहम है कि वहां से हमारे कुल क्रूड इंपोर्ट का करीब 40% हिस्सा आता रहा है। तेल एवं गैस मंत्रालय में संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा, 'अगर वहां मसला हल हो जाता है, तो सभी के लिए अच्छा है। सप्लाई में सुधार होगा।' वहीं, बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'शांति होने पर भी पश्चिम एशिया में तेल-गैस का उत्पादन बढ़ाने में कम से कम 6 महीने लग सकते हैं। कच्चे तेल में हो सकता है कि उछाल न आए, लेकिन अनुमान यही है कि कीमत 80-90 डॉलर प्रति बैरल के दायरे में रहेगी।'

**महंगाई घटेगी? :** रिटेल और होलसेल इंफ्लेशन युद्ध के पहले से बढ़ रही थीं। मई में रिटेल इंफ्लेशन 3.93% हो गई। होलसेल इंफ्लेशन बढ़कर 9.68% पर पहुंच गई। सबनवीस ने कहा, 'क्रूड का 80-90 डॉलर/बैरल का भाव पिछले साल से अब भी ज्यादा है। लिहाजा महंगाई ऊंची बनी रहेगी। साथ ही, जिन उत्पादकों ने ऑयल-बेस्ड प्रोडक्ट्स के दाम बढ़ा दिए हैं, वे अब इसे शायद ही घटाएं। अल-निनो इफेक्ट भी महंगाई पर दिखेगा।'

FILE


### कब दिखेगा असर?

करीब 75 दिनों तक कीमतें स्थिर रखने के बाद कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम चरणबद्ध ढंग से 7.50 रुपये/लीटर बढ़ाए हैं। 15 मई को पहली बार पेट्रोल-डीजल का दाम 3 रुपये/लीटर बढ़ाने के बाद भी पेट्रोल पर अंडर-रिकवरी 11 रुपये और डीजल पर 39 रुपये के करीब थी। सुजाता शर्मा ने कहा, 'अब भी पेट्रोल पर अंडर-रिकवरी करीब 3 रुपये/लीटर और डीजल पर लगभग 27 रुपये/लीटर है। घरेलू LPG सिलिंडर पर यह लगभग 700 रुपये है।' वहीं, सबनवीस ने कहा, 'ATF, LPG और डीजल पर ज्यादा नुकसान को देखते हुए अभी दाम घटाने की गुंजाइश नहीं है। कंपनियां वैश्विक कीमतों में स्थिरता दिखने पर ही दाम घटाएंगी।'

### 10 की दहलीज पर थोक महंगाई दर

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** थोक महंगाई दर लगातार सातवें महीने बढ़कर मई में 9.68% पर पहुंच गई। अप्रैल में यह 8.26% पर थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मई का होलसेल इंफ्लेशन का आंकड़ा नए बेस ईयर 2022-23 के साथ जारी किया, जो पहले 2011-12 था।
मंत्रालय ने कहा, 'पेट्रोलियम उत्पादों सहित मिनरल ऑयल, क्रूड, नैचरल गैस, केमिकल्स के साथ बेसिक मेटल्स का थोक महंगाई दर बढ़ाने में बड़ा हिस्सा रहा।' क्रूड पेट्रोलियम में इंफ्लेशन 61.5% रही, जो अप्रैल में 56.3% थी। खाने-पीने की चीजों में इंफ्लेशन 3.6% रही, जो अप्रैल में 2.43% थी। कारखानों में बनी चीजों में महंगाई दर अप्रैल के 6.68% से बढ़कर 7.48% हो गई। बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, 'कच्चे तेल में नरमी से WPI पर असर दिखेगा, लेकिन आने वाले महीनों में बड़ा रिस्क कम बारिश से फूड प्राइसेज बढ़ने का है।'

### वेदांता: 4 कंपनियों की लिस्टिंग हुई

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** अनिल अग्रवाल की अगुवाई वाले वेदांता ग्रुप की चार अलग हुई कंपनियों, वेदांता एल्युमीनियम मेटल, वेदांता पावर, वेदांता ऑयल एंड गैस और वेदांता आयरन एंड स्टील ने सोमवार को शेयर बाजार में शुरुआत की। लिस्टिंग के पहले दिन वेदांता एल्युमीनियम मेटल 5% गिर गया।

### US-ईरान शांति समझौते से बाज़ार में रौनक


AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** भारतीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। अमेरिका और ईरान के बीच 107 दिनों से चल रही जंग को खत्म करने के लिए हुए समझौते और कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट की वजह से बाजार झूम उठा। ब्रेंट क्रूड 5% गिरकर 82.90 डॉलर के करीब पहुंच गया, जो 3 महीने का निचला स्तर है।

सेंसेक्स 736.38 अंक (0.97%) की बढ़त के साथ 76,264.33 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय तो यह 1,293.12 अंक (1.71%) तक उछलकर 76,821.07 के स्तर पर पहुंच गया था। वहीं, निफ्टी 231 अंक (0.98%) की मजबूती के साथ 23,853.90 पर बंद हुआ। दिन के दौरान निफ्टी ने 24,011.40 का ऊपरी स्तर भी छुआ। इससे पहले शुक्रवार को भी बाजार में बड़ी तेजी देखी गई थी, जब सेंसेक्स 1,695 अंक और निफ्टी 461 अंक उछला था।

### सोने-चांदी के आयात पर ज़्यादा ड्यूटी का असर!

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** मई में गोल्ड इंपोर्ट सालभर पहले के इसी महीने के मुकाबले 34% अधिक रहा, लेकिन अप्रैल के मुकाबले इसमें कमी आई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि सोने का आयात अप्रैल के 5.63 बिलियन डॉलर से 39.3% घटकर मई में 3.42 बिलियन डॉलर पर आ गया।

**अप्रैल से मई में गोल्ड इंपोर्ट 39% घटा, चांदी का आयात 82% कम**

सिल्वर इंपोर्ट भी घटा। केंद्र ने 12 मई को सोने-चांदी पर आयात शुल्क 6% से बढ़ाकर 15% कर दिया था। सालभर पहले मई में 2.55 बिलियन डॉलर का गोल्ड इंपोर्ट हुआ था। पिछले वित्त वर्ष के अप्रैल-मई में 5.65 बिलियन डॉलर से 60.1% बढ़कर इस वित्त वर्ष में गोल्ड इंपोर्ट 9.04 बिलियन डॉलर का रहा। वहीं, चांदी का आयात अप्रैल के 41.1 करोड़ डॉलर से 81.6% घटकर मई में 7.6 करोड़ डॉलर का रहा। सालभर पहले से भी आयात मई में 86.7% घटा। मई में देश के कुल आयात में सोने का हिस्सा 6.2% और चांदी का 0.3% रहा।

AI Image


**6 महीने के हाई पर एक्सपोर्ट**

ओवरऑल मई में देश से वस्तुओं का निर्यात सालभर पहले से 18% बढ़कर 45.2 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका 6 महीनों का ऊंचा स्तर है। व्यापार घाटा सालभर पहले के 21.88 बिलियन डॉलर से बढ़कर 28.21 बिलियन डॉलर पर रहा क्योंकि आयात में 20% की वृद्धि हुई। मई में आयात 20.62% बढ़कर 73.41 बिलियन डॉलर पर पहुंच गया, जो इसका 3 महीनों का ऊंचा स्तर है। हालांकि अप्रैल के 28.38 बिलियन डॉलर के मुकाबले मई में व्यापार घाटा कम रहा।

**अगले हफ्ते US से ट्रेड वार्ता**

कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने सोमवार को बताया कि यूएस ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव जेमिसन ग्रीयर अगले हफ्ते भारत आएंगे। अंतरिम व्यापार समझौते से जुड़े मुद्दों पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से 23 और 24 जून को बातचीत होगी।

# भविष्य के उद्योगों पर गुजरात का बड़ा दांव

Prabhat.Sharma
@timesofindia.com

■ **गुजरात** सरकार ने राज्य को वैश्विक स्तर पर कॉम्पिटिटिव, इनोवेटिव और टिकाऊ औद्योगिक शक्ति बनाने के उद्देश्य से विकसित गुजरात इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2026 लॉन्च की। यह नीति 'विकसित गुजरात से विकसित भारत @2047' के विजन को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। गुजरात सरकार की ओर से बताया गया कि नई औद्योगिक नीति केवल निवेश आकर्षित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य गुजरात को वर्ष 2047 तक 3.5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य में महत्वपूर्ण योगदान देना भी है।

नई नीति में ग्रीन हाइड्रोजन, ग्रीन अमोनिया, इलेक्ट्रोलाइजर, नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण, बैटरी स्टोरेज, फ्यूल सेल, ऑटो और ऑटो कंपोनेंट्स, एयरोस्पेस, स्पेस मैन्युफैक्चरिंग, टेक्सटाइल, एग्रो एवं फूड प्रोसेसिंग, फार्मास्यूटिकल्स, मेडिकल डिवाइस, सेमीकंडक्टर उद्योगों की सहायक इकाइयों और न्यूक्लियर पावर उपकरण निर्माण को प्रमुख थ्रस्ट सेक्टर के रूप में शामिल किया गया है।


नई इंडस्ट्रियल पॉलिसी से 2047 तक 3.5 ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी का लक्ष्य

**'सभी के लिए कुछ न कुछ'**

स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए नए उद्यमों को एक वर्ष तक 25 हजार रुपये प्रतिमाह का सस्टेनेंस अलाउंस दिया जाएगा, जबकि महिला सह-संस्थापक वाले स्टार्टअप्स को 30 हजार रुपये प्रतिमाह मिलेंगे। हाई-टेक, फिनटेक, बायोटेक और ग्रीन स्टार्टअप्स को अतिरिक्त एक वर्ष तक सहायता दी जाएगी। हाई-इम्पैक्ट स्टार्टअप्स को 30 से 40 लाख रुपये तक सीड सपोर्ट तथा टर्म लोन पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज सब्सिडी मिलेगी। महिला उद्यमियों के लिए अतिरिक्त 1 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी, पांच वर्षों तक किराया सहायता और विशेष कौशल विकास कार्यक्रमों का प्रावधान किया गया है। वहीं अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के एमएसएमई उद्यमियों को कुल प्रोत्साहन सीमा में अतिरिक्त 5 प्रतिशत लाभ मिलेगा।

गुजरात को वैश्विक रिसर्च एंड डिवेलपमेंट हब बनाने के लिए कम से कम 300 करोड़ रुपये निवेश वाले पहले पांच आरएंडडी केंद्रों को विशेष प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इनमें भवन, मशीनरी और उपकरणों पर 50 प्रतिशत तक पूंजी सब्सिडी, भूमि लागत पर 25 प्रतिशत प्रतिपूर्ति, पांच वर्षों तक एक रुपये प्रति यूनिट बिजली दर, प्रति कर्मचारी 10 हजार रुपये प्रतिमाह पेरोल सहायता तथा पेटेंट और आईपीआर सहायता जैसी कई चीजें शामिल हैं।

नीति में एमएसएमई, बड़े, मेगा और अल्ट्रा-मेगा उद्योगों के लिए पूंजी सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी और बिजली शुल्क सहायता के विकल्प दिए गए हैं। पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जीरो लिक्विड डिस्चार्ज परियोजनाओं और स्वच्छ उत्पादन तकनीकों को विशेष प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार का मानना है कि यह नीति निवेश, रोजगार, नवाचार और हरित औद्योगिक विकास को नई दिशा देकर गुजरात को भविष्य की औद्योगिक अर्थव्यवस्था का अग्रणी केंद्र बनाएगी।

# भारत में बढ़ेगा प्लग-इन हाइब्रिड कारों का ट्रेंड?

Khalid.Amin
@timesofindia.com

■ **भारत** में इलेक्ट्रिक गाड़ियों की बढ़ते बाजार के बीच अब प्लग-इन हाइब्रिड (PHEV) तकनीक एक बार फिर सुर्खियों में है। लग्जरी कार कंपनियां इस तकनीक पर दांव लगा रही हैं। ताजा उदाहरण मर्सडीज-बेंज की नई एस-क्लास (S 450e) है, जिसे पहली बार भारत में प्लग-इन हाइब्रिड पावरट्रेन के साथ पेश किया गया है। ऑटो इंडस्ट्री के जानकार PHEV को ऐसी तकनीक मान रहे हैं, जो इलेक्ट्रिक और पेट्रोल वाहनों के बीच की खाई को भर सकती है।

**समझें क्या है प्लग-इन हाइब्रिड?**

प्लग-इन हाइब्रिड गाड़ी में पेट्रोल या डीजल इंजन के साथ एक बड़ी बैटरी और इलेक्ट्रिक मोटर भी होती है। सामान्य हाइब्रिड कारों से अलग इसकी बैटरी को बाहर से चार्ज किया जा सकता है। कम दूरी और शहर की ड्राइविंग में वाहन पूरी तरह इलेक्ट्रिक मोड पर चल सकता है। बैटरी खत्म होने पर इंजन काम करने लगता है। नई एस-क्लास के मामले में कंपनी 1000 किमी की ड्राइव साइकल में लगभग 32 किमी/लीटर के बराबर कंबाइंड एफिशिएंसी का दावा कर रही है।

**क्या खास है नई PHEV एस-क्लास में?:** इस कार को 2.20 करोड़ रुपये की शुरुआती एक्स शोरूम कीमत के साथ लॉन्च किया गया है। मर्सडीज-बेन्ज इंडिया के MD और CEO संतोष अय्यर ने एनबीटी से खास बातचीत में बताया कि यह कार करीब 115 किलोमीटर तक केवल इलेक्ट्रिक मोड पर चल सकती है। यानी दिल्ली जैसे मेट्रो सिटीज में रोजमर्रा की कम्युटिंग पूरी तरह इलेक्ट्रिक मोड में हो सकती है, जबकि लंबी दूरी के सफर में पेट्रोल इंजन साथ होने से चार्जिंग नेटवर्क या रेंज की चिंता नहीं रहती। दिल्ली जैसे शहरों के लिए यह और भी बेहतर है क्योंकि शहर के अंदर चलाने पर 'पल्यूशन फ्री' रहती है। AI बेस्ड इंफोटेनमेंट सिस्टम, कार टु कार कम्युनिकेशन और सर्टिफाइड ऑटोनोमस लेवल-3 जैसी तमाम हाई एंड टेक्नॉलजी इसमें दी गई है।

मर्सडीज ने लॉन्च की अपनी पहली PHEV लग्जरी कार



### किन कंपनियों की नज़र इस सेगमेंट पर

फिलहाल भारत में प्लग-इन हाइब्रिड तकनीक मुख्य रूप से प्रीमियम और लग्जरी सेगमेंट तक सीमित है। मर्सिडीज-बेंज से पहले बीएमडब्ल्यू भी इस तकनीक के साथ XM लॉन्च कर चुकी है जिसकी एक्स शोरूम कीमत 2.55 करोड़ रुपये है। हालांकि, आने वाले समय में यह तस्वीर पूरी तरह बदलने वाली है। कई मास सेगमेंट की कंपनियां भी अब इस तकनीक को आम खरीदारों के बजट में लाने की तैयारी कर चुकी हैं। इसी कड़ी में बीवाईडी (BYD) अपनी 'सील यू' (BYD Seal U) को इस तकनीक के साथ इस साल के अंत तक उतार सकती है। JSW मोटर्स के भी Jetour T2 PHEV को बाजार में लाने की सुगबुगाहट तेज है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 16-06-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 06-15-2026 23:59 Color:



NBT आज का इतिहास

## पहली महिला की अंतरिक्ष की उड़ान

63 साल पहले आज ही के दिन पहली बार किसी महिला ने अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी थी। सोवियत संघ ने वेलेंटीना तेरेश्कोवा को 1963 में वोस्टोक-6 स्पेसक्राफ्ट से अंतरिक्ष में भेजा था। करीब 3 दिन बाद वेलेंटीना धरती पर लौट आई थी। वह करीब 71 घंटे अंतरिक्ष में रही थीं। यह उस समय अंतरिक्ष में सबसे ज्यादा देर तक रहने का रेकॉर्ड था।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली

मंगलवार, 16 जून 2026

NBT वायरल न्यूज़

## डॉगी ने की फायरिंग, PC ने बचाया!

reddit पर एक शख्स ने अपनी कहानी बयां की और बताया कि एक रात जोरदार धमाके से नीद खुली। कांच के टुकड़े चेहरे पर बरस रहे थे। तभी पड़ोसी आए और कहा कि डॉगी ने गलती से बंदूक चला दी थी! डेस्क पर रखे कंप्यूटर ने गोली की दिशा बदली और जान बची।



# स्लोवाकिया पहुंचे मोदी, रक्षा समेत 11 समझौते

## किसी भी भारतीय PM की स्लोवाकिया की पहली यात्रा

■ पीटीआई, ब्रातिस्लावा

**भारत और** स्लोवाकिया सोमवार को अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने पर सहमत हुए। उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार और रक्षा सहयोग को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। दोनों देशों के बीच यह सहमति पीएम नरेन्द्र मोदी और स्लोवाकिया के प्रधानमंत्री रॉबर्ट फिको के बीच बातचीत के बाद बनी।

दोनों देशों ने माइग्रेशन, डिजिटल टेक्नॉलजी और डिफेंस जैसे कई क्षेत्रों में आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए 11 समझौतों को अंतिम रूप दिया। मोदी यूरोप की अपनी एक हफ्ते की यात्रा के दौरान ब्रातिस्लावा में हैं। किसी भारतीय पीएम की 1993 में स्लोवाकिया की आजादी के बाद यह पहली यात्रा है।

दोनों नेता भारत-EU मुक्त व्यापार समझौते को जल्द लागू करने की दिशा में काम करने पर भी सहमत हुए। इससे दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों को काफी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

पीएम ने बयान में कहा, 'हमने अपने संबंधों को व्यापक साझेदारी के स्तर तक ले जाने का फैसला किया है। यह हमारी साझा मान्यताओं, साझा प्राथमिकताओं और भविष्य का प्रतीक है।' भारत और स्लोवाकिया के बीच रक्षा सहयोग दोनों पक्षों के बीच प्रगाढ़ होते आपसी भरोसे और रणनीतिक तालमेल का सबूत है।

### ऊर्जा-माइग्रेशन पर साथ

मोदी और फिको ऊर्जा सुरक्षा, स्थिरता और मजबूती को बढ़ावा देने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमत हुए। इसके लिए परमाणु ऊर्जा और जियोथर्मल पावर सहित ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों को अपनाने पर जोर दिया जाएगा। दोनों ने स्किल्ड प्रफेशनल्स की सुरक्षित और कानूनी आवाजाही का समर्थन किया। आवाजाही आसान बनाने के लिए समझौते का स्वागत किया।



स्लोवाकिया ने पीएम मोदी को अपना सर्वोच्च सम्मान दिया।

### पारंपरिक तरीके से हुआ स्वागत...

दो दिनों के दौरे पर स्लोवाकिया पहुंचे पीएम का अभूतपूर्व स्वागत किया गया। स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। पीएम ने रविवार के कार्यक्रम की एक सुखद झलकी शेयर की। यह 'महादेव कीर्तन प्रोजेक्ट' का अंश था। 44 सेकंड की विडियो क्लिप में प्रोजेक्ट के सदस्य 'शंभू-शंभू' का जाप करते और देखे जा सकते हैं। पीएम का स्वागत स्लोवाकिया के पारंपरिक तरीके रोटी-नमक से किया गया।

# ट्रंप के बर्थडे पर वाइट हाउस में 'खूनी खेल'

■ एपी/एएफपी, वॉशिंगटन

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डॉनल्ड ट्रंप ने वाइट हाउस के लॉन में अल्टिमेट फाइटिंग चैंपियनशिप (UFC) इवेंट के साथ अपना 80वां जन्मदिन मनाया। इसके जरिए ट्रंप ने रविवार को अपनी ताकत और दबदबे का प्रदर्शन किया। उन्होंने वाइट हाउस के लॉन को केज फाइट (पिंजरे में होने वाली लड़ाई) के अखाड़े में बदल दिया।

ट्रंप और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स के हजारों अन्य फैंस ने देखा कि कैसे अमेरिकी फाइटर जस्टिन गेथजे ने स्पैनिश-जॉर्जियन प्रतिद्वंद्वी इलिया टोपुरिया को हराकर मेन इवेंट में लाइटवेट चैंपियनशिप जीती। टोपुरिया के चेहरे पर इतने बुरे तरीके से घूंसे मारे गए कि वह आगे नहीं लड़ सके। इसके बाद गेथजे को विजेता घोषित कर दिया गया। ट्रंप और फर्स्ट लेडी मेलानिया खून से सने ऑक्टागन केज में गए और गेथजे को बधाई दी।

यह फाइट नाइट राष्ट्रपति के घर पर आयोजित होने वाला पहला प्रफेशनल स्पोर्ट्स इवेंट था। तूफान की आशंका के कारण एक घंटे की देरी से शुरू हुआ। शाम के समय एक पल ऐसा भी आया जब भीड़ ने राष्ट्रपति के लिए 'हैप्पी बर्थडे' गाया। इवेंट में करीब 4,300 लोग मौजूद थे। ट्रंप के आते ही ऊपर से सेना के विमान गुजरे। कुल 14 फाइटर्स ने लगातार कई फाइट्स में हिस्सा लिया। आखिर में गेथजे और टोपुरिया के बीच मुकाबला हुआ।

जनता जंक्शन — इरफ़ान




### G-7 समिट में हिस्सा लेने ट्रंप फ्रांस पहुंचे

राष्ट्रपति ट्रंप G-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए सोमवार को फ्रांस के इविन लेस बेंस पहुंचे। वह दुनिया के प्रमुख औद्योगिक देशों के नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। वाइट हाउस का कहना है कि उम्मीद है कि ट्रंप नेताओं के साथ होर्मुज जलडमरूमध्य से बारूदी सुरंगें हटाने के बारे में चर्चा करेंगे। साथ ही मंगलवार को यूक्रेन युद्ध पर भी इसमें बात होने की उम्मीद है।

**इसमें यूक्रेन युद्ध पर भी बातचीत होने की उम्मीद है**




एलन मस्क दुनिया के पहले ट्रिलियनर बने!

## भारत के दूत बांग्लादेश में तलब

■ **एएफपी, ढाका:** पीएम तारिक रहमान के सलाहकार के साथ हुए बर्ताव पर विरोध जताने के लिए बांग्लादेश ने सोमवार को भारत के डिप्टी हाई कमिश्नर को तलब किया। विदेश मंत्री खलीलुर रहमान ने इसे अप्रत्याशित और दुर्भाग्यपूर्ण घटना बताया। ढाका की सरकारी समाचार एजेंसी BSS ने बताया कि सलाहकार जाहिद उर रहमान को नई दिल्ली एयरपोर्ट पर रोका गया, जहां वे एक कॉन्फ्रेंस में शामिल होने गए थे। उनसे कई घंटे पूछताछ की गई। हालांकि, भारतीय अधिकारियों ने बाद में उन्हें यात्रा जारी रखने की अनुमति दे दी, लेकिन उन्होंने बांग्लादेश लौटने का फैसला किया।

## अब फोटो छपवाने का मौका भी

### खबरों का ज्ञान

रोज़ की खबरों पर कितनी पैनी नज़र है, आज़माएं

1. अमेरिका-ईरान समझौते के लिए राजी हो गए हैं। इस पर साइन किस शहर में होगा?
   A. लंदन B. दुबई C. जिनीवा
2. स्लोवाकिया को आजादी किस साल मिली थी?
   A. 1999 B. 1993 C. 1984
3. किस यूरोपीय देश ने 16 साल से छोटे बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाने की बात कही है?
   A. ब्रिटेन B. जर्मनी C. फ्रांस
4. किस देश की क्राउन प्रिंसेज के बेटे को रेप में सजा सुनाई गई है?
   A. फिनलैंड B. थाइलैंड C. नॉर्वे
5. फुटबॉल वर्ल्ड कप में अब तक सबसे ज्यादा गोल करने का रेकॉर्ड किस देश के नाम है?
   A. ब्राजील B. जर्मनी C. अर्जेंटीना

**कल के जवाब**

1 B. स्मिर्टोस 2 B. नीस 3 C. लखनऊ 4 A. नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी 5 C. मार्क कार्नी

**लकी विनर्स**



1. मृदुला गर्ग, नई दिल्ली
2. नरेंद्र सिंह, नई दिल्ली
3. मनोज कुमार मेहरा, गाजियाबाद

**ऐसे भेजें अपने जवाब**

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर में ही हैं।

## यूक्रेन: रूस के हमले में 11 मौतें

■ एपी, कीव

**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने यूक्रेन के कई शहरों पर रातभर सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलों से हमला किया। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई। UNESCO संरक्षित धार्मिक स्थल कीव-पेचेर्स्क लावरा को भी नुकसान पहुंचा।

जेलेंस्की ने 'एक्स' पर लिखा, 'रूस इस तरह दुनिया को युद्ध जारी रखने का अपना इरादा दिखा रहा है।' रूसी हमलों में पूरे यूक्रेन में 11 नागरिकों और सेवा कर्मियों की मौत हो गई। घायलों में बच्चे भी शामिल हैं।

AFP



ऐतिहासिक धरोहर को भी नुकसान।

## 'क्राउन प्रिंसेस' के बेटे को रेप में सज़ा

■ **एपी, ओस्लो:** नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेट मेरिट के सबसे बड़े बेटे मेरियस बोर्ग होइबी को रेप के मामले में दोषी साबित होने के बाद सोमवार को 4 साल कैद की सजा सुनाई गई। क्राउन प्रिंसेस किसी महारानी की उत्तराधिकारी को कहा जाता है।

**दोषी साबित होने के बाद चार साल कैद की सजा मिली**

## ब्रिटेन: 16 साल से छोटे बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन

■ पीटीआई, लंदन

**ब्रिटेन में** 16 साल से कम उम्र के सभी बच्चों के लिए सोशल मीडिया ऐप के इस्तेमाल पर रोक लगाई जाएगी। पीएम कीर स्टार्मर ने सोमवार को कहा कि बच्चों की भलाई और सुरक्षा के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक पीएम और छोटे बच्चों के पिता के तौर पर उनका यह फैसला ठीक है। स्टार्मर ने माना कि टेक्नॉलजी कंपनियों पर इस तरह की रोक लगाना आसान नहीं होगा, लेकिन बच्चों की सेहत और भलाई सबसे ज्यादा जरूरी है।



कीर स्टार्मर







**FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com Authorised Main Dealers: EAST DELHI**: **BINSAR TVS**: Durgapuri: 9821271880 Khajuri: 9821258420 Sonia Vihar: 9821260573 Mandoli Extn.: 9821260735 Sherpur Chowk: 8527348216 Zero Pusta, Shastri Park: 9821267418 **Bajwa TVS**: Krishna Nagar: 8527320253 Geeta Colony: 8527320841 **SD TVS:** Dilshad Garden: 9821272498 Main pusta road, Gandhi Nagar: 9821268264 **G. K. TVS**: Laxmi Nagar: 9821271831 Mayur Vihar Phase-3: 6366448953 Madhu Vihar: 9821259935 New Ashok Nagar: 6366448954 NORTH DELHI: **MCR TVS:** Saraswati Vihar: 9821266109 Mangolpuri: 9821275868 Ranibagh: 9821274695 Narela: 9821275636 Kirari: 9821274603 Bawana: 9821276084 Karala: 9821276104 **Sabharwal TVS**: Rithala: 9821259732 Budh Vihar: 9821259748 **MOISSANITE TVS**, Azadpur: 7600260222 Skyline TVS: Jahangir Puri: 9218039220 **Balaji TVS**, Samaypur Badli: 9312001120 Burari: 9218024668. **SOUTH DELHI: OM TVS**: Lajpat Nagar: 9821272463 Okhla Industrial Area Phase: 9821261765 Badarpur, Jaitpur: 9821263038 Pulpraladpur: 9821264982 Shine Bagh: 9821266451 **Ahinsha TVS**: Khanpur: 9821271221 Adchini: 9821268018 Aaya Nagar: 9821267931 Chhatarpur: 9821268194 Mahipalpur: 9821269602 Main railway road: 9311299301 **RIDE TVS**: Bikaji Cama Place: 011 41706608/ 9582890607 **K K TVS**: Kapashera: 9821261661 CENTRAL DELHI: Balaji TVS: Shastri Nagar: 9821271672 Roshanara Road: 9870326061 Shahzadabagh: 6366448959 **Sabharwal TVS**: Karol Bagh: 9821258099 Tilak Nagar: 8527129911 **YM TVS**: Dariyaganj: 9999388189 YM TVS Malkaganj: 9319391003. **WEST DELHI:** Subhash Nagar: 9821276304 Nawada: 9821276377 Dabri More: 9821254451 Outer Ring Road, Vikas Puri: 9821255645 **Dynamic TVS**: Dwarka: 9821271426 Palam: 9870327342 Ramphal Chowk: Sec-7: 9870327413 Uttam Nagar: 9870327453 **K K TVS**: Nangloi: 9821271618 Vikas Nagar: Ranhola: 9821258480 Tikri Kalan: 9821259539 Chanchal Park: 6366448946 **Akhand TVS**: Najafgarh: 8506999405 **Sabharwal TVS**: Peeragarhi: 9821271826 Rama Road: 9870328586 Raja Garden: 9821259328 **OM TVS**, Neelam Bata Road: Faridabad: 8928858523 **YM Dabri**: 7303114666. **Faridabad**: Sohan TVS, NIT: 9211551530. Uttam TVS, Near DPS School, Old Faridabad: 9560086699. Shivram TVS, Neelam Bata Road: 8928858523. Royal TVS: NIT-5: 9870192424, 9355111370. **Ballabhgarh**: Royal TVS, Sec. 5, Ph: 9870192424, 9899242536. **Gurugram**: Choudhary TVS, Old Delhi Road: 8929592511. Simran TVS, Opp. Maruti Udyog Limited, Old Delhi Road: 8743818888. Simran TVS, Sec. 10A, Khandsa Road: 8743042042. B.D. TVS, Sector 66, Sohna Road, Badshahpur: 9717061545, 9958059545. Ahinsha TVS, Main Railway Road: 9311299301. Hayatpur: 9355036372, 9319965702 Palwal: Vardhman TVS: 8929592514. Sri Bhagwan Automobiles Pvt Ltd, Basai Road, 8652876426, Wazirabad: 9821269360, 8929612365.

# JOIN OUR PAID SERVICE – 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## Full Package : All in One Plan

**The Hindu Plan**

- (Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99
- (Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349
- (Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

*Special Offer*

**You will Get**

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



## The Hindu, BL, IE, NIE Plan

**The Hindu Plan**

- (Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69
- (Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269
- (Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

*Special Offer*

**You will Get**

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW